मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 173 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

मंगलवार, 15 फरवरी 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा मंत्री ने पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, एजेंसी ।केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीन साल पहले 14 फरवरी को पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को सोमवार को श्रद्धांजलि दी। सिंह ने ट्वीट किया, पुलवामा में 2019 में मारे गए सीआरपीएफ के बहादुर जवानों के बलिदान को यह देश कभी नहीं भूलेगा। उनके प्रति मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।' पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों द्वारा पुलवामा में किए गए हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। इसके जवाब में भारतीय वायु सेना ने 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाते हुए एक हवाई हमला किया था।

### पीएम मोदी ने पीएसएलवी सी52 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को दी बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के अंतरिक्ष प्रोग्राम के तहत पीएसएलवी सी52 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को बधाई दी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2022 के अपने पहले प्रक्षेपण अभियान के तहत धरती पर नजर रखने वाले उपग्रह ईओएस-04 और दो छोटे उपग्रहों को पीएसएलवी-सी 52 के जरिए सोमवार को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर दिया। इसरो ने इसे 'अद्भुत उपलब्धि' बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, ह्यपीएसएलवी सी52 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को बधाई। ईओएस-04 उपग्रह कृषि, वानिकी और पौधारोपण, मिट्टी की नमी और जल विज्ञान के साथ ही बाढ़ मानचित्रण के लिए सभी मौसम स्थितियों में उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें प्रदान करेगा।'

### प्रौद्योगिकी से भारत के दूर-दराज अंचल में समृद्धि ले जाने में बड़ी भूमिका : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रौद्योगिकी को लेकर आशांवित है और उन्होंने कहा कि भारत के दूर-दराज के कोने-कोने में समृद्धि ले जाने में बड़ी भूमिका निभा सकती है और टेलीमेडिसिन तथा शिक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी सुविधाओं को लोकतांत्रिक बनाने में मदद कर सकती है। गोयल ने कहा कि 'ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी)' के पीछे विचार छोटे खुदरा व्यापारियों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, 'बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियां देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही हैं और इसी तरह अपना रास्ता बना रही हैं। इसमें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन क्या छोटे खुदरा व्यापारियों को खत्म होने दिया जाए जैसा कि पश्चिमी दुनिया में हुआ है। क्या हमें आजीविका को नहीं बचाना चाहिए?'

## याद रखिए, जो हर चुनाव में अपने साथी बदल देते हैं, वे किसी भी सूरत में आपका साथ नहीं देंगे : मोदी

कानपुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण के मतदान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर देहात में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यह निर्णायक समय है। आपको सोच-समझकर मतदान करना है। आपकी प्राथमिकता जाति-धर्म या क्षेत्रवाद नहीं होना चाहिए, आपको देश के लिए प्रतिबद्ध राजनेता को आगे बढ़ाने के लिए मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानपुर का यह क्षेत्र सामाजिक चेतना के स्तर पर बहुत सक्रिय है। इस इलाके ने देश को अनेक तरह से बहुमूल्य योगदान दिया है।

दिसंबर में मैं कानपुर मेट्रो का लोकार्पण करने के लिए यहां आया था और मैंने देखा कि हजारों माताएं और बहनें मुझे आशीर्वाद देने के लिए आई थीं। उन्होंने कहा कानपुर देहात ने अपने सपूत को देश के सर्वोच्च पद पर भेजा है। मैं जब भी हमारे राष्ट्रपति जी से मिलने जाता हूं, वह मुझसे आप लोगों के बारे में इतनी बातें बताते हैं, उनके दिल में आपके लिए जो प्यार है वह उनकी बातों में दिखाई देता है।


प्रधानमंत्री मोदी ने कहा आज उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण, उत्तराखंड और गोवा में मतदान हो रहा है। मैं सभी मतदाताओं, विशेषकर पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से आग्रह करता हूं कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट करें। उन्होंने कहा मैंने गोवा के अखबार में एक इंटरव्यू देखा है। ममता बनर्जी की पार्टी के एक नेता जो गोवा में चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं उनसे पूछा गया कि गोवा में आपकी पार्टी का कोई वजूद तो है नहीं, आप यहां चुनाव लड़ने क्यों आए। उन्होंने जवाब दिया हमने तो इस पार्टी से इसलिए गठंधन किया, क्योंकि हम गोवा में हिंदू वोटों को बांटना चाहते हैं। यह सेक्युलरिज्म है क्या? आप खुलेआम हिंदू वोट बांटने की बात कर रहहे हैं तो वह किसके वोट एकत्रित करना चाहती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा यूपी में दूसरे चरण में जो ट्रेंड दिखा और पहले चरण में जो वोटिंग हुई है, उसने चार बातें बहुत साफ कर दी हैं। पहला- भाजपा की सरकार, योगी जी की सरकार फिर आ रही है। दूसरा हर जाति के लोग, हर वर्ग के लोग बिना बंटे, गांव के लोग-शहर के लोग बिना बंटे, बिना किसी भ्रम में पड़े, एकजुट होकर अपने यूपी के तेज विकास के लिए वोट कर रहे हैं। तीसरा- हमारी माताओं-बहनों-बेटियों ने भाजपा की जीत का झंडा खुद उठा लिया है। चौथा- मेरी मुस्लिम बहनें, चुपचाप, बिना किसी शोर-शराबे के, मन बनाकर मोदी को आशीर्वाद देने के लिए घर से निकल रही हैं। हमारी मुस्लिम माताएं-बहनें और बेटियां जानती हैं कि जो सुख-दुख में काम आता है, वही अपना होता है।

उन्होंने कहा इन चार बातों ने घोर परिवादी लोगों को चारों खाने चित कर दिया है। यूपी के लोगों ने इन्हें 2014 में हराया, 2017 में हराया और 2019 में फिर एक बार हराया और अब 2022 में भी घोर परिवारवादी फिर से हारेंगे। उन्होंने कहा इस बार यूपी में रंगो वाली होली 10 दिन पहले ही मनाई जाएगी। 10 मार्च को ही जब चुनाव नतीले आएंगे, धूम-धाम से रंगों वाली होली शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि हर बार यह लोग चुनाव में नए साथी लेकर आते हैं। आप इन लोगों पर विश्वास करेंगे क्या?

जो हर बार चुनाव में साथी बदल देते हैं, वो आपका साथ देंगे क्या? जो चुनाव में साथ जिएंगे साथ मरेंगे के वादे करते हैं, चुनाव समाप्त होते ही लात मार देते हैं, वो आपका भला करेंगे क्या? जो अपने साथियों पर भरोसा नहीं करते हैं वे आपका भला करेंगे क्या? उन्होंने कहा यह लोग मतदाताओं को गुमराह करते हैं और पराजय के बाद हार का ठीकरा साथी के ऊपर मढ़ देते हैं।

## जियो सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा लॉन्च, लग्जमबर्ग की एसईएस के साथ किया कंपनी का गठन



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स ने भारत में सैटेलाइट आधारित ब्रॉडबैंड सेवा बाजार में उतार दी है। जियो ने लग्जमबर्ग की कंपनी एसईएस के साथ संयुक्त उद्यम की घोषणा की है। दोनों कंपनियों ने जियो स्पेस टेक्नोलॉजीज लि. नाम से संयुक्त उद्यम गठित किया है। इस संयुक्त उद्यम में जियो प्लेफॉर्म्स की 51 प्रतिशत तथा एसईएस की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि यह संयुक्त उद्यम भारत में एसईएस की सैटेलाइट डेटा और संपर्क सेवाएं उपलब्ध कराने का जरिया होगा। हालांकि, कुछ अंतरराष्ट्रीय वैमानिकी और समुद्री ग्राहकों को एसईएस सीधे सेवाएं उपलब्ध कराएगी। बयान में कहा गया है कि इसमें एसईएस द्वारा 100 जीबीपीएस क्षमता उपलब्ध कराई जाएगी। संयुक्त उद्यम जियो की मजबूत स्थिति और बिक्री नेटवर्क के जरिये भारतीय बाजार में अवसरों का लाभ उठाएगा। जियो के निदेशक आकाश अंबानी ने कहा, ह्यहम अपने फाइबर आधारित संपर्क का विस्तार जारी रखेंगे। एसईएस के साथ संयुक्त उद्यम से मल्टीगीगाबिट ब्रॉडबैंड में वृद्धि को रफ्तार मिलेगी।

## रेलवे के लाखों कर्मचारियों को मिलेगा नाइट ड्यूटी भत्ते का तोहफा



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेल के लाखों कर्मचारियों को जल्द बड़ी खुशखबरी मिलेगी है। रेलवे द्वारा नाइट ड्यूटी भत्ते के नियमों में किए बदलाव के बाद 43,600 रुपये से ज्यादा बेसिक सैलरी वाले रेलवे कर्मियों को नहीं मिल रहा यह अलाउंस उन्हें जल्द मिलना शुरू होगा। यह मामला वित्त मंत्रालय के पास विचाराधीन है रेल मंत्रालय की तरफ से इस मुद्दे का जल्द हल निकालने की गुजारिश की गई है।सूत्रों के अनुसार, जल्द इस पर सकारात्मक फैसला होगा है।

दरअसल, रेल मंत्रालय के पूर्व के बड़े फैसले के बाद जिन कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 43,600 रुपये से ज्यादा है, उन्हें नाइट ड्यूटी अलाउंस देना बंद कर दिया गया। रेलवे के फैसले से करीब 3 लाख से अधिक रेल कर्मी प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित हुए हैं। रात्रि भत्ता आवश्यक ट्रेन चलाने वाले ड्राइवरों, उसका संचालन करने वालों और मेंटनेंस आदि स्टाफ को दिया जाता है। इस आदेश के बाद 43600 रुपये बेसिक सैलरी से ऊपर वाले रेलकर्मियों के हितों को ध्यान में रखकर रेल संगठनों ने इसकी बहाली को लेकर पुरजोर मांग भी उठाई है।

रेलवे बोर्ड के सचिव ने हाल ही में एक पत्र में कहा है कि रेल मंत्रालय की तरफ से पहले ही इस मुद्दे को उठाया गया है और इस वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के पास सहमति के लिए बोर्ड के दिनांक 9.9.2021 और 23 नवंबर 2021 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से भेज दिया गया।सचिव की तरफ से बताया गया है कि व्यय विभाग ने 16 दिसंबर 2021 के कार्यालय ज्ञापन की प्रति कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को भेज दी है। यह भी बताया कि इस मुद्दे पर डीओपीटी को एक रेफरेंस दिया गया है और डीओपीटी से जवाब का इंतजार है।

हाल ही में रेल मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा प्रदान की गई स्थिति के आलोक में मामले के शीघ्र समाधान के लिए बीते 4 जनवरी 2022 को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को लैटर भेजकर अनुरोध किया है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, जल्द इस बारे में फैसला लिया जा सकता है और नाइट ड्यूटी अलाउंस जारी करने को लेकर आदेश जारी किया जा सकता है। एक उच्च पदस्थ आधिकारिक सूत्र ने बताया कि इस मामले को लेकर रेल कर्मियों और उनके संगठनों का मंत्रालय पर काफी दबाव है, लिहाजा रेलवे बोर्ड वित्त मंत्रालय से इस पर जल्द फैसला लेने को लेकर संपर्क में है।जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी किए जा सकते हैं।

## शहीदों का बलिदान नहीं जाएगा बेकार हम लेके रहेंगे जवाब: राहुल गांधी



जम्मू, एजेंसी। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए हमले की तीसरी बरसी के मौके पर शहीद वीर सपूतों को देशभर में श्रद्धांजलि दी जा रही है। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शहीदों को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान बेकार नहीं जाएगा। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि पुलवामा के शहीदों को हम कभी भुला नहीं सकते। उनका व उनके परिवारों का बलिदान बेकार नहीं जाएगा- हम जवाब लेके रहेंगे। जबकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वीर जवानों को याद करते हुए कहा कि उनकी बहादुरी और बलिदान भारत को मजबूत और समृद्ध भारत की ओर अग्रसर करता रहेगा। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा- मैं 2019 में आज के दिन पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं।इसके साथ ही, देश की सेवा को लेकर उन्हें याद किया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पुलवामा हमले के शरीदों को याद करते हुए कहा देश आपका सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा- पुलवामा के कायरतापूर्ण आतंकी हमले में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर देश की संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने वाले सीआरपीएफ के बहादुर जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देता हूँ। देश आपके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। आपकी वीरता हमें आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने हेतु निरंतर प्रेरित करती रहेगी। जबकि, बीजेपी अध्यक्ष जेबी नड्डा ने इस मौके पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा- पुलवामा में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में देश की रक्षार्थ अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले अमर वीर जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि। देश आपके बलिदान को ना भुला है और ना कभी भूलेगा। देश के प्रति आपकी निष्ठा और समर्पण हमें सदैव आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने को प्रेरित करेगा। लवामा में 14 फरवरी 2019 को एक आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोट में उड़ा दी गई बस के चालक जयमल सिंह को उस दिन गाड़ी नहीं चलानी थी और वह किसी अन्य सहकर्मी के स्थान पर आए थे। एक नयी किताब में यह कहा गया है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी दानेश राणा वर्तमान में जम्मू कश्मीर में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हैं। उन्होंने पुलवामा हमले से जुड़ी घटनाओं पर एज फॉर एज दी सैफ्रन फील्ड नामक किताब लिखी है जिसमें हमले के पीछे की साजिश का जिक्र किया गया है। हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। साजिशकताओं के साथ व्यक्तिगत साक्षात्कार, पुलिस के आरोप पत्र और अन्य सबूतों के आधार पर राणा ने कश्मीर में आतंकवाद के आधुनिक चेहरे को रेखांकित करते हुए 14 फरवरी 2019 की घटनाओं के क्रम को याद करते हुए लिखा है कि कैसे काफिले में यात्रा कर रहे सीआरपीएफ के जवान रिपोर्टिंग समय से पूर्व, भोर होने से पहले ही आने लगे। नियम के अनुसार, अन्य चालकों के साथ पहुंचने वाले अंतिम लोगों में हेड कांस्टेबल जयमल सिंह शामिल थे। ड्राइवर हमेशा सबसे अंतिम में रिपोर्ट करते हैं। उन्हें नींद लेने के लिए अतिरिक्त आधे घंटे की अनुमति है क्योंकि उन्हें कठिन यात्रा करनी पड़ती है। राणा ने लिखा है, 'जयमल सिंह को उस दिन गाड़ी नहीं चलानी थी, वह दूसरे सहयोगी के स्थान पर आए थे।

## बीजेपी प्रत्याशी पर हमले के बाद कांग्रेस पर हमला हार के डर से दिख रही हताशा : अमरिंदर सिंह



लुधियाना, एजेंसी। पंजाब के गिल विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार और पूर्व आईएएस सुच्चा राम लाढर की कार पर रविवार शाम को अज्ञात लोगों के हमले पर राजनीति तेज हो गई है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने इसे अस्वीकार्य बताते हुए ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, ऐसी हिंसा पंजाब में कभी नहीं सुनी गई। यह अस्वीकार्य है और कांग्रेस सरकार की सहमति पर इसे अंजाम दिया गया है। यह हार के डर से उनकी हताशा दिखा रहा है। दरअसल रविवार शाम को बीजेपी उम्मीदवार सुच्चा राम लाढर हमले में घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीजेपी प्रत्याशी पर हमला तब हुआ, जब वह लुधियाना जिला स्थित अपने निर्वाचन क्षेत्र के एक गांव से चुनाव प्रचार कर लौट रहे थे। इलाके के एक पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि लाढर की कार पर कुछ लोगों ने ईंटों से हमला किया जिससे वह घायल हो गए। उन्होंने बताया कि लाढर को लुधियाना के सिविल अस्पतल ले जाया गया जहां पर उनकी हालत स्थिर है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले की आगे की जांच चल रही है। लाढर रिटायर्ड आईएएस हैं और पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में लुधियाना की गिल सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले वह दिन में लुधियाना में आयोजित बीजेपी की चुनावी रैली में शामिल हुए थे, जिसे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संबोधित किया था। पंजाब की सभी 117 सीटों पर 20 फरवरी को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती 10 मार्च को होगी।

## पीएम की सुरक्षा पर राजनीति ठीक नहीं, आप की सरकार बनने पर ही होगा पंजाब का विकास : केजरीवाल



चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। इसी बीच आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कांग्रेस, भाजपा, शिअद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस बार सभी लोगों को एकत्रित होकर इन तमाम पार्टियों को पराजित करना होगा। आप की सरकार बनने पर ही राज्य का ठीक-ठीक विकास होगा।

दिल्ली से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा चुनाव के 3-4 दिन बाकी बचे हैं, अब दारू और पैसा बांटने का दौर शुरू हो गया है। इस बार आप फिसल मत जाना। इस बार पंजाब बचाना है। केजरीवाल ने कहा कि 70 साल में भाजपाईयों को भाजपा ने, कांग्रेसियों को कांग्रेस ने, अकालीदल के लोगों को भी उनकी पार्टी ने क्या दिया? किसी को कुछ नहीं मिला। इसी बीच केजरीवाल ने चरणजीत सिंह चन्नी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सुबह से शाम तक सिर्फ मुझे गालियां देने में लगे हैं और आज-कल तो वह रात में ठीक से सो भी नहीं पा रहे हैं।

सीएम केजरीवाल ने कहा कि उनके सपने में मैं भूत की तरह आता हूं और वो डर कर उठ जाते हैं। जितने भी पंजाब को लूटने वाले लोग हैं उनके सपने में मैं आ रहा हूं। मुझे लगता है कि चन्नी साहब सो नहीं पा रहे हैं तभी वो बेतुके बयान दे रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा प्रधानमंत्री की सुरक्षा पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में जो घटनाए घटी हैं उससे एक बड़ा प्रश्न उठ रहा है कि क्या कांग्रेस पंजाब के लोगों को सुरक्षा दे सकती है ? एक तरफ आम पंजाबी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ बेअदबी के कई मामले हुए हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक हुई। प्रधानमंत्री की सुरक्षा देश की सुरक्षा है उसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। ऐसे में दोनों तरफ से राजनीति हुई। आम आदमी पार्टी देश की सुरक्षा पर राजनीति नहीं करती है।

## जेल में बंद पांच लाख कैदियों में 75 फीसदी विचाराधीन कैदी



नई दिल्ली, एजेंसी। देश की जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या में 2020 में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। स्थिति यह है कि जेल में बंद करीब 5 लाख कैदियों में 75 फीसदी कैदी विचाराधीन हैं। यह जेल में बंद कैदियों की संख्या तीन-चौथाई से अधिक थी जो कम से कम एक दशक में सबसे अधिक अनुपात था। ऐसे में करीब तीन लाख से अधिक कैदी अदालत से फैसले आने का इंतजार कर रहे हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2015 से देश की जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की संख्या में 30 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। जबकि कैदियों के दोष सिद्ध होने की संख्या में 15 फीसदी की कमी आई है। हालांकि, जमानत पर रिहा किए जाने के कारण सन 2020 में 2019 की तुलना में विचाराधीन कैदियों की संख्या में 2.6 लाख की कमी आई है। हालांकि, अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पैटर्न है। इसकी वजह जेलों में सुनवाई के लिए कई संगठित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं हैं।

कैदियों की कुल संख्या में दोषी साबित होने वाले कैदियों की संख्या में कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप विचाराधीन कैदियों का अनुपात बढ़ रहा है। ये तथ्य एनसीआरबी की तरफ से दिए गए और इंडिया जस्टिस रिपोर्ट की तरफ से विश्लेषण किए गए आंकड़ों से सामने आए हैं। विचाराधीन कैदियों के अनुपात में सबसे अधिक वृद्धि पंजाब में हुई। यहां यह 2019 में 66 फीसदी से बढ़कर 2020 में 85 फीसदी हो गया। इसके बाद हरियाणा, जहां यह अनुपात 64 फीसदी से बढ़कर 82 फीसदी हो गया। मध्य प्रदेश में विचाराधीन कैदियों की संख्या 54 फीसदी से बढ़कर लगभग 70 फीसदी हो गई।

छत्तीसगढ़ में विचाराधीन कैदियों के अनुपात में 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि देखी गई है। मध्य प्रदेश को छोड़कर, अन्य तीन राज्यों में दोषियों की रिहाई के कारण जेल में बंद कुल कैदियों की संख्या में कमी देखी गई है। पंजाब के मामले में, 2019 की तुलना में 2020 में विचाराधीन कैदियों की पूर्ण संख्या कम होने के बावजूद अनुपात बढ़ गया है। दिल्ली में भी, जहां विचाराधीन कैदियों की संख्या 82 फीसदी से बढ़कर 91 फीसदी हो गई। इससे यह राज्य में विचाराधीन कैदियों के सबसे अधिक अनुपात वाला राज्य बन गया।

उदाहरण के लिए, बिहार में जेल में बंद कैदियों की संख्या में 12,120 की बढ़ोतरी हुई। इनमें से अधिकांश विचाराधीन कैदी हैं। यूपी, झारखंड, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भी यही स्थिति थी। 2019 में, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों का संयुक्त विचाराधीन अनुपात 83.4 फीसदी था, जो देश में सबसे अधिक था। यह 2020 में बढ़कर 90.5 फीसदी हो गया। तमिलनाडु में जेल में बंद कैदियों में से सिर्फ 61 फीसदी ही विचाराधीन कैदी हैं। यह पहले से ही सबसे कम है।

देश में तेलंगाना (64.5 फीसदी) के साथ केवल दो राज्यों में से एक था, जिसने विचाराधीन कैदियों के अनुपात और संख्या में कमी देखी। केरल में 2020 में विचाराधीन कैदियों का अनुपात सबसे कम था। यह कुल कैदियों का केवल 59 फीसदी था। लगभग सभी राज्यों ने कोविड प्रतिबंधों के कारण मेडिकल देखभाल के लिए अदालती यात्राओं के साथ-साथ यात्राओं की संख्या में महत्वपूर्ण गिरावट हुई।

# वैवाहिक साइटों द्वारा ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार : ईशा पांडे, आईपीएस

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता



नई दिल्ली। 10.02.22 को साइबर थाने में राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से वैवाहिक धोखाधड़ी के संबंध में एक शिकायत प्राप्त हुई जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उससे रुपये की ठगी की गई है। 60,000/- एक ऐसे व्यक्ति द्वारा कस्टम क्लीयरेंस का भुगतान करने के बहाने जो खुद को एक विदेशी के रूप में बताता है जो उससे शादी करने के लिए तैयार था। इसके अलावा, उसने खुलासा किया कि वह उससे jeevansathi.com वैवाहिक साइट पर मिली थी। दोनों आपस में बातें करने लगे। एक दिन, उसे अपने दोस्त का फोन आया कि वह उससे मिलने आ रहा है, लेकिन वह छत्रपति शिवाजी टर्मिनल पर फंस गया है क्योंकि उसके पास 50 लाख रुपये का पार्सल ले जाने के लिए कस्टम ड्यूटी के रूप में भुगतान करने के लिए भारतीय मुद्रा नहीं है। उसे पार्सल को छोड़ने के बहाने 60000/- रुपये देने के लिए कहा गया। शिकायतकर्ता ने उस राशि का भुगतान किया लेकिन बदले में कुछ भी नहीं मिला। उसने अपने दोस्त से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उसने अपना फोन बंद कर दिया और तब से उससे कोई संपर्क नहीं किया। तदनुसार, साइबर पुलिस थाने में प्राथमिकी संख्या 13/2022 एस/एस 420 आईपीसी दर्ज की गई और मामले की जांच की गई। अपराधी को पकड़ने के लिए अपराध की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर संदीप पंवार / एसएचओ साइबर पुलिस स्टेशन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था जिसमें सब इंस्पेक्टर अश्विनी गोस्वामी, सब इंस्पेक्टर मंजूर आलम, सहायक सब इंस्पेक्टर देशराज, हेड कांस्टेबल सतेंद्र, हेड कांस्टेबल दीपक और कांस्टेबल उपेंद्र शामिल थे। टीम ने उस बैंक खाते के ब्योरे का विश्लेषण किया जिसमें पैसा ट्रांसफर किया जा रहा था। काफी देर तक तकनीकी निगरानी के बाद टीम को पता चला कि पैसा मणिपुर शाखा के एक बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया गया है। खाताधारक का नाम हुइड्रोम प्रेमजीत सिंह पुत्र हुइड्रोम देवन सिंह निवासी युमनाम हुइड्रोम, वांगोई, इंफाल पश्चिम, मणिपुर के रूप में जाना जाने लगा। पुलिस टीम ने उनके आवास पर छापा मारा लेकिन वह फरार हो गया। स्थानीय खुफिया जानकारी से टीम को पता चला कि वह दिल्ली के वसंत कुंज का रहने वाला है। वसंत कुंज में आरोपी व्यक्ति की सघन तलाशी अभियान चलाया गया। अंततः पुलिस टीम की मेहनत रंग लाई और आरोपी व्यक्ति को किशनगढ़, वसंत कुंज से गिरफ्तार कर लिया गया। लगातार पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि उसने नोएडा में रहने वाले एक व्यक्ति को एटीएम कार्ड दिया था।उसके कहने पर , एक नाइजीरियाई नागरिक हैप्पी जेम्स ओखोमिना पुत्र ओखोमिना क्रिस एंड्रयू निवासी ई-2 टॉवर, सुपरटेक, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश को उनके आवास पर एक सावधानीपूर्वक छापे के बाद गिरफ्तार किया गया था। ईशा पांडे, आईपीएस उपायुक्त पुलिस दक्षिण पूर्व जिला ने विशेष संवाददाता विजय गौड़ को बताया कि उसकी गिरफ्तारी के साथ ही उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। लगातार पूछताछ करने पर, आरोपी हैप्पी ने खुलासा किया कि वह एक शानदार जीवन शैली जीना चाहता था, लेकिन उसे अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर साधन नहीं मिल सका। तो, उसने ह्युइड्रोम प्रेमजीत के साथ वैवाहिक साइटों पर लोगों को ठगना शुरू कर दिया। उपायुक्त पुलिस ईशा पांडे ने यह भी बताया कि आरोपी हुइड्रोम प्रेमजीत सिंह पुत्र हुइड्रोम देवन सिंह निवासी युमनाम हुइड्रोम, वांगोई, इंफाल पश्चिम, मणिपुर ने 12वीं तक पढ़ाई की है। उसके खिलाफ कोई पिछली संलिप्तता नहीं पाई गई है। दूसरे आरोपी हैप्पी जेम्स ओखोमिना पुत्र ओखोमिना क्रिस एंड्रयू निवासी फ्लैट नं। 603, छठी मंजिल, ई-2 टॉवर, सुपरटेक, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश ने स्नातक की पढ़ाई की है। उसके खिलाफ कोई पिछली संलिप्तता नहीं पाई गई है।

# 70 लाख की लागत से पानी की पाईप व सीवर लाईन का नवीनीकरण



» जावेद खान, मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के पश्चिम विहार में पिछले कई सालों से स्थानीय जनता को गंदे पानी और सीवर की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसका संज्ञान आम आदमी पार्टी से स्थानीय विधायक डॉ सत्येंद्र जैन जी द्वारा लिया गया। पश्चिम विहार के निवासियों को राहत देते हुए पानी की पाईप लाईन व सीवर लाइन का पुनःनिर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पश्चिम विहार बी-2 में पानी व सीवर लाईन का नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वार्ड 67 ठ की संगठन मंत्री शालू दुग्गल, वार्ड अध्यक्ष सुरेश चंद जैन, वार्ड उपाध्यक्ष सत्यवीर बजाज, मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र महावर, मण्डल संगठन मंत्री सपना अनेजा सहित मण्डल के सभी कार्यकारिणी सदस्य व कार्यकताओं के नेतृत्व में पानी की पाईप लाईन व सीवर लाईन का नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। इस कार्य का उद्घाटन स्थानीय जनता ने नारियल फोड़कर व गायत्री मंत्र जाप से किया। इस अवसर पर स्थानीय जनता ने आम आदमी पार्टी की कर्मठ नेता शालू दुग्गल का स्वागत किया और आने वाले नगर निगम के चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी का समर्थन करने की बात कही और विधायक डॉ सत्येंद्र जैन का आभार प्रकट किया। आम आदमी पार्टी की मण्डल संगठन मंत्री व नेता शालू दुग्गल ने कहा कि 70 लाख की लागत से पश्चिम विहार की पानी व सीवर लाईन का नवीनीकरण कार्य किया जा रहा हैं। जिससे आम जनता को रोहत मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊप्पल सोसायटी व नआईपीसीए ककम्पनी के सहयोग से घरों में काम करने वाली महिलाओ ( कामवाली बाई) के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया

सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, गुरुग्राम। आज उप्पल साउथएंड सॉसायटी की RWA ने IPCA कम्पनी के सहयोग से घरों में काम करने वाली महिलाओ ( कामवाली बाई) के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया ,जिसमें कामवाली बाई आपने काम को ओर किस तरह सफाई, स्वच्छता व निपुणता से करे, इस कार्यशाला के उपरांत सभी प्रतिभागियों को सर्टिफि केट व रासन दिया गया जिसमें लगभग 300 घरेलू कामवाली बायीयो ने भाग लिया व इस कार्यशाला में COVID-19 से बचाव के नियमो का पालन भी किया गया। RWA प्रधान राजेश खटाना के अनुसार यह पूरा प्रशिक्षण नि शुल्क था व उत्तम कार्य निपुणता को समर्पित था , जिसमें बिजेंडेर चौहान जी , मुकेश बंसल जी, अर्चना पाठक जी , रेणु सिंह जी , शिपर शर्मा जी , अनिता मित्तल जी व सॉसायटी के काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे व भविष्य में भी इस तहर की कार्यशालाओ का आयोजन होता रहेंगे।

### दिल्ली में सोमवार को कोरोना के 586 नए केस दर्ज किए गए



नई दिल्ली, एजेंसी। देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को कोरोना के 586 नए केस दर्ज किए गए जबकि कोराना संक्रमण के कारण इस दौरान चार लोगों की मौत हुई। दिल्ली में इस समय कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 3416 है, पिछले 24 घंटों के दौरान 1,092 मरीज रिकवर हुए। बीते 24 घंटों की बात करें तो इस दौरान दिल्ली में 42797 टेस्ट किए गए। यहां कोविड पॉजिटिविटी रेट इस समय 1.37 प्रतिशत है ।रविवार को दिल्ली में कोरोना के 804 नए मामले सामने आए थे जबकि वायरस से 12 लोगों की मौत हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना संक्रमण के कारण अब तक 26076 लोगों की मौत हो चुकी है।

### पीएम मोदी ने पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2019 में आज ही के दिन हुये पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र के प्रति उनकी अभूतपूर्व सेवाओं को स्मरण किया। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा है कि 'मैं वर्ष 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में शहीद होने वाले सभी बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और हमारे राष्ट्र के प्रति उनकी अभूतपूर्व सेवा को स्मरण करता हूं। उनका शौर्य और उनका सर्वोच्च बलिदान देश को मजबूत और समृद्ध बनाने की दिशा में काम करने के लिये हर भारतीय को प्रेरणा देता है।'

# आजादी के बाद अगर गरीबों की सही चिंता किसी ने की है तो वह मोदी सरकार है:आदेश गुप्ता



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि आजादी के 70 सालों के बाद भी अगर गरीबों की सही चिंता किसी ने की है तो वह केंद्र की मोदी सरकार है।55 करोड़ लोग आज आयुष्मान योजना का लाभ उठा रहे हैं लेकिन यह बहुत दुख की बात है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने इस योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया नहीं तो इतनी बड़ी कोरोना संकट में गरीब एवं सामान्य वर्ग के लोगों को जो अस्पतालों में लाखों के बिल देने पड़े वह नहीं देने पड़ते। आज मादीपुर कॉलोनी में नमो सेवा केंद्र के उद्घाटन मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि पिछले सात सालों में एक भी राशन कार्ड नहीं बन पाया है। 16 लाख राशनकार्ड बनाने वालों का आवेदन लंबित पड़ा है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि आज भाजपा की केंद्र सरकार झुग्गी झोपड़ी वासियों के लिए उज्जवला योजना के तहत चूल्हा गैस सिलेंडर एवं 2 लाख रुपये तक की बीमा और रेहड़ी पटरी वालों के लिए स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपये तक का लोन दे रही है। यही नहीं मातृत्व वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना ऐसी तमाम योजनाएं हैं जिनसे जनता लाभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि भीम राव अंबेडकर का नाम सिर्फ चुनावों में वोट पाने के लिए किया जाता रहा लेकिन वास्तव में उनका किसी सरकार ने सम्मान बढ़ाने का काम किया है तो वह मोदी सरकार है। कांग्रेस कभी भी नहीं चाहती थी कि भीमराव अंबेडकर का महिमामंडन हो। कांग्रेस द्वारा महापुरुषों के नाम को दबाने की कोशिश की गई चाहे वह सरदार वल्लभ भाई पटेल हो, नेताजी सुभाष चंद्र बोस हो या फिर अन्य महापुरुष हो।

गुप्ता ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प हमेशा से ही सेवा का रहा है।केंद्र की जनकल्याणकारी योजना हो या फिर कार्यकताओं के व्यक्तिगत प्रयास हो, लोगों की मदद करना ही हमारा एकमात्र लक्ष्य रहा है और उसी संकल्प के कारण आज यह नमो सेवा केंद्र खोला जा रहा है। झुग्गीवासियों के मेहनत और प्रयास से ही दिल्ली सजती और सवरती है और उसकी खुबसूरती में चार चांद लगते है। आज नमो सेवा केंद्र के उदघाटन मौके पर प्रदेश प्रवक्ता श्री मोहन लाल गिहारा, प्रदेश मंत्री एवं पार्षद श्रीमती सुनीता कांगड़ा, प्रदेश मंत्री श्री नीरज तिवारी, जिला अध्यक्ष श्री सचिन भसीन, जिला प्रभारी श्री सतेन्द्र सिंह एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# साइरस मिस्त्री की पुनर्विचार याचिका पर सुप्रीम कोर्ट विचार करेगा



नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा बनाम साइरस मिस्त्री विवाद मामले में साइरस मिस्त्री की पुनर्विचार याचिका पर सुप्रीम कोर्ट विचार करेगा। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना, जस्टिस ए एस बोपन्ना और जस्टिस वी रामासुब्रमण्यम की बेंच मंगलवार को इस मामले पर विचार करेगी। बता दें कि साइरस इंवेस्टमेंट ने याचिका में शीर्ष अदालत के 26 मार्च 2021 के फैसले पर फिर से विचार करने की गुहार लगाई गई है जिसमें अदालत ने टाटा समूह के पक्ष में फैसला सुनाया था। नियमों के अनुसार, पुनर्विचार याचिका पर विचार चेंबर में होता है।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 26 मार्च को अपने फैसले में कहा था कि कानून के सभी सवाल टाटा के पक्ष में हैं। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि शेयरों के विवाद को लेकर दोनों पक्ष कानूनी रास्ता अपना सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि साइरस इनवेस्टमेंट्स, स्टर्लिंग इन्वेस्टमेंट्स की याचिका खारिज की जाती है। पूर्व प्रधान न्यायाधीश शरद अरविंद बोबड़े की बेंच ने ये फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने साइरस मिस्त्री को टाटा समूह के कार्यकारी चेयरमैन के पद से हटाने को सही ठहराया है।

# आम बजट को लेकर महरौली जिला भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली । महरौली जिला भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की ओर से आम बजट पर खास चर्चा के तौर पर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों की एक बैठक के. एस. एम. पब्लिक स्कूल घिटोरनी के पास संपन्न हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में दक्षिण दिल्ली के जुझारू कर्मठ सांसद रमेश बिधूड़ी ने अपने ओजस्वी विचार रखें ।इस अवसर पर अन्य गणमान्य लोगों में जगन लोहिया बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा संयोजक अक्षय कपूर, राजेश सोनी, प्रदेश प्रवक्ता अजय सहरावत, खेमचंद शर्मा, जिला संयोजक एवं आया नगर वार्ड संख्या 73 एस भाजपा के पूर्व प्रत्याशी जगदीश लोहिया महरौली जिला भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सह संयोजक युगल किशोर सिंह, महेंद्र अंबावता, जगदीश आर्य, जगनवती लोहिया संयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ आया नगर मंडल, जूली जी, संध्या गुप्ता के अलावा भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य एवं बुद्धिजीवी समाज ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए आम बजट पर चर्चा की। इस चर्चा में आम सहमति इस बात को लेकर दिखी कि केंद्र सरकार ने जो आम बजट पेश किया है उसमें समाज के सभी वर्गों, कारोबारियों, गरीबों, उद्योगपतियों नौकरीपेशा लोगों, एवं आम जनता का भरपूर ध्यान रखा गया है। एक संतुलित बजट बताते हुए उपस्थित जनों ने केंद्र सरकार की प्रशंसा की। उनका मानना है की इस संतुलित बजट से समाज के सभी वर्ग का भला होगा तथा लोगों ने स्थानीय सांसद रमेश बिधूड़ी का इस शानदार बजट के लिए साधुवाद किया।

# मेरी मां ने सुषमा जी से मिलने के बाद कहा कि बेटी का नाम सुषमा ही रखा जाएगा - मोदी



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पूर्व विदेशमंत्री स्वराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए फेसबुक पर पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा, 'अभी मैं जालंधर से रैली करके लौट रहा हूं। आज सुषमा जी की जयंती है। मुझे उनसे जुड़ा एक बहुत पुराना वाकया अचानक याद आया तो सोचा आपसे शेयर करूं।'

मोदी ने बताया, 'करीब पच्चीस साल पहले की बात होगी, जब मैं बीजेपी में संगठन का काम करता था और सुषमा जी गुजरात में चुनावी दौरे पर थीं। मेरा जो गांव है वडनगर, वहां वो गईं तो मेरी मां से भी मिलीं। उस समय हमारे परिवार में मेरे भतीजे के घर एक बेटी का जन्म हुआ था।' उन्होंने लिखा, 'ज्योतिष लोगों ने नक्षत्र देखकर उसका नाम निकाला और फिर नाम तय हुआ। घर वालों ने भी तय कर लिया था कि जैसा वो लोग कह रहे हैं, वैसा ही करेंगे।'

प्रधानमंत्री ने लिखा, 'लेकिन मेरी मां ने सुषमा जी से मिलने के बाद कहा कि बेटी का नाम सुषमा ही रखा जाएगा। मेरी मां बहुत पढ़ी-लिखी नहीं हैं, लेकिन वो विचारों से बहुत आधुनिक हैं। और उस समय उन्होंने जिस तरह सबको निर्णय सुनाया, वो भी मुझे आज तक याद है।' उन्होंने लिखा, 'आज सुषमा जी की जन्म-जयंती पर उन्हें नमन।'

# एबीजी को कर्ज संप्रग शासन के दौरान दिया गया था और खाता भी एनपीए 2013 में ही बना - वित्त मंत्री



नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि एबीजी शिपयार्ड धोखाधड़ी का पता लगाने में लगने वाला समय सामान्य से कम ही है। सीतारमण ने कहा कि एबीजी को कर्ज कांग्रेस-नीत संप्रग शासन के दौरान दिया गया था और खाता भी एनपीए 2013 में ही बन गया था। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों ने कंपनी को बांटे गए कर्ज का पुनर्गठन मार्च 2014 में किया था लेकिन इसकी वसूली नहीं हो सकी। वित्तमंत्री ने यह बात गुजरात की कंपनी एबीजी शिपयार्ड के 22,842 करोड़ रुपये के कर्ज धोखाधड़ी मामले में पहली रिपोर्ट दर्ज करने में पांच साल का समय लगने का बचाव करते हुए कही।

कांग्रेस ने एबीजी शिपयार्ड के 22,842 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी मामले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि यह धोखाधड़ी कैसे हुई है और वह इस पर 'चुप' क्यों हैं। पार्टी ने इसे 'देश की सबसे बड़ी बैंक धोखाधड़ी' बताया है। एबीजी शिपयार्ड का घोटाला नीरव मोदी और मेहुल चौकसी द्वारा पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ किए गए 14,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले से भी बड़ा है।

सीतारमण ने भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के निदेशकों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'इस मामले में बैंकों को श्रेय मिलेगा। उन्होंने इस तरह की धोखाधड़ी को पकड़ने के लिए औसत से कम समय लिया।' वित्त मंत्री ने कहा कि आमतौर पर बैंक इस तरह के मामलों को पकड़ने और उपयुक्त कार्रवाई का निर्णय करने में 52 से 54 माह का समय लेते हैं और उसके बाद आगे की कार्रवाई करते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस मामले में बैंकों को श्रेय दूंगी। उन्होंने इस प्रकार की धोखाधड़ी का पता लगाने में औसत से कम समय लिया...'

सीबीआई ने देश के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड और उसके पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला आईसीआईसीआई बैंक की अगुआई में करीब दो दर्जन बैंकों के गठजोड़ के साथ धोखाधड़ी के लिए दर्ज किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा, 'मैं आरबीआई परिसर में बैठी हूं। इसीलिए मैं राजनीति पर बहुत ज्यादा बात नहीं करूंगी। लेकिन मुझे अफसोस है कि इस प्रकार की बातें आ रही हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का सबसे बड़ा घोटाला है। यह बिल्कुल गलत है। यह कर्ज 2013 से पहले दिया गया था और यह एनपीए 2013 में ही बना....'

उन्होंने कहा, 'वे शोर कर रहे हैं, लेकिन इस बात को नहीं देख रहे कि जिस समय यह हुआ, उस समय संप्रग की सरकार थी। हमने धोखाधड़ी का पता लगाने में कम समय लिया। अन्य बड़े मामलों की तरह इसमें भी कार्रवाई की जा रही है।'

# धर्म गुरुओं ने लिया वन टाइम अपराधियों का परामर्श सत्र : एक सकारात्मक सोच




नई दिल्ली। उत्तर जिला पुलिस अपराध के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर ईमानदारी से काम कर रही है और अपराध पर अंकुश लगाने और उत्तरी जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए हर कदम उठा रही है। अपराध, अपराध विज्ञान और उसके पीछे के कारकों के विस्तृत अध्ययन में, यह महसूस किया गया कि उत्तर जिला पुलिस के नए शुरू किए गए ऑपरेशन ह्लपारसह्व में ह्लएकमुश्त अपराधियोंह्व के पुनर्वास के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है ताकि वे कर सकें अपराध की दुनिया में पीछे मुड़कर न देखें और जीने के लिए एक बेहतर सामाजिक वातावरण बनाने में योगदान करने का प्रयास करें। ऑपरेशन ह्लपारसह्व के पीछे का उद्देश्य यह है कि हमें उन्हें अपराधों / असामाजिक गतिविधियों से दूर करने और उन्हें सम्मान के साथ अपना जीवन जीने में सक्षम बनाकर समाज की मुख्यधारा में वापस लाने की आवश्यकता है। ऑपरेशन ह्लपारसह्व के तहत उत्तर जिला पुलिस ने परामर्श सत्रों का आयोजन किया, जबकि हमारे समाज के प्रमुख धर्मों के प्रमुख धर्म गुरुओं को ह्लएकमुश्त अपराधियों / अपराधियोंह्व को प्रेरित करने और पुनर्वास के लिए आमंत्रित किया। इस दिशा में, अपराधियों के पुलिस डेटा का विस्तृत अध्ययन और विश्लेषण किया गया और 131 वन टाइम अपराधियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। उत्तर जिला पुलिस टीम द्वारा प्रत्येक व्यक्ति से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया गया और उनसे उनके भविष्य के दृष्टिकोण के बारे में पूछताछ की गई। उनमें से अधिकांश ने हमारे समाज की मुख्यधारा में फिर से शामिल होकर एक सामान्य जीवन जीने की इच्छा दिखाई और फिर से आपराधिक दुनिया के जाल में फंसने का इरादा नहीं किया।ऑपरेशन ह्लपारसह्व के पहले चरण में, डीसीपी / उत्तरी जिला, सिविल लाइंस, दिल्ली के कार्यालय परिसर में 50 इच्छुक और शॉर्टलिस्ट किए गए अपराधियों के लिए एक परामर्श सत्र आयोजित किया गया था। प्रेरक कार्यक्रम अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया और इसमें प्रमुख धर्म गुरु श्री सत्य प्रकाश शुक्ल, (गौरी शंकर मंदिर, चांदनी चौक के पुजारी), भाई हरनाम सिंह जी (प्रमुख ग्रंथी, गुरुद्वारा सीस गंज साहिब जी, चांदनी) शामिल हुए। चौक), मो. कौसर (शाहजादा बाग मस्जिद, इंद्रलोक) और श्री रेव सोलोमन डेविड (उत्तर भारत के बैपटिस्ट यूनियन में सचिव)।कार्यक्रम के दौरान, धर्म गुरुओं ने प्रतिभागियों को धार्मिक महाकाव्यों और देवताओं और अवतारों सहित पवित्र संतों के जीवन से प्रेरक और प्रेरणादायक कहावतों से प्रेरित किया। सागर सिंह कलसी, आईपीएस, डीसीपी/उत्तरी जिले ने भी दिल्ली पुलिस उत्तर जिला टीम द्वारा की गई सकारात्मक पहल का अधिकतम लाभ उठाने और उनके जीवन में सकारात्मकता की एक नई किरण लाने के लिए प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। सभी 50 प्रतिभागियों ने यह भी शपथ ली कि ह्लहर तरह से, यह उनकी पहली हो सकती है लेकिन आखिरी गलती है। वे कभी भी अपराध की दुनिया में नहीं लौटेंगे और सामाजिक गरिमा के साथ जीवन जीने की पूरी कोशिश करेंगे।ह्व सागर सिंह कलसी, आईपीएस, डीसीपी/उत्तरी जिला ने विशेष संवाददाता विजय गौड़ को बताया कि ऑपरेशन के दूसरे चरण में, चयनित प्रतिभागियों को ह्लबेसिक कंप्यूटर कोर्स जिसमें हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर, एमएस ऑफिस और हिंदी अंग्रेजी टाइपिंग का परिचय हैह्व, एसी/फ्रिज की मरम्मत, एलएमवी का मुफ्त ड्राइविंग कोर्स (दोनों दो) में मुफ्त व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। व्हीलर और फोर व्हीलर) और उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस आदि जारी करने में मदद करें। ऑपरेशन के अगले चरण में, उत्तरी जिला पुलिस प्रख्यात नियोक्ता एजेंसियों के साथ समन्वय करेगी और नौकरी किराया आयोजित करके उन्हें प्लेसमेंट / रोजगार दिलाने का प्रयास करेगी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस | 03
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 फरवरी 2022

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी सिकंदराराऊ में आज



मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ यूपी विधानसभा चुनाव की शुरूआत हो चुकी है। चुनाव का पहला चरण सम्पन्न हो चुका है तो वहीं राज्य में दूसरा चरण के लिए मतदान सोमवार को हो गया। नेताओं का चरण के अनुसार प्रचार जारी है। तीसरे चरण के प्रचार में राजनीतिक दल जोर शोर से लग चुके हैं। नगरपालिका कीड़ा स्थल में कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग राष्ट्रीय चेयरमैन मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी का प्रचार करने हेलीकॉप्टर द्वारा आज मंगलवार को सिकंदराराऊ आएंगे और वह नगर पालिका क्रीड़ा स्थल पर सुबह 11:00 बजे प्रत्याशी छीव वार्ष्णेय के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। सोमवार को इसी मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया है।

### पुलवामा हमलें में शहीद हुए जवानों की शहादत दिवस पर उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए याद किया गया



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। पुलवामा हमलें में शहीद हुए जवानों की शहादत दिवस पर सोमवार को उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए याद किया गया। तावडू के सरकारी स्कूल में स्थित आजाद हिन्द फौज के स्वतंत्रता सेनानियो की यादगार में बने कीर्ति स्तम्भ पर दो मिनट के मौन के साथ खड़े होकर पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों व मौजिजान ने एक स्वर में कहा कि शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकीं निशां होगा, उक्त उदगार से शुरू हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों में काफी जोश देखने को मिल रहा था। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की रक्षार्थ पुलवामा में शहीद हुए शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर प्रधान सुरेन्द्र सिंह, कामरेड काले खान, कंवर पाल प्यादव जयसिंह, कैलाश, वेदप्रकाश, हुकम सिंह, मंगल, अभय, मोहित, रोहित यादव, शिवा, करण, रिंकू यादव शेर सिंह, राधे, प्रवीण, अंशुल, मोन्टी, संदीप, आसिफ, समीर व नई आदि सहित स्कूल विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

### डीटीपी विभाग की कार्रवाई के बावजूद जिला में डीलर सक्रिय



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला नगर योजनाकार(डीटीपी) विभाग भले ही जिला में हरित, कृषि व बगैर एनओसी के की जा रही अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने के लिए तोडफोड व कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी अमल में ला रहा है लेकिन प्रोपट्री डीलर भी बीच का रास्ता निकालकर लोगों को अच्छे सजगबाग दिखाकर भोले भाले लोगों को फांस रहे हैं। जिला का कोई भी विकास खण्ड इससे अछूता नहीं हैं। जिलावासियों की माने तो जिला नगर योजनाकार,राजस्व विभाग आदि ने अवैध कॉलोनियां विकसित होने के लिए लगाई जा रही लगाम व उनकी राजस्व विभाग द्वारा रजिस्ट्रयों पर लगी रोक के बावजूद प्रोपट्री डीलर अभी भी लोगों को फांसकर उनकी गाढ कमाई इसमें लगवा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर जिला की नगर पालिकाओं में भी प्रोपट्री आईडी को लेकर खुला खेल खेला जा रहा है। हैरानी की बाबत, यह देखने को मिल रही है कि बिचौलियों के माध्यम से कथिततौर से मोटा नजराना देकर बनाई जा रही आईडी को लेकर कई बार लोगों व पार्षदों के विरोध के बावजूद भी इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जबकि जिला की नगर परिषद व नगर पालिका प्रशासन इन सब बातों को सिरे से खारिज कर रहे हैं। इस बारे में जिला नगर योजनाकार(डीटीपी) से सम्पर्क करने पर बताया गया कि साहब वीआईपी डयूटी में हैं और वह ही इस बारे में बेहतर जानकारी मुहैया करा सकते हैं।

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की नल्हेश्वर मंदिर में शिव की आराधना



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को नूंह के प्राचीन नल्हेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की और शिवलिंग पर जलाभिषेक भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान शिव शक्ति का प्रतीक है और पूजा करने से हमें मन की शांति मिलती है और हमारे मन में सही विचारों का जन्म होता है। मुख्यमंत्री ने शिव की पूजा कर प्रदेशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री 2 दिन के नूंह के दौरे पर थे जिसमें मुख्यमंत्री ने जिला के विकास के लिए अनेक योजनाओं का शुभारंभ किया। सोमवार सुबह मुख्यमंत्री मनोहर लाल नल्हेश्वर शिव मंदिर पहुंचे और सोमवार के दिन शिवलिंग का दूध से जलाभिषेक किया।

# सीएम योगी ने बोला सपा सरकार में गुंडों के मुकदमे वापस, 10 मार्च को माफियाओं पर चलेगा बुलडोजर

## भाजपा सरकार ने गरीबों को राशन वैक्सीन मकान गैस सिलेंडर मुफ्त दिए





» फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता

सिकन्दराराऊ हाथरस की हींग की खुशबू और काका हाथरसी को पूरे भारत में पहचान है काका हाथरसी की कविता मैं कहा है नाम रूप के भेद पर कभी किया है गौर नाम मिला कुछ और तो अक्ल शक्ल कुछ और सपा बसपा के लोग अब कानून की बात करते हैं जिनकी सरकार में बहिन बेटियां घर से बाहर निकलने में भी डरती थी दिन दहाड़े लूट होती थी वो अब कानून की बात करते हैं में हाथरस आया हूं और अहेरिया समाज को जिस कांग्रेस ने अनुसूचित जाति से निकाल दिया था और आज तक किसी भी केटैगरी में नहीं रखा लेकिन हमने केन्द्र को चिट्ठी लिखकर कहा है कि अहेरिया समाज को फिर से हम अनुसूचित जाति में शामिल करबा के ही रहेंगे और आप लोग बताइए कि पहले बिजली मिलती थी कि नहीं अब तो आपको भरपूर बिजली मिल रही होगी सबको वैक्सीन लगी कि नहीं जनता से हाथ ने हाथ उठाकर हां मैं जबाव दिया तो योगी ने कहा कि जो लोग कहते थे कि यह बीजेपी की वैक्सीन बताते थे आज उनको बता देना कि इसी वैक्सीन से हम सब सुरक्षित हैं आप लोग चाहते हैं कि विकास और बुलडोजर साथ साथ चलता रहे तो लोगों को बता देना चाहता हूं कि इन माफियाओं की गर्दन पर ऐसे ही चलता रहेगा और हमारी आम जनता को कोई माफिया उंगली भी नहीं लगा पायेगा एक हाथ में बुलडोजर का लीवर रहेगा और विकास भी बराबर चलता रहेगा। वही योगी ने कहा पिछली सरकारों में दंगे होते थे महीनों तक कर्फ्यू लगे रहते थे लेकिन हमारी सरकार में एक भी दंगा नहीं हुआ है मुझे बीरेंद्र सिंह राणा ने बताया था कि कचौरा आयुर्वेदिक हब है यहां पर कुछ फैक्टरी भी है हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत हींग को रखा है हम कचौरा के आयुर्वेदिक के लिए भी कुछ करना चाहते हैं हमारी सरकार बनने के बाद जरूर करेंगे। सत्रह से पहले की सरकार में विकास से तो मतलब ही नही था वो सरकार थी तमंचा वादी सोच थी परिवार वादी में समाजवादी आपने परिवार से बाहर कुछ सोच ही नहीं सकते थे नौकरियों में भी बेईमानी होती थी एक ही वर्ग के शिवाय किसी को भी नौकरी नहीं मिलती थी हमने पांच लाख नौकरियां बिना किसी भेद भाव के देने का काम किया है।

# कोरोना के मामलें कम हुए लेकिन बाजारों पर लगे नियमों से दुकानदार परेशान, नियमों में ढील देने की मांग की

» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। जिला में कोरोना का अब प्रसार कम होने लगा हैं जबकि इससे पूर्व कोरोना मरीजों का दिनों दिन इजाफा हो रहा था, इससे जिला स्वास्थ्य विभाग व नल्हड मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने भी राहत की सांस ली हैं। जिला में सोमवार को कोरोना के 5 नए मामलें आने से कुल संख्या 6014 हो गई है, जिला में सक्रिय मरीजों की संख्या 38 है लेकिन 21 मरीजों ने कोरोना से जंग जीती हैं। आज गांव सूंध, मोहम्मदपुर अहीर, किरंज, बिछौर व पंचगांव में 1-1 मरीज आए है। जिला में कई दिन से मरीजों की संख्या कम हो रही है जिसके बाद सरकार ने भी स्कूल, कॉलेज, न्यायालय खोलने के बाद सरकारी कार्यालयों, विवाह-शादी आदि के नियमों में ढील दी हैं लेकिन जिला के बाजार अब भी कोरोना नियमों के तहत चल रहे हैं तथा सांय 7 बजे के बाद पुलिसिया लहजे में बाजार बंद करवाने से दुकानदारों में रोष है।

दुकानदार भगद जी, कमलेश, राजू, खूबचंद, रवि, चंदर, हुकम चंद आदि ने बताया कि कोरोना की लहर कम होने से स्कूल कॉलेज आदि खुल गए हैं लेकिन अब भी बाजार नियमों के तहत बंद करने से वह सांय को अपनी दुकाने बंद करने को मजबूर हैं जबकि कई व्यापार सांय के बाद ही चलते हैं जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट जा गया है। उन्होंने बाजारों पर लगी कोरोना की पाबंदी हटाने की मांग की है। इस बारे में सीएमओ डा0 सुरेन्द्र सिंह यादव व मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डा0 महासिंह ने भी संयुक्त तौर पर माना कि हेल्दी सीजन में अब कोरोना के मामलों में लगातार गिरावट हो रही है। उन्होंने कहा कि आंकडे कम होने से चिकित्सकों व स्वास्थ्य वर्करों पर कोरोना को लेकर पड रहे अतिरिक्त भार से भी राहत मिली हैं, जबकि जिला स्वास्थ्य विभाग व मेडिकल प्रबंधन कोरोना को लेकर पूरी तरह से चौकस हैं, ताकि मरीज को किसी भी तरह की कोई दिक्कत का सामना ना करना पडे।

# मुख्यमंत्री का दो दिवसीय दौरे पर सत्ता व विपक्ष को अपनी-अपनी राय



» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। मुख्यमंत्री मनोहरलाल के 13 व 14 फरवरी के जिला में दो दिवसीय व्यस्तम कार्यक्रम खत्म होने से जिला प्रशासन ने जहां राहत की सांस ली हैं, वहीं उनका दौरा कई खटटी-मीठी यादें छोड गया है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर विपक्ष उनकी खिलाफत में ताना बाना बुनकर इसे महज कागजी घोषणाऐं बता रहा हैं, वहीं सत्तापक्ष से जुडे लोग जिला के विकास में सीएम का दौरा मील का पत्थर साबित होने की बात की वाह वाही लूटी जा रही हैं।

यहां, यह बताना जरूरी है कि मुख्यमंत्री के जिला में दूसरी पारी के प्रथम बार दो दिवसीय दौरे में रात्रि ठहराव जिला में रहने से खलबली मची हुई थी। नूंह शहर व ग्रामीण क्षेत्र में उनके दौरे की चिन्हित जगहों का सौन्दर्यकरण कराया गया था। शहर व देहातवासी चुटकी लेकर कहते नजर आ रहे थे कि मुख्यमंत्री के जिला में इस तरह के दौरे बार-बार आयोजित किए जाने से यहां के विकास के मुददे पर प्रशासनिक अधिकारी कुम्भकर्णी नींद से जाग जाते हैं, नूंह शहर की सडकों, लाईटों, प्राचीन नल्हश्वेर मंदिर में उनके दौरे से सौन्दर्यकरण खासकर खराब लाईटे, दुर्गध उठते कूढे के ढेर, गडडों में तब्दील सडकें आदि के हालात में सुधार लाया गया है।

शहरवासी सुरेन्द्र जैन, राहुल साहू, जेपी साहू, राजू कटारिया, हरीश सिंगला, नीरज सिंगला, आमीन खान, जावेद खान, जैकी बागडी आदि ने बताया कि मुख्यमंत्री का दो दिवसीय दौरा नूंह शहर के लिए कोई खास परियोजना बेशक से ना दे गया है लेकिन नल्हड रोड पर लाईटिंग, गंदगी के ढेर आदि की समस्या को कुछ दिन के लिए सुधार गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री द्वारा पौधारोपण करने से शहर में कई पौधे भी लगाए गए हैं जबकि पहले लगे पौधों का रख रखाव न होने के कारण वह दम तोड चुके हैं।

# श्री नारायण धाम मनकामेश्वर मंदिर के 14 वें जन्मोत्सव पर 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन

## मित्रेश चतुवेर्दी ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ, धूमधाम से निकली कलश यात्रा




» मदरलैंड संवाददाता

सिकंदराराऊ श्री नारायण धाम मनकामेश्वर मंदिर भैकुरी का 14 वां जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। श्री नारायण धाम मनकामेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट भैकुरी के द्वारा परम पूज्य गुरुदेव एवं वंदनीय माता जी के संरक्षण में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में तीन दिवसीय 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुवेर्दी एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संगठन प्रभारी विजयवर्ती पाठक तथा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मोहित उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर श्री नारायण धाम मनकामेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट भैकुरी के अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा ने अतिथियों का फूल माला व पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

11 कुंडिया गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लिए नंगे पांव चलकर मंगल गीत गाकर पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। शान्तिकुंज से पधारी टोली के सदस्यों ने प्रातः कलश पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया। इसके पश्चात कलश यात्रा नारायण धाम से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती पुनः मनकामेश्वर मंदिर नारायण धाम प्रांगण में पहुंची। इसके पहले कलश यात्रा में जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत अभिनंदन कर जलपान कराया गया।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुवेर्दी ने कहा कि कहा कि यज्ञ न सिर्फ संपूर्ण मानव जाति बल्कि संपूर्ण जीव जगत के कल्याण एवं प्रकृति के अनुकूल है। यज्ञ से मन मस्तिष्क के सारे विकार समाप्त हो जाता है। साथ धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा भी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि वायुमंडल में जब आसुरी शक्तियां विषाणुओं और जीवाणुओं के रूप में वृद्धि करती हैं। तब हवन यज्ञ ही इनसे बचने का एकमात्र साधन है।

इस अवसर पर सत्यप्रकाश शर्मा, कमल पालीवाल, शशांक दीक्षित, रितिक पांडेय, सत्यप्रकाश नागर, शुभम गोस्वामी, अजय पालीवाल आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने जिला नूंह में नवनिर्मित जिला कारागार का किया उद्घाटन

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता




नूंह/मेवात। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश की जेलों में बंदियों के मानसिक, धार्मिक व सामाजिक विकास पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। जेल सुधार गृह के रूप में कार्य कर रही हैं और बंदियों के सुधार की तरफ सरकार का पूरा फोकस है। हरियाणा की जेलों में आध्यात्मिक या साधना केंद्र भी बनाए जाने का प्रावधान है ताकि वे मन की शांति व तनाव को दूर करने के लिए ध्यान लगा सकें। जेल सुधार गृह के रूप में बंदियों के आचरण, व्यवहार में परिवर्तन लाकर उन्हें समाज के लिए अच्छा नागरिक बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री सोमवार को जिला नूंह में नवनिर्मित जिला कारागार का उद्घाटन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें अपराध से घृणा करनी चाहिए न कि अपराधी से। ऐसे में अपराधियों के सुधार के लिए जेल परिसर में बेहतर वातावरण बंदियों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेलों में कैदियों की निरंतर काउंसलिंग प्रक्रिया की जा रही है तथा जेल से रिहा होने के बाद पुलिस विभाग बाद में भी उनकी काउंसलिंग करेंगे, ताकि उनमें अपराधिक प्रवृति पुनः न आए। उन्होंने जेल प्रशासन से कहा कि कैदियों को प्रताड़ित नहीं करना है, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देना चाहिए ताकि वे जेल से बाहर आकर अच्छे नागरिक के रूप में समाज में स्थापित हो सकें। अपराधी को भी सुधार का मौका मिलना चाहिए; उन्होंने कहा कि जेलों में बंदियों के शारीरिक विकास के लिए खेल मैदान भी तैयार किए जाएं। प्रदेश में अच्छी जेलें बनाई जा रही हैं और बंदियों को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

**जेल अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए की कई घोषणाएं -**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की 20वीं जेल के रूप में शुरू हो रही जिला नूंह जेल परिसर में घोषणा की कि पुलिस विभाग की तर्ज पर जेल वार्डन के रूप में 18 साल की अच्छी सर्विस करने के बाद वार्डर को इक्जैम्टी हैड वार्डर बनाया जाएगा। जेल अधीक्षकों को अन्य अधिकारियों की तर्ज पर सरकारी कार्य के लिए वाहन मुहैया कराए जाएंगे। जेल अधीक्षक व इससे उच्च पदों पर कार्यरत अधिकारियों को वर्दी भत्ता दिया जाएगा ताकि वे भी वर्दी में नजर आएं। इसी प्रकार जेल विभाग में भी पुलिस विभाग की तर्ज पर राष्टपति मेडल के बाद नौकरी में सेवा विस्तार भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जेल विभाग में खाली पदों पर जल्द ही भर्ती की जाएंगी।

**जेल में ड्यूटी करने वाले डाक्टर्स को ग्रामीण क्षेत्र की ड्यूटी से मिलेगी छूट-**

मुख्यमंत्री ने जेल परिसर के शुभारंभ अवसर पर घोषणा की कि जेल में ड्यूटी देने वाले स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर्स को ग्रामीण क्षेत्र की ड्यूटी की अनिवार्यता नहीं रहेगी। जेल की सर्विस को ही ग्रामीण क्षेत्र की ड्यूटी के बराबर माना जाएगा।

**धार्मिक प्रवचनों से होगा अपराधी जीवन में बदलाव -**

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिस्थितियां किसी भी रूप से अपराध की ओर ले जा सकती हैं। ऐसे में सुधार का अवसर अपराधी के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जेल परिसर में धार्मिक प्रवचनों का समावेश करवाते हुए आपराधिक लोगों के मानसिक विकारों में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक प्रवचनों से ही अपराधी जीवन में बदलाव लाया जा सकता है।

**68 करोड़ की लागत से बना नूंह जिला कारागार -**

मुख्यमंत्री ने बताया कि नूंह के गांव सलंबा में साढ़े 29 एकड़, पांच कनाल में 68 करोड़ रुपये की राशि से जिला कारागार बनाया गया है। जेल की सुरक्षा के लिए तीन बाउंड्री हैं। इसमें निगरानी के लिए अंदर छह वाच टावर बनाए गए हैं। जेल में एक अस्पताल, लाइब्रेरी, कैंटीन, सुरक्षा के लिए अलग सेल, एडमिन ब्लॉक, कंट्रोल रूम, कैदियों के काम करने के लिए एक शेड बनाया गया है। इसमें कैदियों के लिए 12 बैरक हैं, जिनमें 5 बैरक पुरुष कैदियों व एक बैरक महिला कैदियों के लिए व कुछ अन्य बैरक बनाए गए हैं। जेल में 12 बैरक में कुल 846 कैदियों को रखा जा सकता है। इस जेल को हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा बनाया गया है।

**जेलों में बंदियों की संख्या घटनी चाहिए - रणजीत चौटाला**

जेल परिसर नूंह के शुभारंभ अवसर पर बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत चौटाला ने कहा कि नूंह जिला में सभी जरूरी सुविधाओं से युक्त जेल बनाई गई है। हमारा प्रयास है कि जेलों में बंदियों की संख्या घटनी चाहिए। समाज में अच्छे नागरिक बनें तथा अपराध से दूर रहेंगे तो निश्चित रूप से बंदियों की संख्या घटेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का दिल बहुत बड़ा है, जो निरंतर सिस्टम के सुधार की दिशा में काम कर रहे हैं। बंदियों के लिए अनेक सुविधाएं जेलों में दी जा रही हैं, ताकि वे अच्छे नागरिक के रूप में बाहर आएं।

**जेल प्रशासन सुधार की दिशा में सरकार ने किया रोड मैप तैयार - एसीएस**

गृह विभाग के एसीएस राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह प्रदेश की 20वीं जेल है जिसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि जेल की कार्यशैली पूरी पारदर्शिता भरी है और सुरक्षात्मक तरीके से हर कदम पर जेल प्रशासन ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जेल प्रशासन सुधार की दिशा में रोड मैप तैयार किया गया है।

**सुरक्षा के लिहाज से परिपूर्ण है जेल - अकील**

जेल विभाग के महानिदेशक मोहम्मद अकील ने बताया कि जेल सुरक्षा के लिहाज से परिपूर्ण है। किसी भी रूप से सुरक्षा से समझौता नहीं है और अत्याधुनिक तकनीक से जेल को कवर किया गया है। मॉडर्न इंटरव्यू रूम सहित, फ्री लीगल एड सर्विस बंदियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जेल रेडियो कॉन्सेप्ट प्रदेश में शामिल किया गया है जेल परिसर में। स्वच्छता बनाए रखने सहित वीसी रूम, योगा सेंटर सेवाएं भी जेल परिसर में मुहैया कराई जा रही हैं।

इस अवसर पर बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत चौटाला, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा, हरियाणा पुलिस महानिदेशक पी.के.अग्रवाल, महानिदेशक जेल मोहम्मद अकील, पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के एमडी डाक्टर आर सी मिश्रा, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल, आईजी रेवाडी रेंज एम रविकिरण, आईजी पुलिस प्रशासन सत्येंद्र गुप्ता, जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग, सोहना से विधायक संजय सिंह, उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ सुभिता ढाका, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, नौक्षम चौधरी, वक्फ बोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन, सीएम के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार उमेश पर हमले में बसपा प्रत्याशी समेत 6 के खिलाफ मुकदमा

मदरलैंड संवाददाता, लंढौरा। निर्दलीय प्रत्याशी पत्रकार उमेश कुमार पर हुए हमले के आरोप में बसपा प्रत्याशी रवीन्द्र पनियाला समेत 6 पर मुकदमा दर्ज किया गया है ! रविवार रात तुगलपुर में बसपा प्रत्याशी रविंद्र और निर्दलीय प्रत्याशी उमेश के समर्थकों के बीच विवाद हो गया था ! जिसमें रविंद्र पनियाला पर उमेश के ऊपर जानलेवा हमला कराने का आरोप है ! उनकी गाड़ियों को तोड़ दिया गया। जिंसके बाद हजारों हजार की सँख्या में उमेश कुमार के समर्थक मौके पर पहुंचे जिंसके बाद खानपुर थाने में इस सम्बंध में कार्यवाही की गई। बता दें कि अब इस मामले में बसपा प्रत्याशी रविन्द्र पनियाला समेत 6 लोगो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हो गया है। बता दें कि धारा 147, 148 ,149 , 323, 307, 427 में मुकदमा दर्ज किया गया है। संजीव , अजय ,अमर और फौजी के खिलाफ भी इन्ही धाराओं में मुकदमा दर्ज हो गया है।

### रुड़की में कांग्रेस, भाजपा के बीच ही दिखा मुकाबला

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की ! शहर विधानसभा सीट पर सोमवार को हुए मतदान में कांग्रेस, भाजपा के बीच ही मुकाबला दिखा ! शहर में कहीं भाजपा तो कहीं कांग्रेस ही हावी दिखी ! कहीं-कहीं पर बसपा, आजाद समाज पार्टी के पक्ष में भी महौल रहा ! नतीजे अगर यही रहे तो फिर भाजपा, कांग्रेस के बीच ही मुकाबला सिमटने के भी आसार हैं ! रुड़की विधानसभा सीट पर सुबह 7 बजे से ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी ! हालांकि सुबह के समय मत प्रतिशत बेहद धीमा रहा ! दस बजे के बाद यहां मत प्रतिशत ने रफ्तार पकड़ना शुरू की ! सिविल लाइंस, रामनगर, आदर्श नगर में दोपहर में जमकर मतदान हुआ तो सत्ती मोहल्ला, मच्छी मोहल्ला में सुबह से ही जमकर वोट बरसे ! लालकुर्ती, लेखानगर क्षेत्र में भी दोपहर में ही मत प्रतिशत रफ्तार पकड़ सका ! गणेशपुर, शेखपुरी क्षेत्र में सुबह से मतदान को लेकर पूरा जोश देखने को मिला ! सभी जगहों पर कांग्रेस, भाजपा आमने सामने बनी रही ! रामनगर में इस बार भाजपा थोड़ा कमजोर दिखी तो सिविल लाइंस, आवास विकास में कांग्रेस ! कुल मिलाकर रुड़की सीट पर कांग्रेस, भाजपा को छोड़ सभी सिमटते दिख रहे हैं !

### पहली बार मतदाता बने छात्रों ने किया मतदान

देहरादून,एजेंसी। राजधानी व आसपास के क्षेत्रों में कई मतदाता ऐसे थे जिन्होंने अपने मताधिकार का पहली बार प्रयोग किया। इस दौरान इनमें कालेज के छात्र-छात्राएं व युवा शामिल थे। वहीं अन्य युवक युवतियों ने कहा कि उन्होंने वोट देने की उम्र पार की है वह अपना पहला वोट डाल रहे हैं। उनका कहना है कि वोट डालने से पहले उन्होंने अपने साथियों से काफी विचार विमर्श किया और सभी पहलुओं पर गौर करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उनका कहना है कि उन्होंने पहली बार मतदान किया और उनमें काफी उत्साह है।

### कई बूथों पर जमकर हुआ मतदान, तो कई में छायी रही मायूसी

देहरादून, एजेंसी। राजधानी के कई मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कई मतदान केन्द्रों पर मतदाता कम संख्या में दिखाई, वहीं कई जगहों पर निर्धारित समय के बाद भी मतदाता नदारद दिखाई दिये। इससे राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के चेहरे पर मायूसी छायी रही। कई मतदान केन्द्रों में सुबह से ही लंबी लंबी लाईनें लग गई थी। यहां राजपुर रोड, डोभालवाला स्थित राजकीय इंटर कालेज, सेंट एग्नेस इंटर कालेज, सोफिया स्कूल, लिटिल ऐंजिल स्कूल नेशविला रोड, मंगला देवी इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज राजपुर रोड़, डालनवाला, विजय कालोनी, नेहरू कालोनी, ईसी रोड, पटेलनगर, धर्मपुर, दीपनगर सहित अन्य इलाकों में सुबह से लेकर दोपहर तक जमकर वोटिंग हुई और मतदाता बडी संख्या में मतदान केन्द्रों पर अपना वोट डालने निकले। इस दौरान चकराता रोड फूलचन्द नारी शिल्प मंदिर इंटर कालेज, चिल्ड्रन एकेडमी, गुरूनानक पब्लिक बालक इंटर कालेज चुक्खूवाला व उसके आसपास के अधिकतर मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। इस दौरान इन मतदान केंद्रों पर पहले तीन घंटे में मतदान का प्रतिशत कम रहा, लेकिन उसके बाद मतदान में तेजी आ गई और मत प्रतिशत बढ़ने लगा।

### राज्यपाल ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग, मतदाताओं से किया अधिक से अधिक मतदान का आह्वान

देहरादून, एजेंसी। विधानसभा चुनाव 2022 के लिए राज्यपाल सेनि ले. जनरल गुरमीत सिंह ने कैंट स्थित मैख गुरुंग कन्या इंटर कालेज में पहुंचकर अपने मत का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर राज्य व जिले के अधिकारियों ने अपने अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया। यहां मुख्य चुनाव अधिकारी सौजन्या ने भी अपने मत का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उनके स्तर से अनेक कार्यों के साथ ही साथ जन जागरूकता अभियान, नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया और अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने का आह्वान किया गया। उनका कहना है कि प्रदेश भर में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया चल रही है कुछ स्थानों पर ईवीएम मशीनें खराब होने की शिकायतें आई हैं जिन्हें दूर कर लिया गया है और वहां पर तत्काल प्रभाव से मशीनों को बदल दिया गया। उनका कहना है कि मतदाताओं को थोडी सी परेशानी हुई है लेकिन उसके बाद भी अधिक से अधिक संख्या में मतदाता मतदान करने आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम महिलाओं में भी मतदान के प्रति काफी उत्साह दिखाई दिया।

### श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया श्री गुरु हर राय का 392 वां पावन प्रकाश पर्व

देहरादून, एजेंसी। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार, देहरादून के तत्वावधान में श्री गुरु हर राय का 392 वां पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक कथा व कीर्तन के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः नितनेम के पश्चात भाई अमन दीप सिंह ने सबद ऐसे गुर को बल बल जाइये, आप मुक्त मोहे तारे, अखण्ड पाठ के भोग के पश्चात हैड ग्रंथी भाई शमशेर सिंह ने कहा कि गुरु हर राय साहिब ने रोगियों के लिए कीरत पुर साहिब में एक बहुत बड़ा अस्पताल खोला जहां पर गरीब संगत निःशुल्क इलाज करवाती थी। उन्होंने कहा कि कीरत पुर साहिब मे बहुत सुन्दर बाग लगवाए जहां पर जीवों की जाती थी, गुरवाणी एवं कुदरत को गुरु साहिब बहुत प्यार करते थे। इस अवसर पर भाई गुरदियाल सिंह ने सबद मेरा मात पिता हर राया तथा भाई सतवंत सिंह ने सबद हक परवर हक केस करता हर राय एवं भाई प्रीतम सिंह लिटिल ने सबद सा धरती भई हरयावली जिथे मेरा सतगुर बैठा आये का गायन कर संगत को निहाल किया।

# कांग्रेसियों, भगत सिंह ब्रिगेड ने दी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की ! शहर में सोमवार को कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकालकर पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी ! सिविल लाइंस में किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता के कार्यालय से शाम 7 बजे कैंडल मार्च की शुरूआत हुई ! सचिन गुप्ता के नेतृत्व में निकला कैंडल मार्च चंद्रशेखर चौंक पर जाकर सम्पन्न हुआ ! जहां कांग्रेसियों ने शहीदों के चरणों में कैंडल अर्पण किए ! इस अवसर पर ऋतु कंडियाल, आशीष सैनी, हेमेंद्र चौधरी, पंकज सोनकर, रईस अहमद, अमित सोनकर आदि मौजूद रहे ! इस दौरान सचिन गुप्ता ने कहा कि देश को अपने सैनिकों, शहीदों पर नाज है ! भारत माता के वीर सपूतों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं ! पुलवामा की घटना बेहद ही दुखद है ! भारत माता के वीर सपूतों को देश हमेशा नमन करता रहेगा ! शहीद भगत सिंह बिग्रेड वेलफेयर सोसायटी रुड़की द्वारा सत्य नारायण धर्मशाला में पुलवामा हमले में शहीद हुए सेना के 44 जवानों को श्रृद्धांजलि दी गई। संस्था के अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा की देश के युवा शहीदों के बलिदान को ना भूले और जो भी जवान देश के लिए बलिदान होता है उसके परिवार का साथ दे। सतनाम सिंह, प्रशांत और सुशील पुंडीर ने कहा की संस्था हर सुखदुख में शहीद हुए सिपाहियों के परिवारों के साथ है।

इस अवसर पर अकुंश सोनी, राजू चौधरी, गौरव अरोड़ा, सुधांशु वत्स, विनायक कुलश्रेष्ठ, प्रभाकर पंत, अनिकेत पाल, विनोद, अखिलेश आदि उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र की मजबूती को दुबई से वोट देने पहुंची प्रियंका

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की ! लोकतंत्र के महापर्व में युवाओं से लेकर बूढ़े, बीमार मतदाताओं तक ने अपनी पूरी भागीदारी निभाई ! अशोक नगर ढंडेरा निवासी प्रियंका सिंह ने दुबई से पहुंचकर अपना वोट डाला तो दूसरे शहरों से भी मतदाता अपने जरूरी काम छोड़ कर वोट डालने पहुंचे ! ढंडेरा निवासी आराधना ने पहली बार अपने मत का प्रयोग किया ! मतदान को लेकर आराधना में पूरा जोश दिखा ! आराधना ने बताया कि सुबह से ही मतदान को लेकर उसके अंदर खुशी बनी रही ! उसने पहली बार अपना वोट डाला हैं ! दुबई से वोट डालने पहुंची प्रियंका सिंह ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती को सभी की भागीदारी बेहद जरुरी है ! इसी सोच को लेकर वह वोट डालने के लिए अपने घर पर पहुंच गई ! वोट डालने के बाद उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है ! प्रियंका के पिता ने बताया कि लोकतंत्र के प्रति बेटी की सोच पर उन्हें गर्व है !

# प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जनता में भाजपा के प्रति नाराजगी: दीपिका पांडेय



देहरादून, एजेंसी। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में वृहद स्तर पर वाररूम स्थापित किया और जहां पर प्रदेश में चल रहे विधानसभा चुनावों पर पूरी तरह से निगरानी रखी जा रही है। इस अवसर पर सह प्रभारी दीपिका पांडेय ने कहा कि प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जनता में भाजपा के प्रति खासी नाराजगी दिखाई दे रही है। जनता जिस प्रकार से मतदान करने आ रही है उससे साबित हो गया है कि जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और राज्य में कांग्रेस की सरकार प्रचंड बहुमत से बन रही है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि कई मतदान केन्द्रों में ईवीएम मशीनें खराब हो गई जिसके कारण मतदान देरी से हुआ है। कई मतदान केन्द्रों में पोलिंग एजेंटों के बैठने की व्यवस्था न होने और दूसरी ओर भाजपाा की ओर से पैसे और शराब बांटने की शिकायतें मिल रही हैं जिसकी शिकायत चुनाव आयोग से की गई है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस ओर त्वरित कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा में हताशा व निराशा दिखाई दे रही है वहीं दूसरी ओर कांग्रेसजन पूरी तरह से उत्साहित हैं कि प्रदेश में कांग्रेस की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का फर्जी हस्ताक्षर युक्त पत्र सोशल मीडिया पर प्रचारित किया जा रहा है जिसकी शिकायत भी चुनाव आयोग से की गई है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी ने भाजपा पर जन भावनायें भड़काने तथा धर्म के आधार पर जनता को बांट कर विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज करते हुए थाना कोतवाली में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

# अशोक नगर में 90 वर्षीय चंद्रमा देवी ने डाला वोट






» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की के अशोकनगर ढंडेरा मैं निवास करने वाली सबसे बुजुर्ग 90 वर्षीय राज्य आंदोलनकारी श्रीमती चंद्रमा देवी ने बड़े हौसले के साथ अपना वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई ज्ञात हो कि श्रीमती चंद्रमा देवी ने 80 और 90 के दशक में उत्तराखंड राज्य आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की तथा उत्तराखंड राज्य निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई आज जीवन के अपने ढलते हुए लम्हों में भी उनका हौसला चरम पर है।

और चलने फिरने मैं असमर्थ होने के बावजूद भी उन्होंने लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने के लिए अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया सबने मातृशक्ति के इस हौसले को सलाम किया इस अवसर पर उनके पुत्र राजेंद्र सिंह रावत संरक्षक चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति रजिस्टर्ड उनके भाई सुनील रावत आंदोलनकारी सतीश नेगी, आंदोलनकारी जगदीश खड़ायत, हरीश जोशी आनंद सिंह रावत आदि मौजूद थे।

रुड़की में 80 वर्षीय उर्मिला देवी ने लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की ! वैद्य टेक वल्लभ उर्मिला देवी को व्हील चेयर पर बिठाकर बूथ तक लाए !

वैद्य टेक वल्लभ ने बताया कि उर्मिला देवी सुबह से वोट डालने की इच्छुक रही लेकिन जब नहीं डाल पा रही थी तो वह उनके घर जाकर व्हील चेयर पर लाकर उनका वोट डलवाया ! वैद्य टेक वल्लभ के मुताबिक सभी सरकारी व्यवस्थाएं सफल नहीं हुई बहुत से वरिष्ठ 80 प्लस और रोगियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा और कुछ लोग फिर भी वोट डालने नहीं जा पाए। डाक द्वारा वोट डालने की सुविधा भी नहीं हो पाई !


# भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ता गोविन्दपुरी में भिड़े

- दोनों दलों के नेताओं ने नारेबाजी कर किया हंगामा
- पुलिस व सेक्टर मजिस्टेज्ट मौके पर पहुंचे, दोनों को कराया शांत

हरिद्वार, एजेंसी। हरिद्वार विधानसभा सीट के एसएमजेएन पीजी डिग्री कॉलेज मतदान केन्द्र के बाहर लगे भाजपा और कांग्रेस बस्तों के आगे कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। दोनों ओर से जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस व सेक्टर मजिस्टेज्ट मौके पर पहुंचे। जिन्होंने दोनों पक्षों को समझा बुझा कर शांत कराया। बताते चले कि हरिद्वार सीट पर भाजपा व कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है। भले ही दोनों ओर से जीत के दावे किये जा रहे है। लेकिन सच तो यह हैं कि दोनों दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं के जीत के प्रति डर सता है। भाजपा और कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं हरिद्वार सीट पर जीत हासिल के लिए एडी चोटी का जोर लगाते हुए मतदान के दिन अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कराने में जुटे है। इसी दौरान गोविन्दपुरी स्थित एसएमजेएन पीजी डिग्री कॉलेज मतदान केन्द्र के बाहर निर्धारित दूरी पर प्रत्याशियों के बस्ते लगाये गये हैं। जहां पर भाजपा व कांग्रेस के बस्ते आमने-सामने होने के कारण नेता व कार्यकर्ता मतदान करने पहुंच रहे मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान कराने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच भाजपा व कांग्रेस के के नेता व कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। दोनों ओर से जमकर नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी लगते ही पुलिस व सेक्टर मजिस्टेज्ट मौके पर पहुंचे। जिन्होंने दोनों दलों के कार्यकताओं को समझा बुझाकर शांत कराया। बताया जा रहा हैं कि भाजपा कार्यकताओं को आरोप है कि कांग्रेसी उनको देखकर जोर जोर से नारेबाजी करते हुए उनको परेशान करने का काम रहे है। जिस पर कांग्रेस कार्यकताओं ने भी अपनी दलील देते हुए भाजपाओं पर आरोप मढ़ा। लेकिन अधिकारियों ने दोनों दलों के कार्यकताओं को समझा बुझाकर शांत कर उनको अपने अपने बस्ते पर लौटाया।



# विस चुनाव: बूथों पर मतदान के लिए की गई विशेष व्यवस्थाएं



देहरादून, एजेंसी। मसूरी विधानसभा के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय नंबर एक सालावाला, हाथीबड़कला में सखी बूथ का निर्माण किया गया है। आदर्श सखी बूथ में स्वागत गेट, कोविड-19 सहायता केंद्र, दिव्यांग जनों के लिए सहायता केंद्र, मतदाता सहायता केंद्र, बीएलओ हेल्प डेस्क, वृद्ध दिव्यांग महिलाओं के बैठने के लिए पृथक-पृथक स्थान की व्यवस्था की गई। वहीं मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने सखी बूथ का भ्रमण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर महिला पुरुष मतदाता हेतु अलग-अलग लाइन में लगने की समुचित व्यवस्था की गई है, साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग के लिए प्रतीक चिह्न बनाकर कोविड नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है कोविड-19 हेल्प डेस्क पर लोगों का थमार्मीटर से टेंपरेचर चेक किया गया तथा लोगों को मास्क एवं गलब्स भी दिये गये। लोगों के हाथों को सैनेटाइज करवाए जा रहा है दिव्यांग सहायता बूथ के माध्यम से लोगों को व्हीलचेयर एवं वैशाखी की सुविधा प्रदान कर पोलिंग बूथ के अंदर ले जाया जा रहा है। इस अवसर पर मतदाता सहायता केंद्र के माध्यम से लोगों को मतदाता पर्ची उनके भाग क्रमांक इत्यादि की समुचित जानकारी दी जा रही है। मतदाताओं की सुविधा हेतु बीएलओ के अतिरिक्त चार महिला कर्मचारी स्पेशल तौर से साड़ी युक्त ड्रेस में नियुक्त की गई है जिनके द्वारा मतदाताओं को यथासंभव मार्गनिर्देशन, मदद की जा रही है। मतदान केंद्र पर मतदाताओं हेतु शौचालय की भी व्यवस्था की गई है तथा स्वच्छ पानी की भी व्यवस्था की गई है। सभी चीजों के साइन बोर्ड भी प्रॉपर तरीके से लगाए गए हैं। प्रवेश एवं निकास हेतु पृथक पृथक दरवाजे हैं, जिन पर प्रवेश एवं विकास के प्रतीक चिह्न भी लगाए गए हैं। प्रवेश द्वार को गेट एवं रेड ग्रीन कारपेट से (लाल एवं हरी कारपेट से) सजाया गया है, ऊपर शामियाना लगाकर गुब्बारे इत्यादि से सजाया गया है। पोलिंग बूथ के मुख्य द्वार को भी रंग-बिरंगे गुब्बारों से बने सुंदर प्रवेश द्वार से सुसज्जित किया गया है। वृद्धजनों एवं महिलाओं को पुष्प देकर भी सम्मानित किया जा रहा है।

# उत्तराखंड में प्रचार घमासन, भाजपा बोली, देवभूमि को दारुल बनाने की सोच

## रावत बोले, मैं भगवान भैरव का भक्त, उत्तराखंडियत की रक्षा के लिए वोट करें

हरिद्वार, एजेंसी। देश के पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और गोवा में मतदान हुआ है। इस बीच जैसा भाजपा ने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर मस्जिद के नाम पर वोट की अपील करके सांप्रदायिक राजनीति करने के लिए पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि देवभूमि को दारुल भूमि बनाने की सोच रखने वालों को पांच राज्यों के लोग जवाब देंगे। वहीं कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने स्वयं को भगवान भैरव का भक्त बताया है।

इससे पहले बीजेपी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस ह्यदेवभूमिह्न के स्कूलों में ह्यहिजाबह्न लाने की कोशिश कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव, कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस ने केवल अल्पसंख्यक वोटों का ध्रुवीकरण करने के लिए मुस्लिम विश्वविद्यालय विवाद पर विवाद पैदा किया है।



भाजपा द्वारा किए जा रहे जबानी हमले के जबाव में कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि मैं भगवान भैरव का भक्त हूं, उत्तराखंड और उत्तराखंडियत की रक्षा के लिए मुझे जो कुछ करना पड़ेगा, मैं करूंगा। उन्होंने कहा कि एक उत्तराखंडी को गाली देने का क्या मतलब है। आपके इन शब्दों ने उत्तराखंडियों के प्रति भाजपा की निकृष्ट सोच को प्रदर्शित कर दिया है।

हरीश रावत ने कहा कि मेरा सभी भै-बेणीयों, बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं से आग्रह है उत्तराखंड और उत्तराखंडियत की रक्षा के लिए वोट करें। आपका आज का सही निर्णय, उत्तराखंड का कल सुरक्षित करेगा। वहीं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपके हर एक वोट के साथ देवभूमि के हर बच्चे का भविष्य जुड़ा है। आपका वोट आपकी सबसे बड़ी ताकत है। एक बेहतर उत्तराखंड निर्माण के लिए मेरे सभी उत्तराखंडी भाई-बहन, बुजुर्ग. और सभी युवा वोट देने जरूर जाएं। गौरतलब है कि उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव जीतने के बाद उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का भी वादा किया है। सोमवार को यहां 70 सदस्यीय उत्तराखंड विधानसभा के लिए मतदान जारी है। 70 विधानसभा क्षेत्रों में 81 लाख से अधिक मतदाता 632 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे, जिसमें 150 से अधिक निर्दलीय शामिल हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 70 में से 57 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके अलावा यहां कांग्रेस के 11 उम्मीदवार और दो निर्दलीय जीते थे। राज्य में आम आदमी पार्टी द्वारा बनाए गए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार कर्नल अजय सिंह कोठियाल ने उत्तराखंड में इसे एक ऐतिहासिक चुनाव बताया है। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश की सरकार वो वोटर चुनेंगे, जिनका जन्म नए उत्तराखंड राज्य में हुआ था। वहीं दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि उत्तराखंड और गोवा के भाइयों बहनों से आज एक ही अपील है कि आज अपना वोट बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए, और शिक्षा के जरिए गोवा और उत्तराखंड के भविष्य को संवारने के लिए दें।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 05
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 फरवरी 2022

संक्षिप्त समाचार

## रिलायंस ज्वेल्स अपने खास वैलेंटाइन्स कलेक्शन 'फ्लोरियो' के साथ प्यार के मौसम का जश्न मना रहा है

नई दिल्ली: भारत में आभूषणों के अग्रणी ब्रांड, रिलायंस ज्वेल्स ने अपने प्यार को परवान चढ़ाने की कामना करने वाले सभी लोगों के लिए बेहद खास वैलेंटाइन्स कलेक्शन - 'फ्लोरियो' को लॉन्च किया है। प्रेमियों के दिलों में बसा प्यार समय के साथ परवान चढ़ता है और उनके रिश्तों में मजबूती आती है, और इसी बात को ध्यान में रखते हुए रिलायंस ज्वेल्स ने वैलेंटाइन्स डे मनाने के लिए कला की बारीकियों एवं आधुनिक डिजाइनों से सुसज्जित इस बेमिसाल डायमंड ज्वैलरी कलेक्शन के लॉन्च के साथ प्यार के मौसम को गले से लगाया है। इस कलेक्शन में शामिल आभूषणों के डिजाइन पौधों और फूलों से प्रेरित हैं, जो दिन-ब-दिन बड़े ही मनोहर ढंग से विकसित होते हैं। जिस तरह एक नए बीज को बोने के बाद वह एक खूबसूरत पौधे में बदल जाता है, उसी तरह दो दिलों की प्रेम की कहानी भी फूल की तरह खिलकर एक खूबसूरत रिश्ते में बदल जाती है। समय के साथ सभी अच्छी चीजें विकास की रोशनी में जगमगा उठती हैं। प्रेम के सच्चे अर्थ को जन-जन तक पहुँचाने के लिए, इस खूबसूरत डायमंड कलेक्शन के प्रत्येक आभूषण को बड़ी सावधानी से तैयार किया गया है झ जो आपको हमेशा अपने प्रियजन के साथ रहने और जीवन के सफर में प्यार के सहारे साथ मिलकर आगे बढ़ने की याद दिलाता है।

## यूरो स्कूल कनीना में स्कालरशिप परीक्षा का आयोजन

मदरलैंड संवाददाता,कनीना। यूरो इंटरनेशल स्कूल कनीना में रविवार 13 फरवरी को कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कालरशिप परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में पहली से बारहवीं तक 2237 बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील यादव ने विभिन्न स्कूलों से आये हुए सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दी जाने वाली स्कालरशिप के बारे में बताया। इस अवसर पर यूरो ग्रुप के शैक्षणिक निदेशक डा राजेन्द्र यादव ने बच्चों को अपने उज्ज्वल भविष्य के प्रति सजग होने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही स्कूल की उपलब्धियों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एनडीए, आईआईटी, नीट, एनटीएससी, सैनिक व मिलिट्री स्कूल परीक्षा की तैयारी की व्यवस्था हमारे स्कूल के द्वारा प्रदान की जाती है। छठी कक्षा से ही आईआईटी एवं नीट फाउंडेशन की कोचिंग दी जाती है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेल-प्रतियोगिताओं के लिए विद्यार्थियों की अलग से तैयारी करवाई जाती है। स्कालरशिप परीक्षा के दौरान विद्यालय का प्रांगण भरा हुआ था।

## पुलवामा हमले की तीसरी बरसी पर सीआरपीएफ के शहीद हुए भारतीय जवानों को दी श्रद्धांजलि

संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। पुलवामा में आतंकी हमले की तीसरी बरसी पर पहलवान एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र पार्क में श्रद्धांजलि सभा में शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर पहलवान एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण पहलवान ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आत्मघाती हमला किया था, जैश-ए-मोहम्मद के एक फिदायीन आतंकी दस्ते ने इस घटना को अंजाम दिया था। आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को टक्कर मार दी। जिसके बाद 40 जवान शहीद हो गए थे इस दौरान युवाओं ने कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रहकर शहीदों को नमन किया। साथ ही शहीदों की शहादत को नमन करते हुए राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय नारनौल के छात्र संघ अध्यक्ष शुभम कौशिक ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर जवानों के शौर्य और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है सुरक्षा बलों के परिवार सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन से वंचित हैं। पेंशन सामाजिक सुरक्षा के तहत लोक कल्याणकारी सरकार की कर्मचारियों के प्रति जिम्मेदारी है, परंतु शहीद अर्धसैनिक बलों के परिवार पुरानी पेंशन से अभी तक महरूम हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से सुरक्षा बलों के परिवार के लिए पुरानी पेंशन को तत्काल बहाल करना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर पहलवान एसोसिएशन के सतक लाम्बा, अनुज लाम्बा, राहुल यादव, अंकुर, चिराग, अमित, मंजित, संडी, अमन, विक्रम, मनीष, नव युग तरूण मंडल के कालेज सचिव जगपाल कौशिक आदि सख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# एडेलवाईस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स अस्थिर बाजार में मददगार

चंडीगढ़ : बैलेंस्ड एडवांटेज फंड (बैफ) नए निवेशकों एवं पारंपरिक निवेशकों दोनों के लिए बाजार के स्तर व मूल्यांकनों की फिक्र किए बिना बाजार में उतरने के लिए श्रेष्ठ योजनाएं हैं। एडेलवाईस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक ओपन-एंडेड डाइनामिक एस्सेट एलोकेशन फंड है, जिसका उद्देश्य कम अस्थिर इक्विटी लिंक्ड रिटर्न निर्मित करना है।

इसका उद्देश्य प्रोसाईक्लिकल ईईएचआई मॉडल के आधार पर तेज बाजार के उछाल का लाभ संचित करना और बाजार की मंदी के प्रभाव से सुरक्षा प्रदान करना है। ईबीएफ्फ शुद्ध ट्रेंड पर आधारित एस्सेट एलोकेशन के दृष्टिकोण का पालन करने वाला एकमात्र फंड है। राजीव गोयल, म्यूचलफंड डिस्ट्रीब्यूटर ने कहा, एडेलवाईस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक अद्वितीय प्रस्तुति है, जिसका उद्देश्य निवेशक के पोर्टफोलियो में दृढ़ मूल्य का निर्माण करना है। यह फंड एक दशक से ज्यादा समय से मौजूद है और मूल्य प्रदान करने के लिए काफी कठोर निवेश प्रक्रियां का पालन करता है। इसका उद्देश्य मॉडल पर आधारित दृष्टिकोण का पालन कर कम अस्थिर इक्विटी लिंक्ड रिटर्न निर्मित करना और बाजार की स्थितियों के आधार पर इक्विटी और डेब्ट में पोर्टफोलियो को परिवर्तित करना है। इसका लक्ष्य 30 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के बीच इक्विटी एक्सपोज़र बनाकर रखना है।

जब बाजार ऊपर की ओर जाता है, तब यह फंड इक्विटी में ज्यादा निवेश करता है और जब बाजार नीचे जाता है, तब इक्विटी में कम निवेश करता है। पिछले दो साल सबसे ज्यादा अस्थिर रहे, लेकिन फिर भी भारतीय इक्विटीज के लिए लाभदायक रहे। मानवता पर ऐसा संकट सदी में एकाध बार ही आता है, जिसमें हमारी दृढ़ता की परीक्षा होती है।

यह अवधि हमारे लिए बहुत मुश्किल थी और निवेशकों के लिए भी काफी कठिन। 2020 की शुरूआत में घोर निराशा से 2021 के अंत में अत्यधिक आशा तक का सफर हमने तय किया। इस संपूर्ण अवधि में एडेलवाईस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड समय की कसौटी पर खरा उतरा और यह निवेशकों के लिए एक मुख्य समाधान के रूप में उभरा, जो इस तरह के अस्थिर समय को आसानी से पार करना चाहते हैं।

# राष्ट्रीय महिला दिवस मना, लोगों को किया जागरूक

» जयप्रकाश भारद्वाज, मदरलैंड संवाददाता

महेंद्रगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेंद्रगढ़ की सचिव एवं दंडाधिकारी अंजलि जैन के आदेश अनुसार तथा उपमंडल विधिक सेवा समिति के चेयरमैन मनीष नागर एसडीजेएम के तत्वाधान में रविवार गांव खायरा तथा कुरहावटा में अधिवक्ता शशि बाला, कुलदीप सिंह और पीएलवी सुमित्रा एवं विधिक सेवक विजय सिंह समाजसेवी ने कैंप लगाकर राष्ट्रीय महिला दिवस मना। लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय महिला दिवस भारत की कोकिला सरोजिनी नायडू के जन्मदिन पर 13 फरवरी को मनाया जाता है।



सरोजिनी नायडू एक क्रांतिकारी कवित्री थी भारतवर्ष में इनके जन्मदिन को नेशनल वुमन डे के रूप में मनाया जाता है। विधिक सेवक विजय सिंह और पीएलवी सुमित्रा ने बताया कि सरोजिनी नायडू ने 12 वर्ष की आयु में 12वीं कक्षा पास कर ली थी तथा 16 वर्ष की आयु में आगे बढ़ने के लिए इंग्लैंड चली गई। 13 वर्ष की आयु में 13 सौ पंक्तियों की कविता द लेडी ऑफ लेक लिखी थी।

# सना सैय्यद और सेहबान अजीम नजर आयेंगे फिक्शन शो 'स्पाई बहू' में



चंडीगढ़ : प्रेम कहानियां खूबसूरत और प्रेरणा देने वाली, दोनों ही होती हैं। लेकिन, कई बार रहस्य और राज में फंस जाती है। कलर्स का आगामी फिक्शन शो 'स्पाई बहू', सेजल नाम की एक जासूस और एक युवा लड़के योहान की अनोखी प्रेम कहानी है, जिस पर आतंकवादी होने का शक है। ऐसा शक है कि वह लड़का आतंकवादी है। किस्मत से दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है,लेकिन आंखों से जो नजर आता है यहां उससे कहीं ज्यादा है। सेजल और योहान दोनों ही कुछ छुपा रहे हैं और जोखिम उठाने को तैयार हैं, जिससे उनका रिश्ता या तो बनेगा या टूटेगा। सेजल की दमदार भूमिका निभायेंगी, सना सैय्यद, वहीं खूबसूरत नौजवान सेहबान अजीम, योहान का किरदार निभायेंगे। अश्विनी यार्डी- विनीयार्ड फिल्म्स द्वारा निर्मित यह शो जल्द ही कलर्स चैनल पर प्रसारित होने वाला है। सेजल की लीड भूमिका निभाने के बारे में, सना सैय्याद कहती हैं,ह्वएक जासूस की भूमिका निभाना और इस तरह के अनूठे कॉन्सेप्ट का हिस्सा बनना, किसी सपने से कम नहीं। मेरा किरदार सेजल नाम की एक लड़की का है जो बाहर से चुलबुली दिखती है; और वह अपने मिशन को कामयाब करने का पक्का इरादा कर चुकी है। इस बात से मैं बहुत खुश हूं कि कलर्स और विनीयार्ड फिल्म्स ने मुझ पर भरोसा जताया कि मैं शानदार शो में लीड भूमिका निभा पाऊंगी ! मुझे इस बात की उम्मीद है कि दर्शकों को उसे पूरे एक्शन में देखने में मजा आने वाला है !ह्व इस शो के बारे में सेहबान अजीम कहते हैं, ह्लजब मुझे ह्यस्पाई बहूह्ण की कहानी और मेरे किरदार के बारे में बताया तो मैं पूरी तरह हैरान रह गया! योहान का मेरा जो किरदार है उसकी पर्सनालिटी और अंदाज में कई सारी लेयर्स हैं। कहानी में वह जो रहस्यमयी माहौल लेकर आता है वह मुझे पसंद है। वह इस बेहतरीन कहानी में काफी गहराई से बुना गया है ! मुझे इस नये रोमांचक सफर का बेसब्री से इंतजार है।

# इंडियाफर्स्ट लाइफ ने फार्च्यून प्लस प्लान लॉन्च किया

चंडीगढ़ : बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (इंडियाफर्स्ट लाइफ) ने आज इंडियाफर्स्ट लाइफ फॉर्च्यून प्लस प्लान लॉन्च किया। यह नॉन-लिंक्ड, पार्टिसिपेटिंग, इंडिविजुअल लाइफ, लिमिटेड प्रीमियम सेविंग प्लान आपको दीर्घकालिक सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। इसके द्वारा भविष्य में आने वाले अनिश्चित समय से आप स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के डिप्टी सीईओ ऋषभ गांधी ने कहा, ₹इंडियाफर्स्ट लाइफ का फॉर्च्यून प्लस प्लान हमारे इनोवेटिव उत्पादों में पहला 'कैश बोनस' प्लान है। हमारे #कस्टमरफर्स्टफिलोसॉफी के अनुरूप, यह योजना हमारे ग्राहकों को नकद बोनस को भुनाने की सुविधा प्रदान करती है। वैकल्पिक रूप से, ग्राहक इन सभी बोनस को जमा कर सकते हैं और उन पर अतिरिक्त ब्याज भी अर्जित कर सकते हैं। यह उत्पाद विशेष रूप से उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो पॉलिसी अवधि के दौरान अतिरिक्त लिक्विडिटी रखने का विकल्प बरकरार रखना चाहते हैं।₹यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक मानस रंजन बिस्वाल ने कहा, इंडियाफर्स्ट लाइफ हमारे ग्राहकों के लिए समग्र जीवन बीमा उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। इंडियाफर्स्ट लाइफ फॉर्च्यून प्लस प्लान के साथ, हमारे ग्राहक पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान लाइफ कवर, गारंटीड सर्वाइवल बेनिफिट और कैश बोनस का लाभ उठाएंगे। उनके पास पीपीटी के बाद शुरू होने वाले सर्वाइवल बेनिफिट को संचित करने और उस पर अतिरिक्त ब्याज अर्जित करने का लचीलापन भी होगा। इंडियाफर्स्ट लाइफ फॉर्च्यून प्लस प्लान हमारे #कस्टमरफर्स्ट की जरूरतों को पूरा करने में



हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इंडियाफर्स्ट लाइफ का फॉर्च्यून प्लस प्लान नियमित आय के माध्यम से जीवन की आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए जीवन बीमा और बचत का दोहरा लाभ प्रदान करता है। यह योजना 01 माह से 60 वर्ष की आयु के लिए उपलब्ध है, परिपक्वता की अधिकतम आयु 80 वर्ष है। इस पॉलिसी के अंतर्गत ग्राहक मासिक, त्रैमासिक, अर्ध-वार्षिक या वार्षिक आधार पर प्रीमियम का भुगतान कर सकते हैं। सर्वाइवल बेनिफिट प्रीमियम भुगतान अवधि के अंत में तुरंत शुरू हो जाता है। ग्राहकों के पास अपनी पॉलिसी में वेवर ऑफ प्रीमियम राइडर जोड़ने का विकल्प भी है, ताकि किसी दुर्घटना या आकस्मिकता की स्थिति में अपने प्रियजनों को भविष्य के प्रीमियम का भुगतान करने के बोझ से बचाया जा सके। पारंपरिक रिवरजन बोनस के विपरीत, जो आम-तौर पर पॉलिसी में जमा हो जाता है और परिपक्वता / मृत्यु / सरेंडर के साथ ही मिल पाता है, यह उत्पाद आपको पालिसी अवधि के दौरान अपने बोनस को भुनाने की अनुमति देता है।

# बलात्कारी की मदद करने वाली कांग्रेस सरकार को मत डालो वोट महिलाओ ने की अपील

## पंजाब में कांग्रेस सरकार बलात्कारियों की करती है मदद.... संगीता भण्डारी

» मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः लुधियाना की महिलाओ ने फैसला किया है कि पंजाब में पिछले कई सालों से कांग्रेस सरकार ने आरोपियों की मदद की है एक महिला के साथ रेप होता है उसको इंसाफ नहीं मिलता बल्कि कांग्रेस का मंत्री खुले आम आरोपी की मदद करता है संगीता भंडारी ने कहा कि चन्नी सरकार अपने आप को आम आदमी कहती हैं वही लुधियाना में बलात्कारी आरोपी खुलेआम घूम रहा है पुलिस प्रशासन भी हाथ डालने से डरती हैं एक मंत्री के इशारे पर उस आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं होती यह कांग्रेस सरकार का इंसाफ है सभी महिलाओं से अपील है कि ऐसी कांग्रेस सरकार का बाय काट किया जाए जो महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर सकती और आरोपियों को सजा नहीं दे सकती हरप्रीत कौर दुआ ने बताया कि जहां पर महिलाओं को मान सम्मान नहीं किया



जाता उस सरकार को वोट नहीं डालनी चाहिए चन्नी सरकार आरोपियों की मदद करती है खुलेआम लुधियाना का मंत्री आरोपी को बचा रहा है और एक महिला पिछले कई सालों से इंसाफ के लिए धक्के खा रही है मगर उसको अभी तक इंसाफ नहीं दिया गया सभी लुधियाना की महिलाओं से अपील है कि कांग्रेस को वोट ना डालें चन्नी सरकार के राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं विनीत अरोड़ा ने कहा कि सबसे पहले महिलाओं का सम्मान होना चाहिए जिस राज्य में महिलाओं का सम्मान नहीं होता वह सरकार हमेशा के लिए खत्म हो जाती है पंजाब में ऐसी सरकार होनी चाहिए जो महिलाओं की इज्जत कर सके और सरकार चलाने के लिए महिलाओं को साथ लेकर चले ना कि आरोपियों की मदद करें पंजाब में वही सरकार आएगी जो महिलाओं की रक्षा कर सकें।

# पंजाब में चन्नी के नेतृत्व में मजबूर सरकार को चलता कर भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार के पक्ष में करो मतदान : गुरदेव शर्मा देबी



» मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः गुरदेव शर्मा देबी ने विधानसभा सैंट्रल में चुनाव प्रचार के दौरान अमरपुरा, किला मोहल्ला, रणजीत सिंह पार्क, न्यू शिवाजी नगर व दरेसी ग्राउंड के आस पास के मोहल्लों व बाजारों में डोर-टू-डोर प्रचार कर भाजपा के लिए वोट मांगे। सुन्दर नगर, न्यू शिवाजी नगर, रड़ी मोहल्ला,वार्ड-8 में अग्रवाल धर्मशाला, वार्ड-53 में पाहवा गली और इस्लमा गंज स्थित मित्र सभा जंज घर में आयोजित मिटिंगो व वार्ड-20 में आयोजित जनसभा में उपस्थित स्थानीय लोगो को भाजपा के नवां पजाब निर्माण के सपनों को साकार करने के लिए राज्य में भाजपा की मजबूत भावी सरकार के लिए जन सर्मथन देने की अपील की। भाजपा उम्मीदवार गुरदेव देबी ने मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी के नेतृत्व में पंजाब में कांग्रेस की मजबूर सरकार के 111 दिन के शासनकाल का हवाला देते हुए कहा कि अगर आप लोग पंजाब में अमन शांति की बहाली व विकास चाहते हो तो राज्य में मजबूर की बजाए भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार के गठन के लिए मतदान करो। कांग्रेस का केन्द्रीय नेतृत्व चरणजीत चन्नी को दलित व गरीब परिवार से संबधित मुख्यमंत्री बता एक विशेष वर्ग की सहानुभूति हासिल कर वोट बटोरने के प्रयत्न कर रहा हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस के उच्च वर्ग से संबधित सांसद रवनीत बिटटू चुनावी सभाओं में पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को चुनाव के बाद सुपर मुख्यमंत्री बता कर कांग्रेस के मुख्यमंत्री के रुप में पेश किए जा रहे दलित चेहरे की हवा निकाल रहे हैं। देबी ने राज्य की जनता को सुचेत करते हुए कहा कि वह दलित शख्स को सता सौंपने के नाम वोट बटोरने वाली ताकतों से सुचेत रहें। इस अवसर पर अमरीक सिंह भोला, रमेश जैन बिट्टा, अमित मितल, अनिल बतरा, नीरज वर्मा, रौनी एबट, विक्की सहोता, विक्की मल्हौत्रा, अरविन्दरपाल सोनी, नीटू बजाज, नीरज तलवाड़., हिमांशु जिंदल, सिमर सिम्मू, गौरवजीत गोरा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# हैट्रिक मारने के सपने देखने वाले को हल्का पश्चिम के वोटर इस बार करेगे क्लीन बोल्ड

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः विधानसभा क्षेत्र पश्चिम से भाजपा के प्रत्याशी बिक्रम सिंह सिद्धू के चुनाव प्रचार को लोगो का भरपूर समर्थन मिल रहा है ।आज अशोक नगर,डेयरी कॉम्प्लेक्स चांद कालोनी में आपनी चुनाव सभाओं के दौरान एडवोकेट विक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि पंजाब की प्रगति व हलका पश्चिम को पुन विकास के रास्ते पर लाने के लिए, शैक्षिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं में सुधार पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। एडवोकेट विक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि

क्षेत्र के विकास की कमी वर्तमान क्षेत्र के लोगो के लिए एक बड़ा दुखद सपना है ।वार्ड की जनता इस बार बदलाव चाहती है ।ताकि क्षेत्र का विकास हो सके ।वही हल्के का विकास न होना वर्तमान क्षेत्र के मंत्री पर बड़ा कलंक है। जो आज भी हैट्रिक मारने के



सपने देख रहा है। टैगोर नगर किचलू नगर में डोर टू डोर प्रचार करते हुए एडवोकेट विक्रम सिंह सिद्धू की धर्मपत्नी गुरविंदर कौर सिद्धू ने कहा कि हल्के के लोग कांग्रेस, आप, अकाली दल की मन भावन नीतियों में आने वाले नहीं। उन्हें समझ में आ गया है कि ये लोग सिर्फ बाते कर सकते हैं, असल में ये कुछ नहीं कर सकते। बीजेपी जो कहती है वही करती है। इसका एक स्पष्ट उदाहरण भाजपा द्वारा पिछले एक साल में देश के कल्याण के लिए किया गया कार्य है ।उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र जिसमे नशामुक्त पंजाब, खुशहाल किसान, 300 यूनिट फ्री बिजली देने, सरकारी विभागो में सभी रिक्तियां एक वर्ष में भरने, बेरोजगार सनातको को 2 वर्ष के लिए 4 हजार रुपए प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने, 5 एक्ड से कम भूमि वाले किसानो के कृषि ऋण माफ करने, उद्योगों को हुए नुकसान पर श्वेत पत्र जारी करने, पुलिस बल में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने, बुजुर्गो, विकलांगो व विधवाओं के लिए पैंशन की राशि बढाकर 3 हजार रुपए करने के निर्णय से आम जनता को अवगत कराया ।इस अवसर पर जनता की ओर से उनको भरपूर समर्थन का आश्वासन दिया गया ।इस अवसर पर एडवोकेट राघव,एडवोकेट गुरप्रीत सिंह बिंद्रा,तान्या सेठी,हरमन कौर,गुरलीन कौर,रश्मि जैन,नीति गोसाईं,राघव ,ऋषि मिंटू आदि मौजूद थे।

# रिलायंस ज्वेल्स अपने खास वैलेंटाइन्स कलेक्शन 'फ्लोरियो' के साथ प्यार के मौसम का जश्न मना रहा है

नई दिल्लीः भारत में आभूषणों के अग्रणी ब्रांड, रिलायंस ज्वेल्स ने अपने प्यार को परवान चढ़ाने की कामना करने वाले सभी लोगों के लिए बेहद खास वैलेंटाइन्स कलेक्शन - ह्लफ्लोरियोह्व को लॉन्च किया है। प्रेमियों के दिलों में बसा प्यार समय के साथ परवान चढ़ता है और उनके रिश्तों में मजबूती आती है, और इसी बात को ध्यान में रखते हुए रिलायंस ज्वेल्स ने वैलेंटाइन्स डे मनाने के लिए कला की बारीकियों एवं आधुनिक डिजाइनों से सुसज्जित इस बेमिसाल डायमंड ज्वैलरी कलेक्शन के लॉन्च के साथ प्यार के मौसम को गले से लगाया है।

इस कलेक्शन में शामिल आभूषणों के डिजाइन पौधों और फूलों से प्रेरित हैं, जो दिन-ब-दिन बड़े ही मनोहर ढंग से विकसित होते हैं। जिस तरह एक नए बीज को बोने के बाद वह एक खूबसूरत पौधे में बदल जाता है, उसी तरह दो दिलों की प्रेम की कहानी भी फूल की तरह खिलकर एक खूबसूरत रिश्ते में बदल जाती है। समय के साथ सभी अच्छी चीजें विकास की रोशनी में जगमगा उठती हैं। प्रेम के सच्चे अर्थ को जन-जन तक पहुँचाने के लिए, इस खूबसूरत डायमंड कलेक्शन के प्रत्येक आभूषण को बड़ी सावधानी से तैयार किया गया है झ जो आपको हमेशा अपने प्रियजन के साथ रहने और जीवन के सफर में प्यार के सहारे साथ मिलकर आगे बढ़ने की याद दिलाता है।

ह्यफ्लोरियोह्ण सचमुच बेहद खास कलेक्शन है, जो रोज गोल्ड और येलो गोल्ड में आज के जमाने की अंगूठियों तथा पेंडेंट के रूप में बेहद उम्दा डिजाइनों के साथ 12000 रुपये की शुरूआती कीमतों पर उपलब्ध है। यह सही मायने में प्रेम और इसके अटूट बंधनों को दशार्ता है, क्योंकि स्नेह का यह बंधन समय के साथ विकसित होता है। यह कलेक्शन आपके निजी आभूषणों के संग्रह में शामिल होने या अपने प्रियजनों को तोहफे के रूप में देने के लिए सबसे उपयुक्त साबित होगा।

इस नए कलेक्शन के अलावा, रिलायंस ज्वेल्स ने 28 फरवरी तक ह्यड्रीम डायमंड सेलह्ण नामक एक खास ऑफर की घोषणा की है, जिसके तहत रिलायंस ज्वेल्स में हीरे के आभूषणों के इनवॉइस मूल्य पर 25% तक की छूट शामिल है। ग्राहक सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर भी 25% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

यह शानदार कलेक्शन देश भर में मौजूद रिलायंस ज्वेल्स फ्लैगशिप के सभी शोरूम में विशेष रूप से उपलब्ध है, और रिलायंस ज्वेल्स की वेबसाइट ६६६.१ीह्लल्लीूनीदीह्ल२.ङ्गे पर इस कलेक्शन की सीमित रेंज उपलब्ध है।

इस नए कलेक्शन के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री सुनील नायक, सीईओ, रिलायंस ज्वेल्स, ने कहा, ह्लप्यार के इस मौसम में, हम अपने नए कलेक्शन ह्यफ्लोरियोह्ण के जरिए प्रेम के सही अर्थ को अपने मूल्यवान ग्राहकों के साथ अपने दिल में उतारना और साझा करना चाहते हैं। अपने ग्राहकों की खूबसूरती में चार चाँद लगाना ही हमारा उद्देश्य रहा है। इस कलेक्शन के आभूषणों के डिजाइन ह्लग्रो इन लवह्व के सिद्धांत से प्रेरित हैं, जिसके साथ हम दुनिया को एक-दूसरे से प्यार करने और एकजुट होकर विकसित होने, तथा रिश्तों को अटूट बनाने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं।

**रिलायंस ज्वेल्स का परिचयः**

रिलायंस ज्वेल्स भारत में शीर्ष 10 विश्वसनीय रिटेल ब्रांड्स की सूची में शामिल, रिलायंस रिटेल लिमिटेड का एक हिस्सा है। यह ब्रांड सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों की शानदार और बड़ी रेंज पेश करता है। बेहतरीन डिजाइन और कारीगरी पर विशेष ध्यान देते हुए, रिलायंस ज्वेल्स का लक्ष्य अपने ग्राहकों को बेहद खास और बेमिसाल डिजाइनर कलेक्शन उपलब्ध कराना है, जो कला, शिल्प और भारत की समृद्ध विरासत से प्रेरित हो। रिलायंस ज्वेल्स अपने ग्राहकों के जीवन के हर खास लम्हे का जश्न मनाने में यकीन रखता है।

रिलायंस ज्वेल्स के पास भारत के 125 से अधिक शहरों में 250 से ज्यादा फ्लैगशिप शोरूम और शॉप-इन शॉप्स का स्वामित्व है और उनका संचालन करता है, साथ ही बड़ी तेजी से अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहा है। ब्रांड हमेशा अपने ग्राहकों को बेमिसाल सेवाएं और आभूषणों की खरीदारी का एकीकृत अनुभव प्रदान करके उनकी खुशी सुनिश्चित करता है। रिलायंस ज्वेल्स में सोने एवं हीरे के आभूषण बेहद किफायती मूल्य पर उपलब्ध हैं ।शून्य-बबार्दी और प्रतिस्पर्धियों की तुलना में किफायती मेकिंग चार्जेज, ग्राहकों के लिए 100% संतुष्टि सुनिश्चित करते हैं। रिलायंस ज्वेल्स अपने प्रत्येक आभूषण में 100 प्रतिशत शुद्धता, पारदर्शी कीमत और गुणवत्ता की गारंटी का भरोसा देता है। ब्रांड केवल 100% बीआईएस हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की बिक्री करता है, और आभूषणों में इस्तेमाल किया जाने वाला प्रत्येक हीरा स्वतंत्र प्रमाणन प्रयोगशालाओं द्वारा प्रमाणित होता है। रिलायंस ज्वेल्स के सभी शोरूम में मरम्मत के लिए क्यूसी टेक रूम, तथा ग्राहकों के लिए सोने की शुद्धता के निःशुल्क आकलन हेतु कैरेट मीटर की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा ब्रांड हर खरीदारी पर ग्राहकों को लॉयल्टी प्वॉइंट भी देता है।

अपने कलेक्शन में विभिन्न प्रकार के शानदार डिजाइनों के साथ, रिलायंस ज्वेल्स के पास हर शख़्सियत और हर मौके के लिए आभूषण उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया http://www.reliancejewels.com पर जाएँ

फेसबुकः https://www.facebook.com/RelianceJewels/

इंस्टाग्रामः https://www.instagram.com/reliancejewels/

यूट्यूबः हमारा यूट्यूब चैनल - https://bit.ly/3CFj3Y5 देखें और सब्सक्राइब करें

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# प्राकृतिक आपदाओं की भेंट चढ़ते जवान



प्रभुनाथ शुक्ल

अरुणाचल प्रदेश के कामेंग इलाके में हिमस्खलन की वजह से सेना के सात जवान शहीद हो गए। जवानों की शहादत उस स्थान पर हुईं जहां हमारे देश की सीमा चीन से लगती है। प्राकृतिक आपदाओं में सेना के जवानों की शहादत हमारे लिए बड़ा सवाल है। गृह और रक्षा मंत्रालय को एक साथ मिलकर प्राकृतिक आपदाओं में जवानों की शहादत को रोकना चाहिए। भू और मौसम वैज्ञानिकों के साथ सेना की तकनीकी विभाग को मिलकर इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए रणनीति बनानी चाहिए। क्योंकि बफीर्ले तूफान की भेंट चढ़ कर अब तक एक हजार से अधिक जवान शहीद हो चुके हैं।

मौसम की गड़बड़ी की वजह से सेना के जवानों को एयरलिफ्ट नहीं किया जा सका। भारी हिमस्खलन होने से सभी सात जवान शहीद हो गए। एवलॉन्च और हिमस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं कोई नयी नहीं है। हमारे जवान दुर्गम पहड़ी इलाकों में हजारों फीट की ऊचाई पर देश की रक्षा करते हैं। सेना की शहादत और पराक्रम को भूनाने वाली सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पूरा देश भारतीय जवानों पर गर्व करता। हम बफीर्ली ठंड में जब कमरों में वार्मर लगा कर राजाई में गहरी नींद लेते हैं तो हमारा जवान एवलांच और

हिमस्खलन जैसी प्रकृतिक आपदा में शहीद होता है।अनावश्यक किसी जवान की शहादत राष्ट्र को भारी क्षति पहुंचाती है। शहादत कि कीमत आम भारतीय परिवार किस तरह चुकाता है इसकी पीड़ा कोई उसी से पूछे जिनके सपने और उम्मीदें लुट जाती हैं।

ह्यऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी, जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुबार्नी..ह्लस्वर कोकिला लता जी अब हमारे बीच नहीं रहीं। यह अमर गीत लिखने वाले कवि प्रदीप भी नहीं हैं, लेकिन लता और प्रदीप जी अमर हो गए। इस गीत को सुनकर हर भारतीय के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। शहीदों के सम्मान में आँसू निकल आते हैं। सीना गर्व से फूल उठता है। उसके अंदर एक सैनिक का जज्बा जाग उठता है। लेकिन सेना के लिए हमारी चिंता कितनी है सवाल इस बात का भी है।

आपको याद होगा 2017 में श्रीनगर के गुरेज सेक्टर में एवलांच यानी बफीर्ले तूफान में 15 जवानों की मौत ने देश को हिलाकर रख दिया। एवलांच मौत की सुनामी बन कर आया था। हमने अपने जाबाज जवानों को बेमतलब खो दिया था। जवान दुश्मन के खिलाफ जंग लड़ते नहीं प्राकृतिक कहर में मारे गए। वह भी जिस चौकी पर जवान शहीद हुए वह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण थी। कुछ ऐसा ही अरुणाचल प्रदेश के कामेंग इलाके में हिमस्खलन की वजह से हुआ।



हमारे सैनिक प्राकृतिक आपदा का शिकार क्यों होते हैं।क्या हमारे पड़ोसी मुल्क चीन, अमेरिका और रूस के जवान भी बफीर्ली सीमा पर इस तरह शहीद होते हैं। अगर नहीं तो हमने क्या इस बारे में कभी सोचा? जवानों की सुरक्षा के लिए हमने कोई तंत्र अब तक क्यों नहीं विकसित किया? सिर्फ जवानों की शहादत पर घड़ियाली आंसू बहाने से क्या हम जिम्मेदारियों से बच सकते हैं। सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

फरवरी 2016 में भी हमारे 10 जवान इसी तरह शहीद हुए थे, जिसमें मेजर हनुमनथप्पा भी शामिल थे, जिन्हें कई दिन बाद बर्फ से बाहर निकाला गया, लेकिन हम उन्हें बचा नहीं पाए। हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं में एवलांच यानी बफीर्ला तूफान और हिमस्खलन ठंड के मौसम में समान्य घटना है।हजारों फीट ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं पर बफीर्ले तूफान की वजह से मोटी परत जम जाती है। अधिक दबाब की वजह से जब यह नीचे आती है तो इसे एवलांच कहा जाता है। इसकी गति सीमा 100 से 150 किमी प्रतिघंटा की होती है, जिसकी हम कल्पना तक नहीं कर सकते।

हिमालयी इलाकों में सीमा की सुरक्षा बेहद खतरनाक है। जवानों का एक-एक कदम जोखिम भरा होता है। यंत्रों के माध्यम से जांच परख के बाद वह अपना कदम बढ़ाते हैं। एक-दूसरे के साथ रस्सियों के सहारे आपस में बंधे होते हैं। ऑक्सीजन कम होने से सांस लेना भी मुश्किल होता है। बफीर्ली गर्तो में समाने का डर हमेशा बना रहता है। वहां तापमान माइनस से कई डिग्री नीचे रहता है।

सफेद बर्फ पर जब सूरज की रौशनी पड़ती है तो उससे आंखों की रौशनी जाने का भी खतरा बना रहता है। इसीलिए जवान विशेष प्रकार का चश्मा पहनते हैं। एवलांच और हिमस्खलन से जवानों को कैसे सुरक्षित रखा जाए अभी तक इसकी तकनीक विकसित नहीं हो पाई है। यह हमारे सिस्टम की सबसे बड़ी नाकामी है। इस पर कभी विचार नहीं किया गया कि एवलांच जैसे बफीर्ले तूफान से सीमा पर तैनात जवानों को कैसे बचाया जाए।

हम मंगल ग्रह पर सिर्फ तीन साल में उपग्रह भेज कर अपनी कामयाबी का झंडा बुलंद कर सकते हैं। मिसाइल तकनीक में दुनिया में भारत का लोहा मनवा सकते हैं, लेकिन जवानों की सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक कसौटी पर खरा सुरक्षा कवच नहीं तैयार कर सकते। आखिर क्यों?

डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गनाइजेशन यानी डीआरडीओ ने 2004 में (डब्लूपीएमएस) नामक सिस्टम विकसित करने की प्लानिंग बनाई थी। जिसे वैरियबल साइकोलॉजिकल मॉनिटरिंग सिस्टम का नाम दिया था। संक्षिप्त में उसे स्मार्ट वेस्ट भी कहा गया। इस तकनीक के माध्यम से बफीर्ली सीमा पर तैनात जवानों को एक सेंसर लगी जैकेट दी जाती। उस सेंसर के जरिए जवानों की पूरी लोकेशन और स्वास्थ्य की जानकारी कमांडिंग कंट्रोल कैंप को मिलती रहती। संयोग से अगर जवानों की टीम हिमस्खलन या बफीर्ले तूफान में फंस गयी तो सेंसर के जरिए वह जानकारी बेसकैंप तक पहुंच जाती, जिससे पूरी यूनिट सतर्क हो जाती और फंसे जवान को सुरक्षित निकालने का प्रसास किया जाता। लेकिन अभी तक यह सुविधा सेना को उपलब्ध हुई या नहीं यह हम नहीं कह सकते। वैसे वर्तमान सरकार सेना के तकनीकी विकास, सुरक्षा और उनकी सुविधाओं को लेकर अधिक संवेदनशील है, लेकिन सेना प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए बहुत कुछ करना है।

सेना के संपूर्ण विकास और उसकी सुरक्षा के लिए अलग से रणनीति बननी चाहिए। रक्षा और गृहमंत्रालय को इस पर त्वरित नीतिगत फैसले की जरूरत है।भारतीय सेना प्राकृतिक विषमताओं वाले दुर्गम इलाकों में काम करती है, जिससे उसके स्वास्थ्य और सुरक्षा का मसला हमेशा खड़ा रहता है। सेना के लिए एक खास वैज्ञानिक और तकनीकी यूनिट का विकास होना चाहिए, जिसका काम सिर्फ सेना की सुरक्षा और उसकी तकनीकी सुविधाओं का ख्याल रखे। क्योंकि हमारी सेना हमारी शान और राष्ट्ररक्षा

में उसके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता है।

## संपादकीय

# भक्तों की सहायता करते हैं ईश्वर



ईश्वर को हम भले ही न देख पाएं लेकिन ईश्वर हर क्षण हमें देख रहा होता है। उसकी दृष्टि हमेशा अपने भक्तों एवं सद्व्यक्तियों पर रहती है। अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि जीवन में कभी न कभी कठिन समय में ईश्वर स्वयं आकर आपकी सहायता कर चुके हैं। उस कठिन समय में आपके अंदर भक्ति की भावना उमड़ रही होगी और आप ईश्वर को याद कर रहे होंगे। शास्त्र कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं।

गजराज की कहानी आपने जरूर सुनी या पढ़ी होगी। नदी में गजराज को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। इस कठिन समय में गजराज ने भगवान को पुकारा और भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान ने अपने चक्र से मगरमच्छ का सिर काट दिया और गजराज के प्राण की रक्षा की। सूरदास जी के जीवन की भी एक ऐसी ही कथा है।

सूरदास जी देख नहीं सकते थे। एक बार गलती से एक गड्ढे में गिर गये। गड्ढे से निकलने का काफी प्रयास करने पर भी वह बाहर निकलने में असफल रहे। इस स्थिति में सूरदास जी ने गोपाल को पुकारा। भगवान श्री कृष्ण बालक रूप में पहुंच गये और सूरदास जी को गड्ढे से बाहर निकाला। मीरा के प्राण की रक्षा के लिए भगवान ने मीरा को मारने के लिए भेजे गये विष को प्रभावहीन कर दिया।

बघेलखण्ड के बान्धवगढ़ में रहने वाले सेन नामक नाई की भी भगवान ने सहायता की और बघेलखंड का राजा सेन नाई का भक्त बन गया। यह घटना पांच छः सौ साल पुरानी है। सेन नाई राजा की सेवा करता था। इसका काम प्रतिदिन राजा की हजामत बनाना और तेल मालिश करके स्नान कराना था। एक दिन सेन नाई जब राजमहल की ओर चला तब रास्ते में संतों की टोली मिल गयी। नाई उन्हें लेकर घर आ गया और उनकी खूब सेवा की। संतों के साथ बैठकर संत्संग में भाग लिया।

राजा के स्नान करने का समय बीता जा रहा था। नाई के नहीं आने से राजा क्रोधित हो रहे थे। इसी समय भगवान स्वयं सेन नाई का वेष धारणकर राजा की सेवा में पहुंच गये। नई बने भगवान की सेवा से राजा का क्रोध दूर हो गया और मन हर्षित हो गया। सत्संग समाप्त होने के बाद सेन नाई को याद आया कि राजा की सेवा में देरी हो गयी है। हजामत का सामान लेकर डरता हुआ सेन नाई राजमहल में पहुंचा।

राजा को देर से आने का कारण बताने लगा। इस पर राजा ने कहा कि तुम तो मेरी हजामत बना चुके हो। आज तुम्हारी सेवा से मैं अत्यंत प्रसन्न हूं। नाई समझ गया कि आज उसके कारण भगवान को नाई बनना पड़ा। इससे नाई को बड़ा अफसोस हुआ। राजा को जब इस बात का ज्ञान हुआ कि नाई की भक्ति की लाज रखने के लिए भगवान स्वयं आज नाई बनकर आये थे। राजा नाई की भक्त बन गया और उसे अपना गुरू मान लिया। ऐसी कई घटनाएं हैं जो ईश्वर के अस्तित्व और उसकी सहायता का प्रमाण देते हैं। इसलिए कभी भी खुद को बेसहारा नहीं समझना चाहिए।

# संसदीय गरिमा पर सवाल?



ओमप्रकाश मेहता

**प्रधानमंत्री जी की भावी जीत के प्रति व्यग्रता इतनी अधिक बढ़ गई है कि उन्हें अपने पद की मयार्दा का भी ख्याल नहीं रहता, पार्टी ने चूंकि पूरे देश में भाजपा को ह्यचक्रवर्ती सम्राटह्ल बनाने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री को सौंपी है, इसलिए शायद वे अपनी व पद की मयार्दा भूल कर पार्टी प्रचार में जुटे है। संसद में अभिभाषण के जवाब में उनके विचार इसी भावना को मूर्तरूप प्रदान कर रहे है। इससे पहले संसद के दोनों सदनों में कभी भी पार्टी प्रचार के दृष्य नहीं देखे गए, संसद में चर्चा सरकार व उसके कार्यों पर ही सीमित रहती थी, किंतु अब प्रधानमंत्री जी ने एक नई परम्परा को जन्म दे दिया है। ....और पार्टी प्रचार व जीत के प्रयासों में वह सब किया जा रहा है, जो राजनीतिक मयार्दा के अनुकूल नहीं है।**



(अभिभाषण के जवाब में पार्टी प्रचार कहाँ तक उचित?

देश के प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव इतने हावी हो गए है कि वे संसदीय मयार्दा को भी विस्मृत कर रहे है, इसका ताजा उदाहरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी द्वारा संसद में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर दिया गया जवाब है, जिसमें अभिभाषण के मुद्दों पर तथा सरकार की कथित उपलब्धियों पर चर्चा करने के स्थान पर अपनी पार्टी के चुनाव प्रचार और प्रमुख प्रतिपक्षी दल कांग्रेस को कोसने का गैर संसदीय कृत्य किया गया। प्रधानमंत्री जी ने कांग्रेस को जिन शब्दों में कोसा वे भी ससंदीय मयार्दा व प्रधानमंत्री जी के पद के अनुकूल नहीं थे, अब इसे क्या कहा जाए?

प्रधानमंत्री जी की भावी जीत के प्रति व्यग्रता इतनी अधिक बढ़ गई है कि उन्हें अपने पद की मयार्दा का भी ख्याल नहीं रहता, पार्टी ने चूंकि पूरे देश में भाजपा को ह्यचक्रवर्ती सम्राटह्ल बनाने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री को सौंपी है, इसलिए शायद वे अपनी व पद की मयार्दा भूल कर पार्टी प्रचार में जुटे है। संसद में अभिभाषण के जवाब में उनके विचार इसी भावना को मूर्तरूप प्रदान कर रहे है। इससे पहले संसद के दोनों सदनों में कभी भी पार्टी प्रचार के दृष्य नहीं देखे गए, संसद में चर्चा सरकार व उसके कार्यों पर ही सीमित रहती थी, किंतु अब प्रधानमंत्री जी ने एक नई परम्परा को जन्म दे दिया है। ....और पार्टी प्रचार व जीत के प्रयासों में वह सब किया जा रहा है, जो राजनीतिक मयार्दा के अनुकूल नहीं है।

यहीं नहीं अब तो भाजपा के केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा बयान भी कुछ अजीब ही दिये जा रहे है, उदाहरण स्वरूप पार्टी के महासचिव व मध्यप्रदेश के संगठन प्रभारी मुरलीधर राज का यह कहना कि भाजपा के वोट शेयर का लक्ष्य अब पचास फीसदी से अधिक करने का है जिससे कि अगले पच्चीस साल तक देश पर राज करने में कोई परेशानी पैदा नही हो, साथ ही अपने इसी तर्क के विरोध में स्वयं ही यह भी कहते नजर आ रहे है कि लगातार सत्ता में रहने से सोच स्थिर हो जाती है आखिर इस तरह की अन्तर्विरोधी बयानबाजी पार्टी का कौन सा लक्ष्य साधती है?

इस सबसे अलग हटकर भी यदि मौजूदा राजनीतिक हालातों पर गौर किया जाए तो भाजपा व उनकी केन्द्र व राज्य सरकारों की अल्प संख्यक मुस्लिमों के प्रति बढ़ती ज्यादतियां है, ताजा उदाहरण कर्नाटक से शुरू हुआ शिक्षण संस्थाओं में हिजाब (बुरका) का विरोध है, वहां स्कूल-कॉलेजों की छात्राओं से कहा जा रहा है कि चूंकि हिजाब (बुरका) शिक्षण संस्थान की निर्धारित पौषाक का अंग नहीं है, इसलिए हिजाब डालकर शिक्षण संस्था में आना गैरकानूनी है, वहां इसी मुद्दें पर हिंसक वारदातें भी हो रही है, हिजाब का विरोध करने वाले युवा छात्र अपने गले में केशरियां दुपट्टा डाले हुए थे, जो वह भी निर्धारित पौषाक का अंग नहीं है, इन केशरियां दुपट्टा छात्रों को भाजपा समर्थित बताया जा रहा है। यह एक नया विवाद है जो कर्नाटक के बाद अब देश के अन्य भाजपाशासित राज्यों में भी फैल रहा है, यही नहीं चुनावी राज्यों (खासकर उत्तरप्रदेश) में भी इसकी भनक सुनाई पड़ने लगी है, यदि इसे शीघ्र रोकने का प्रयास नहीं किया गया तो देश में साम्प्रदायिक दुर्भावनाओं के विस्तार की संभावनाएं बढ़ सकती है। वैसे जहां तक साम्प्रदायिक दंगों का सवाल है, प्रधानमंत्री तथा भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी चाहे यह कहें कि देश में पिछले सालों में एक भी साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ, जबकि स्वयं गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में लिखित रूप से स्वीकार किया कि 2018 से 2020 की अवधि के दौरान देश में 1807 साम्प्रदायिक दंगें हुए, अकेले बिहार में तीन साल में 2777 दंगाईयों की गिरफ्तारियां हुई है। जबकि महाराष्ट्र में तीन साल में 167 मामले दर्ज किए गए। इस प्रकार इस देश में साम्प्रदायिकता का जहर अभी भी व्याप्त है।

इस प्रकार कुल मिलाकर देश का राजनीतिक माहौल कुछ अजीब ही शक्ल लेता जा रहा है, देश का सत्तारूढ़ दल सभी काम छोड़कर केवल विस्तारवादी विचारधारा से जुड़ गया है, वहीं अन्य प्रतिपक्षी दल अपने अंदर के कलह को दूर नहीं कर पा रहे हैं, अब ऐसी स्थिति में देश का आम वोटर पूरी तरह उपेक्षित हो गया है और उसे अपने दैनंदिनी उलझनों से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। ऐसी विषम स्थिति में कोई करे भी तो क्या?

# सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और कवियत्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान की पुण्य तिथि



विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

सुभद्रा कुमारी चौहान (१६ अगस्त १९०४-१५ फरवरी १९४८) हिन्दी की सुप्रसिद्ध कवयित्री और लेखिका थीं। झाँसी की रानी (कविता) उनकी प्रसिद्ध कविता है। वे राष्ट्रीय चेतना की एक सजग कवयित्री रही हैं। स्वाधीनता संग्राम में अनेक बार जेल यातनाएँ सहने के पश्चात अपनी अनुभूतियों को कहानी में भी व्यक्त किया।

जीवन परिचय

उनका जन्म नागपंचमी के दिन इलाहाबाद के निकट निहालपुर नामक गांव में रामनाथसिंह के जमींदार परिवार में हुआ था। बाल्यकाल से ही वे कविताएँ रचने लगी थीं। उनकी रचनाएँ राष्ट्रीयता की भावना से परिपूर्ण हैं।सुभद्रा कुमारी चौहान, चार बहने और दो भाई थे। उनके पिता ठाकुर रामनाथ सिंह शिक्षा के प्रेमी थे और उन्हीं की देख-रेख में उनकी प्रारम्भिक शिक्षा भी हुई। इलाहाबाद के क्रास्थवेट गर्ल्स स्कूल में महादेवी वर्मा उनकी जूनियर और सहेली थीं। १९१९ में खंडवा के ठाकुर लक्ष्मण सिंह के साथ विवाह के बाद वे जबलपुर आ गई थीं। १९२१ में गांधी जी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने वाली वह प्रथम महिला थीं। वे दो बार जेल भी गई थीं सुभद्रा कुमारी चौहान की जीवनी, इनकी पुत्री, सुधा चौहान ने ह्यमिला तेज से तेजह्ल नामक पुस्तक में लिखी है। इसे हंस प्रकाशन, इलाहाबाद ने प्रकाशित किया है। वे एक रचनाकार होने के साथ-साथ स्वाधीनता संग्राम की सेनानी भी थीं। डॉह्ण मंगला अनुजा की पुस्तक सुभद्रा कुमारी चौहान उनके साहित्यिक व स्वाधीनता संघर्ष के जीवन पर प्रकाश डालती है। साथ ही स्वाधीनता आंदोलन में उनके कविता के जरिए नेतृत्व को भी रेखांकित करती है १५ फरवरी १९४८ को एक कार दुर्घटना में उनका आकस्मिक निधन हो गया था।

कथा साहित्य

ह्यबिखरे मोतीह्ल उनका पहला कहानी संग्रह है। इसमें भग्नावशेष, होली, पापीपेट, मंछलीरानी, परिवर्तन, दृष्टिकोण, कदम्ब के फूल, किस्मत, मछुये की बेटी, एकादशी, आहुति, थाती, अमराई, अनुरोध, व ग्रामीणा कुल १५ कहानियां हैं! इन कहानियों की भाषा सरल बोलचाल की भाषा है! अधिकांश कहानियां नारी विमर्श पर केंद्रित हैं! उन्मादिनी शीर्षक से उनका दूसरा कथा संग्रह १९३४ में छपा। इस में उन्मादिनी, असमंजस, अभियुक्त, सोने की कंठी, नारी हृदय, पवित्र ईर्ष्या, अंगूठी की खोज, चढ़ा दिमाग, व वेश्या की लड़की कुल ९ कहानियां हैं। इन सब कहानियों का मुख्य स्वर पारिवारिक सामाजिक परिदृश्य ही है। ह्यसीधे साधे चित्रह्ल सुभद्रा कुमारी चौहान का तीसरा व अंतिम कथा संग्रह है। इसमें कुल १४ कहानियां हैं। रूपा, कैलाशी नानी, बिआल्हा, कल्याणी, दो साथी, प्रोफेसर मित्रा, दुराचारी व मंगला - ८ कहानियों की कथावस्तु नारी प्रधान पारिवारिक सामाजिक समस्यायें हैं। हींगवाला, राही, तांगे वाला, एवं गुलाबसिंह कहानियां राष्ट्रीय विषयों पर आधारित हैं। सुभद्रा कुमारी चौहान ने कुल ४६ कहानियां लिखी और अपनी व्यापक कथा दृष्टि से वे एक अति लोकप्रिय कथाकार के रूप में हिन्दी साहित्य जगत में सुप्रतिष्ठित हैं।

वातावरण चित्रण-प्रधान शैली की भाषा सरल तथा काव्यात्मक है, इस कारण इनकी रचना की सादगी हृदयग्राही है।

सम्मान

सेकसरिया पारितोषिक (१९३१)[7] ह्यमुकुलह्ल (कविता-संग्रह) के लिए

सेकसरिया पारितोषिक (१९३२) ह्यबिखरे मोतीह्ल (कहानी-संग्रह) के लिए (दूसरी बार)[8]

भारतीय डाकतार विभाग ने ६ अगस्त १९७६ को सुभद्रा कुमारी चौहान के सम्मान में २५ पैसे का एक डाक-टिकट जारी किया है।

भारतीय तटरक्षक सेना ने २८ अप्रैल २००६ को सुभद्राकुमारी चौहान की राष्ट्रप्रेम की भावना को सम्मानित करने के लिए नए नियुक्त एक तटरक्षक जहाज को सुभद्रा कुमारी चौहान का नाम दिया है।

कृतियाँ

कहानी संग्रह ---बिखरे मोती -१९३२ उन्मादिनी -१९३४ सीधे-साधे चित्र -१९४७ सीधे-साधे चित्र -१९८३ (पूर्व प्रकाशित एवं संकलित-असंकलित समस्त कहानियों का संग्रह; हंस प्रकाशन, इलाहाबाद से प्रकाशित।)

कविता संग्रह---मुकुल,त्रिधारा

बाल-साहित्य---झाँसी की रानी, कदम्ब का पेड़ सभा का खेल

प्रसिद्ध पंक्तियाँ

यह कदंब का पेड़ अगर माँ होता यमुना तीरे।
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे॥
सिंहासन हिल उठे राजवंशों ने भृकुटी तानी थी,
बूढ़े भारत में भी आई फिर से नयी जवानी थी,
गुमी हुई आजादी की कीमत सबने पहचानी थी,
दूर फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी।
मुझे छोड़ कर तुम्हें प्राणधन
सुख या शान्ति नहीं होगी
यही बात तुम भी कहते थे
सोचो, भ्रान्ति नहीं होगी।
आ रही हिमाचल से पुकार,
है उदधि गरजता बार-बार,
प्राची, पश्चिम, भू, नभ अपार,
सब पूछ रहे हैं दिग्-दिगंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायती राज विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन।

मदरलैण्ड संवाददाता, बांका। रजौन पटना पंचायती राज विभाग द्वारा आदेशानुसार सोमवार को बांका जिला के रजौन प्रखंड के आईटी भवन में सबकी योजना सबका विकास के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रमुख, उप प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कृषि, पंचायत समिति सदस्य, पदाधिकारी, विकास योजना पदाधिकारी, प्रोग्रामर अधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को आदेश दिया गया था इस प्रशिक्षण में रहने का लेकिन प्रशिक्षण मैं कई अधिकारी पहुंची नहीं पाए थे। पूछने पर कई बाबू ने जिला का हवाला दे दिया। जबकि प्रशिक्षण में ऑनलाइन प्रशिक्षण के तहत वित्तीय वर्ष 22-23 के लिए समयबद् अवधि में समग्र, समावेशी एवं सहभागी प्रखंड विकास योजना, बीपीटीपी, तथा स्वराज पोर्टल में डेटा प्रविष्टि करने के अलावे प्रशिक्षण में कई जानकारियां दी गई। जबकि प्रखंड प्रमुख रूबी देवी ही इस प्रशिक्षण के शुरूआती दौर से लेकर अंतिम दौर तक मौजूद रही। कई प्रतिनिधि समेत अधिकारी तो बीच प्रशिक्षण में भी निकलते नजर आए।

### राजद नेता ने किया कम्बल वितरण




मदरलैण्ड संवाददाता, पटना। राजद नेता मनोज कुमार सिंह ने अपनी माता की पुण्यतिथि पर गरीबो के बीच कम्बल का वितरण किया, और इस मौके पर मनोज सिंह ने कहाँ की मै हमेशा अपनी माँ के बताये रास्ते पर ही चल रहा हूँ, वही हमारी प्रेरणा शोत्र है, वही उन्होने पूर्व सांसद आन्नद मोहन सिंह के रिहाई के लिए 22 अप्रैल को वीर कुंवर सिंह की जयंती पर लाखों की सख्या में लोगों को रैली में जुटने की अपील भी की।

### अग्निशामक जागरूकता रथ को डीएम ने हरी झंडी दिखा किया रवाना



मदरलैण्ड संवाददाता, मोतिहारी। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, अपर समाहर्ता शशिशेखर चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर सौरभ सुमन यादव एवं जिला अग्निशामन पदाधिकारी डॉ अशोक के द्वारा सोमवार को अग्निशामक जागरूकता रथ को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। फरवरी माह में पछुआ हवा तेज गति से चलने के कारण आग लगने की संभावना को देखते हुए इससे बचाव के लिए जिले के सभी प्रखंडों में नुक्कड़ नाटक एवं वीडियो क्लिप के माध्यम से आम जनता को जागरूक करने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही मोतिहारी नगर के राजकीय बाल निकेतन मध्य विद्यालय एवं मुंशी सिंह महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक एवं वीडियो क्लिप के माध्यम से अग्नि से बचाव हेतु जिला अग्निशमन दस्ता के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे आम जनता एवं छात्र एवं छात्राओं को विस्तृत रूप से अग्नि से बचाव हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। बाल निकेतन मध्य विद्यालय में करीब ढाई सौ से अधिक व्यक्तियों को तथा मुंशी सिंह विद्यालय में प्राचार्य अरुण कुमार की उपस्थिति में उपस्थित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के बीच अग्नि से बचाव का विस्तृत जानकारी दी गई।

### खेती को लाभप्रद व्यवसाय के रूप में विकसित करने की आवश्यकता: उपायुक्त



मदरलैण्ड संवाददाता, देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने देवघर प्रखंड के पदनबेरा (Padanbera) गांव में जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा स्ट्राबेरी की खेती को लेकर स्वयं सहायता समूह बनाकर किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा है कि इस प्रकार का एक छोटा सा प्रयास एक साथ कई महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा कर देता है एवं इसका जीता-जागता उदाहरण समूह की महिलाएं हैं। यह हम सभी के लिए खुशी की बात है कि सभी के साझा प्रयास से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सशक्त हो रही हैं एवं दूसरों को भी अपने पैरों पर खड़ा होकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित कर रही हैं। ज्ञात हो कि देवघर प्रखंड के पदनबेरा (Padanbera) की स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा बतलाया गया कि वे लोग घर के काम-काज के बाद खाली बैठी रहती थी। खाली वक्त में कोई काम नहीं रहता था। ऐसे में जेएसएलपीएस से प्रशिक्षण प्राप्त कर हम सभी महिला किसानों ने स्वयं सहायता समूह बना कर स्ट्राबेरी की खेती शुरू की है। एक नई शुरूआत और नया अनुभव है हम सभी दीदियों के लिए, लेकिन हम सभी को अपनी मेहनत और बढ़ती फसल पर भरोसा है। इसलिए उम्मीद है कि स्ट्राबेरी की खेती से अच्छी आमदनी हो सकती है। दरअसल इन महिला समूहों को झारखंड राज्य आजीविका मिशन की ओर से पहले प्रोत्साहित किया गया। बाद में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेर्शानुसार इन्हें इसकी खेती की बारीकियों का बाकायदा प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावे प्रशिक्षण मिलने के बाद जेएसएलपीएस द्वारा उन्हें स्ट्रॉबेरी के पौधे के अलावा खेती के लिए जरूरी आवश्यक उपक्रम दिए गए हैं। जिसके पश्चात दीदियों द्वारा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपने गाँव पदनबेरा में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू कर दी गई। अच्छी बात है कि अब इनके पौधों में फल भी आने शुरू हो गए हैं।

# दो दशक से पथ का मरम्मती कार्य नही होने से मुख्य पथ जर्जर

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। प्रखंड मुख्यालय चौक से बजही, मटिहानी होकर मालपुर गांव जानेवाली मुख्य पथ अत्यंत जर्जर है.पिछले दो दशक से इस पथ की मरम्मती नहीं हुई है.मरम्मती नहीं होने के कारण इस पथ पर दो और चार पहिया वाहन का आना-जाना मुश्किल हो गया है.इस पथ पर पैदल चलने में कठिनाई होती है.इस पथ में जगह जगह गढ्ढा बन गया है.गढ्ढा में सड़क है या सड़क में गढ्ढा इसका पहचान करना मुश्किल है.बरसात के दिनों में इस पथ पर जलजमाव हो जाता है.एक से दो फुट की ऊंचाई तक पानी लग जाता है.जिसके कारण स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को काफी परेशानी होती है.

**कहते हैं सामाजिक कार्यकर्ता-**

जिला किसान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष सह सीपीएम नेता मटिहानी गांव निवासी शिवाकांत प्रसाद सिंह ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पहले इस पथ की मरम्मती हुई थी.इस पथ का कालीकरण किया गया था, परंतु सड़क किनारे नाला निर्माण नहीं होने से जलजमाव होने लगा.सड़क टुट गयी. जगह जगह गढ्ढे बन गये.इस सड़क की मरम्मती की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया.श्री सिंह ने बताया कि इस सड़क के जीर्णोद्धार की मांग पूर्व सांसद डॉ मुनाजिर हसन, डॉ भोला सिंह, वर्तमान सांसद गिरीराज सिंह, पूर्व मंत्री कुमारी मंजू वर्मा से की गयी, परंतु किसी ने इस कार्य में रुचि नहीं ली.सड़क के जीर्णोद्धार का भरोसा तो दिया था, लेकिन पूरा करना उचित नहीं समझा.उन्होंने बताया कि वर्तमान विधायक राजवंशी महतो से भी इस पथ के जीर्णोद्धार की मांग की गयी है.उन्होंने इसका भरोसा दिया है.परंतु क्या होगा कोई बता नहीं सकता है.

**मुख्य सामाजिक कार्यकताओं का रास्ता है यह पथ-**

कॉग्रेस के जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, अरुण प्रसाद सिंह, मनी प्रसाद सिंह, वीरेन्द्र प्रसाद सिंह, भाजपा नेता अजय कुमार, मुरलीधर राय, पंकज पंडित, सीपीआई नेता जागेश्वर राय, सीपीएम शिवाकांत प्रसाद सिंह, डॉ भगवान प्रसाद सिंह, चन्द्रशेखर महतो, मदन कुमार आदि का घर इसी पथ के बगल में अवस्थित है. इतना ही नहीं आइएएस अधिकारी प्रवेज आलम, आयकर अधिकारी प्रणव कुमार, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मो सुभान, पूर्व प्रमुख उपेन्द्र प्रसाद सिंह के साथ साथ वर्तमान विधायक राजवंशी महतो का ससुराल भी इसी सड़क के बगल मालपुर गांव में है.इन सभी लोगों का बराबर आनाजाना इस पथ से होता रहता है. बावजूद इसके इस सड़क की हालत खस्ता है. कब तक इस सड़क का जीर्णोद्धार होगा यह तो आनेवाला वक्त ही बताएगा.

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चरखा पार्क का लिया जायजा



» मदरलैण्ड संवाददाता

मोतिहारी। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक एवं पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष सोमवार को शहर स्थित चरखा पार्क का जायजा लेने पहुंचे।विदित हो कि कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा चरखा पार्क के विस्तारीकरण निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें नवनिर्मित महात्मा गांधी के मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ने की सूचना मिलने के उपरांत जिला प्रशासन की पूरी टीम जांच हेतु स्थल पर पहुंची।इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुनः स्थापित किया जाए।उन्होंने कहा कि गांधीजी द्वारा शांति का संदेश एवं अहिंसा का संदेश दिया गया है।उनके संदेशों को हमें अनुशरण करना चाहिए।

उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करें।नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी को उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि चरखा पार्क की समुचित सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरा, रात्रि सुरक्षा गार्ड, लाइटिंग की व्यवस्था आदि सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोतिहारी सदर के साथ-साथ अन्य उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। समाज के दबे कुचले लोगों को न्याय दिलवाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकार बेगूसराय द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास परियोजना कार्यालय खोदावन्दपुर में किया गया. इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं को जागरूकता अभियान की विस्तृत जानकारी दी गयी.कार्यक्रम में प्रशिक्षक सैयद मोहम्मद नियाज अहमद ने बताया कि छोटी मोटी, घरेलू हिंसा के मामले में पीड़ित समाज के दबे कुचले लोग न्याय से वंचित रह जाते हैं.उनकी पहुंच तक न्यायालय तक नहीं होती. ऐसे शोषित पीड़ित लोगों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुफ्त में न्यायिक सेवा प्रदान करती है.यह प्राधिकार पीड़ित के घर तक पहुंचती है.इस योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है.इस मौके पर प्रशिक्षक मोहम्मद गुलाब कुरैशी ने बताया कि आज न्यायिक व्यवस्था काफी खचीर्ली हो गयी है. इसमें समय भी ज्यादा लगता है.अर्थ के अभाव में शोषित पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता.वे मुकदमा लड़ नहीं पाते.और चुपचाप अपने घर बैठ जाते हैं. इस परिस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का यह कार्य काफी प्रशंसनीय है.इसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं को आगे आना चाहिए. और समाज के शोषित पीड़ित लोगों को न्याय दिलवाने के लिए उनके बीच जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए.उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा से जुड़ें मामलों की सूचना सेवा प्राधिकार को दें.और पीड़ित पक्ष को न्याय दिलवाने में मदद करें.इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के बारे में भी तकनीकी जानकारी दी गयी.उन्होंने छोटे बच्चों को भी शिक्षित बनाने के बारे में विस्तार से बताया. मौके पर आइसीडीएस के बीसी अल्का कुमारी, बीपीए प्रमोद कुमार, लिपीक मार्तण्डनाथ ठाकुर, समाजसेवी राजेश कुमार, अभिषेक सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे.

## स्वच्छता अभियान को जन जन तक पहुंचायें: बीडीओ

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। जीवन में स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी है.स्वच्छता के बिना अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना नहीं की जा सकती.भारत सरकार ने स्वच्छता अभियान शुरू किया है.इसे जन जन तक पहुंचाना जरूरी है.यह बातें बीडीओ राघवेंद्र कुमार ने कहीं.सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित कपूरी भवन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया. आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख संजू देवी, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक आफताब आलम, सात निश्चय के जिला समन्वयक मनोज कुमार, बीडीओ राघवेंद्र कुमार, बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा एवं फफौत की मुखिया उषा देवी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम में बोलते हुए स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक आफताब आलम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 ईस्वी में स्वच्छ भारत मिशन का श्रीगणेश किया.उन्होंने लोगों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं.इस कड़ी में बिहार की नीतीश सरकार ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की शुरूआत की.ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बाहर शौच से रोकने के लिए कार्यक्रम चलाया.हर घर में शौचालय का निर्माण करवाया गया. जिसके बदले लाभुकों को बारह हजार रुपये प्रोत्साहन राशि भी दिया गया, परंतु अभी भी देखा जा रहा है कि लोग शौचालय का उपयोग नहीं करते हैं और खुले में शौच जाते हैं.यह अच्छी बात नहीं है.उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में बताया.घर का कुरा कचरा और पॉलीथिन यत्र तत्र नहीं फेंकने की सलाह दी.कुरा कचरा को एक जगह एकत्रित कर उसे मिट्टी से ढ़क देने की सलाह दी. उन्होंने बताया कि ऐसा करने से कचरा उर्वरक का रुप ले लेता है और वातावरण भी प्रदूषित नहीं होता है.वहीं सात निश्चय योजना के जिला समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि लोगों को अपने घरों के साथ साथ अरोस पड़ोस की सफाई करनी चाहिए. पानी के बहाव के लिए शोकपीट बनाना चाहिए. और पेड़ पौधों को लगाना चाहिए.इस मौके पर प्रखंड प्रमुख संजू देवी ने केन्द्र की मोदी सरकार एवं बिहार के नीतीश सरकार के द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता मिशन कार्यक्रम की सराहना की और लोगों से इसे अपनाने की सलाह दी.वहीं प्रखंड समन्वयक रमा तिवारी ने कहा कि द्वितीय चरण के क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय बरियारपुर पश्चिमी एवं फफौत पंचायतों के मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जीविका कर्मी एवं कार्यपालक सहायक के लिए उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पदाधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों को गीला एवं सुखा कचरा प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया.मौके पर पंसस अंजना कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जगत रंजन, मनरेगा जेई अरुण कुमार मिलन, सरपंच नवीन प्रसाद यादव, दिलदार हुसैन, उपमुखिया राकेश रामचंद महतो, अनीश कुमार सिंह समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि, पदाधिकारी व स्वच्छता ग्राही मौजूद थे.

## फिर शुरू हुआ नीतीश कुमार का जनता दरबार

» मदरलैण्ड संवाददाता




पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लंबे समय के बाद जनता के दरबार में हाजिर हुए। वे शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण समेत कई अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतों को सुन रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के देर से आने पर सीएम नीतीश ने कटाक्ष किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या भाई आप लेट तो आ गए न...इस पर अधिकारी ने कुछ कहा तो तपाक से सीएम नीतीश ने पूछा-देर हुई न? आज के जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक लड़कियों ने मुख्यमंत्री से शिकायत दर्ज किया कि उन्हें प्रोत्साहन राशि अब तक नहीं मिली है।

**सीएम नीतीश ने शिक्षा मंत्री को लगाया फोन**

कई जिलों से आई छात्राओं ने कहा कि हमने 2019 में ही स्नातक की परीक्षा पास की। लेकिन आज तक प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई है। लगातार मिल रही शिकायत के बाद सीएम नीतीश ने शिक्षा मंत्री विजय चौधरी को फोन लगाया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा मंत्री से कहा कि देखिए आज बड़ी संख्या में प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने की शिकायत आई है। उन्होंने कहा कि तुरंत कराइए, जब पास किया है तो देर क्यों कर रहा है। जब कहा हुआ है तो क्यों नहीं मिल रहा है। आज तो काफी संख्या देख रहे हैं।

**4 लाख छात्र लोन का बैंक ले रहा 10 लाख, यह सुन सीएम नीतीश हैरान**

सीएम नीतीश के जनता दरबार में एक छात्र ने शिकायत की। कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड पर 4 लाख लोन में बैंक ब्याज जोड़कर 10 लाख ले रहा हैष इस पर मुख्यमंत्री ने आश्चर्य जताया। उन्होंने तुरंत शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव और वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव को फोन कर कहा कि इस मामले को देखिए।

## सदस्यता अभियान में तेजी लाने को कांग्रेस लगाएगी प्रशिक्षण शिविर

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यता अभियान में तेजी लाने के लिए राज्यस्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 15 फरवरी को होगा। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अल्पसंख्यक विभाग एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक के राजू, पीआरओ रिपुण बोरा, एपीआरओ संदीप शर्मा, डॉ. नरेश कुमार व अविनाश दीक्षित 15 फरवरी को कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में जिलाध्यक्षों व जिले से दो-दो वरिष्ठ नेताओं को डिजिटल सदस्यता का प्रशिक्षण देंगे। बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि प्रत्येक जिले से जिलाध्यक्ष के अलावा दो प्रमुख कांग्रेसजन को इस प्रशिक्षण शिविर में बुलाया गया है और उन्हें गहन प्रशिक्षण देकर प्रखंड स्तर तक कांग्रेस सदस्यता अभियान में तेजी लाने का टिप्स दिया जाएगा। चूंकि इस बार पेपर सदस्यता के साथ डिजिटल सदस्यता अभियान भी कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाया जा रहा है तो किसी को सदस्यता में समस्या न आए, इसलिए ऐसे प्रशिक्षण का आयोजन समय-समय पर किया जा रहा है। पिछली बार 16 लाख सदस्यों की संख्या को इस बार दोगुना करने का लक्ष्य कांग्रेस ने रखा है।

# विकास ऐसी, शीलापट्ट रह गए, कालभट्ट उड़ गए!

## हाल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना का!

» मदरलैण्ड संवाददाता

बांका। रजौन सरकार ने मजदूरों को रोजगार मुहैया कराने के लिए मनरेगा योजना अब पूरी तरह से मजाक बनकर रह गया है। इस योजना के तहत मिट्टी खुदाई वर्क, वृक्षारोपण समेत कई योजनाएं हैं। लेकिन यह योजना बस अब कागजों तक ही सीमित रह गया है। दरअसल बांका जिला में कुल 11 प्रखंड है। लेकिन इस योजना की सबसे खस्ताहाल रजौन प्रखंड का है। जहां 18 पंचायतों में कई गांव में मनरेगा के तहत काम कराया गया है और बोर्ड भी लगाया गया है। शीला पट्ट सुरक्षित रह गए कालभट्ट उड़ गए ऐसी कई अधूरी योजनाएं भी है। जिन्हें पूर्ण किए बिना ही बोर्ड लगा कर इतिश्री कर दिया गया है। जबकि मिट्टी खुदाई के नाम पर भी कई गांव में राशि का बंदरबांट किया गया है। हालांकि केंद्र सरकार ने रविवार को ही ही माना है अब इस योजना पर पूरी तरह से कहीं न कहीं बिचौलिए की पकड़ है। बताना लाजमी होगा कि मदरलैंड वॉइसअखवार ने क्षेत्र में बन रहे फर्जी जॉब कार्ड का खुलासा किया था। मदरलैंड तफ्तीश में बताया गया था



कि किस तरह मजदूरों के खाते पर पैसे भेज कर प्रतिनिधि उनका इस्तेमाल करते हैं। इधर इस योजना के तहत गो पालन के लिए मिलने वाला पशु सेड की भी कहानी अजीबो गरीब है। कोई ऐसा गांव के लाभार्थी ऐसे नहीं है। जो आज भी अपने पूर्ण पैसे आने का खाता में इंतजार कर रहे हैं। वही इस संदर्भ में जब आप मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी से पूछे तो साहब बड़े सहज अंदाज में कह कर निकल जाएंगे यह पुराने पंचवर्षीय योजना के तहत किया गया है। इधर नवनिर्वाचित मुखिया के शपथ ग्रहण के बाद भी करीब 7 से 8 दर्जन गांव के लोग आज भी जॉब कार्ड बनने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उसे आने वाले दिनों में मनरेगा के तहत काम मिल सके। इधर सूत्र बताते हैं कि जॉब कार्ड बनवाने के लिए बिचोली अब गांव-गांव घूम रहे हैं। और खाता खुलवाने के नाम पर भी ₹200 वसूला जा रहा है। अब ऐसे में इन गरीबों को इस योजना के लिए भी बिचौलिए पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इसके बाद भी विकास की बात करना बेमानी साबित होगी। हालांकि कई मुखिया जी तो सोशल मीडिया पर ही एक्टिव रहते हैं। भला उन मुखिया जी को धरातल से क्या काम। इधर कई पंचायतों में कई नवनिर्वाचित मुखिया को अनुभव की कमी अब साफ दिखने लगा है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### आजमनगर के पिंढाल पंचायत में हुआ सोशल ऑडिट



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दिघलिया में सोमवार को सामाजिक अंकेक्षण दलों की टीम पहुँच छह दिवसीय सोशल ऑडिट में मनरेगा योजना पीएमजीवाई योजना एलएसबीए पीडीएस का डोर टू डोर जाकर सामाजिक अंकेक्षण किया इस योजना में जो भी त्रुटि निकल कर आई दलों द्वारा लिखा गया।इसी कड़ी में अंकेक्षन के अंतिम दिन ग्राम सभा में जनसंपर्क रखा गया।जिसमें चारो योजनाओं का प्रतिवेदन ग्राम सभा में रखा गया।और उसमें जुटे सदस्य और अध्यक्ष के अनुसार त्रुटि पर कार्रवाई सुधारात्मक की या दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है।की सहमति बनी सामाजिक अंकेक्षण दल में टीम लीडर मो.अकबर मो. अकील,नरेश पासवान,आशा कुमारी,खुशबू कुमारी,पूजा कुमारी,रिंकू कुमारी,शमशुल हक सहित स्थानीय प्रबुद्ध ग्रामीण ग्राम-सभा जन संपर्क सुनवाई में सभी जनप्रतिनिधि एवं विभागीय कर्मी उपस्थित रहे।

### साहेबनगर पंचायत भवन में द्वितीय ग्राम सभा का आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही प्रखंड के साहेबनगर पंचायत के पंचायत भवन में द्वितीय ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद तज्जमुल हक की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।इस मौके पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. तज्जमुल हक ने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि एवं आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत के वार्ड सदस्य के द्वारा कच्ची सड़क में मिट्टी भराई, ईंट सोलिंग,पीसीसी ढलाई ,पेंसन,राशन कार्ड ,प्रधानमंत्री मंत्री आवास आदि के लिए आवेदन दिया।जिसे इस शिविर में पास कर आगे अनुमोदन के लिए प्रखंड भेजा गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव जमाल खान , पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. तज्जमुल हक, उप मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद अब्दुल हक, मो. खुसबुर , मो. तारिक , मो. मुस्ताक, मो.मन्नान,सुरेश सहनी, चिंटू पासवान,भोपाल पासवान आदि मौजूद थे। वहीं इस द्वितीय ग्राम सभा में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### इकिसान भवन के सभगार में दिया जा रहा 50 दिवसीय अमानती प्रशिक्षण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कदवा प्रखंड क्षेत्र रहमत नगर अंतर्गत इकिसान भवन के सभागार में आज क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अमानत से संबंधित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया आयोजित शिविर के प्रखंड क्षेत्र से छात्र-छात्रा मौजूद थे।मौके पर प्रशिक्षण शिविर में मौजूद ग्रामीण विकास सह समाज कल्याण के अध्यक्ष नरेश महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण प्रखंड के सभी छात्र-छात्राओं को दिया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य है कि अभी के समय ग्रामीण क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर परिवारिक तनाव बना रहता है इसी लिए हम लोग प्रत्येक प्रखंड में पहुंच कर छात्र-छात्राओं को अमानत के संबंधित 50 दिवशीय प्रशिक्षण दिलाया जाता है इसी को लेकर आज कदवा प्रखंड के इकिसान भवन के सभागार में 50 वर्षीय अमानती प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है।वहीं इस प्रशिक्षण पूरा हो जाने के बाद सभी को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।वहीं इस दौरान अमानत के लिए ट्रेनिंग दे रहे ट्रेनर संजय कुमार यादव ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर 50 दिवसीय है जिसमे अमीन से संबंधित जानकारी दिया जाएगा इसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राएं भाग ले सकतें हैं।इस दौरान प्रशिक्षण में जितेंद्र कुमार,पंकज कुमार,अनुपम आनंद,अबधेश शर्मा सहित प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण सम्पन्न



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मनसाही में 200 वां दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण संपन्न हो गया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक गौतम भौमिक ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में मनिहारी व मनसाही के 35 ने प्रशिक्षण में भाग लिए।प्रशिक्षण समाप्ति पर प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक श्री भौमिक ने सभी प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थी को कहा कि बैंक से लोन लेकर बकरी पालन कर अपनी आजीविका बढ़ा सकते हैं। फैकेल्टी श्री कुमार ने बताया कि इस संस्थान में सभी तरह का प्रशिक्षण निःशुकल दिया जा रहा हैं। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक गौतम भौमिक,फैकेल्टी रंजीत कुमार कार्यालय कर्मी में महादेव कुमार, मंटू कुमार,आलोक कुमार झा आदि मौजूद थे।

# सैकड़ों सप्ताह से गंगा समग्र समिति गंगा स्वच्छता के लिए कर रही सफाई



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बरारी प्रखंड में गंगा समग्र काढ़ागोला घाट समिति के कार्यकताओं द्वारा आने वाले माघ पूर्णिमा को देखते हुए रविवार गंगा घाट का विशेष स्वच्छता अभियान एवं घाट को बनाने का काम किया गया।साथ ही महिला श्रद्धालुओं के लिए कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंग रूम तथा शौचालय का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी पूरन साह, प्रदेश के सदस्य अखिलेश सिंह एवं जिला सह संयोजक नवीन चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गंगा समग्र काढ़ागोला घाट समिति के द्वारा किए जा रहे कार्यों की काफी प्रशंसा किया।और कहा कि प्रशासन भी माघी पूर्णिमा के मेला को देखते हुए पूरी तरह से मुस्तैद है गंगा स्नान को आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार के कठिनाई नहीं होगी।और कहा कि गंगा समग्र के सदस्यों की मांग की तात्कालीक पी एच डी विभाग से 5 शौचालय एवं 5 चापानल की व्यवस्था कर दी जाएगी।जिला सह संयोजक नवीन चौधरी ने कहा कि गंगा समग्र के कार्यकर्ता गंगा नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए कृत संकल्पीत है।आने वाले माघी पूर्णिमा को देखते हुए आज विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया है साथ ही महिलाओं को कपड़ा बदलने एवं शौचालय के लिए काफी कठिनाई होती थी।मेला में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं इसलिए एक और चेंजिंग रूम तथा शौचालय का निर्माण किया गया है।

काढ़ागोला घाट समिति संयोजक मनोज साह ने कहा कि गंगा समग्र के कार्यकर्ता प्रत्येक रविवार गंगा घाट स्वच्छता अभियान चलाती है और चलाती रहेगी।आने वाले श्रद्धालुओं से अपील किया कि किसी भी तरह का कचरा खास कर प्लास्टिक को गंगा नदी में प्रवाहित नहीं करें जिससे कि गंगा मैया अविरल एवं निर्मल बनी रहे।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगम प्रमुख बिजेंद्र राम, जीवछ गुप्ता, जिछेन्द, अमित साह, विभाष मण्डल, हरि पण्डित, रूदल मंडल, नवाब शर्मा, अरुण राय,छोटू साह, केशो शर्मा, राजू मंडल, मनोज बाबा, जगरुल भगत, अमित मंडल, मदन जे ई, बिजय पांडे, मो जब्बार, जगदीश पंडित,बिपिन भगत,किशन साह, सहित समग्र कार्यकताओं का अभियान सफलता के साथ किया जा रहा।

## नवनिर्मित शिव मंदिर में मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर भ्रमण हुआ



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महादेवपुर गांव में महादेवपुर सेवा समिति के द्वारा नवनिर्मित शिव मंदिर में मूर्ति की आस्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर भ्रमण किया गया। उक्त भ्रमण में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में भाग लिए।वही कटिहार जिला के सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी ने महादेवपुर सेवा समिति शिव मंदिर पहुंच कर माथे टेकते हुए श्रद्धालुओं के बीच कदम से कदम मिलाकर नगर भ्रमण करते नजर आए, वही भ्रमण के बाद दक्षिणी लालगंज पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि चांद गुप्ता ने सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी से रूबरू होते हुए पंचायत समिति के लेटर पैड पर लिखित आवेदन देकर महानंदा तटबंध के सिंगेश्वर चौक से काबिलपुर होते हुए एनएच 81 सड़क के लालगंज इसराइल चौक पक्की करण कार्य एवं महानंदा तटबंध भगत टोला लालगंज गांव के समीप से अमढोल प्राणपुर एवं काट घर पंचायत होते हुए झैआ तक महानंदा तटबंध पर पक्की करण कार्य शीघ्र करवाने की मांग की है। वही महादेव पुर सेवा समिति ने बताया कि 14 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा पूजन श्रृंगार महाआरती अष्टयाम किया गया, एवं 15 फरवरी को समापन महाप्रसाद एवं महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बीस सुत्री प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह, प्रमोद अग्रवाल, मिथुन कुमार यादव, मुन्ना अग्रवाल, राजू सिंह, रमेश केवट सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने शराब के साथ किया दो को गिरफ्तार



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। फलका पुलिस ने सूचना पर अलग-अलग जगहों से छापेमारी कर 15 लीटर देसी शराब के साथ एक विक्रेता व एक पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष उमेश पासवान ने बताया कि गश्ती के क्रम में सूचना मिली कि गोआबाड़ी आदिवासी टोला में एक व्यक्ति शराब का बिक्री कर रहा है।

मुर्मू गोआबाड़ी ने बताया तथा तलाशी के दौरान 15 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया गया।जिसके बाद मगनपट्टी गांव में शराब पीकर हंगामा कर रहे। बिजुली नदाफ मैनि बसगढा थाना-रुपौली जिला- पूर्णिया निवासी को पकड़ा किया गया और चिकित्सीय जांच हेतु सीएचसी फलका लाया गया।जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद शराब सेवन करने की पुष्टि की।दोनों आरोपी के विरुद्ध कांड दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। पुलिस अधीक्षक द्वारा संचालित विशेष समकालीन अभियान के तहत कोरिया टोली स्थित मनोज मंडल उर्फ हड्डा मंडल उर्फ रतन मंडल के घर से 20 लीटर देशी शराब और विकास चौधरी, उम्र-36वर्ष, पिता सुशील चौधरी साकिन केहूनिया थाना प्राणपुर जिला कटिहार को नशे की हालत में कोरिया टोली से गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।छापामारी टीम एसआई मुकेश कुमार एवं पीएसआई पंकज प्रताप सात नगर थाना सशस्त्र बल शामिल थे।मामला नगर थाना कांड संख्या-69/22 धारा-30(ए)/37(सी)बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2018 के तहत दर्ज किया गया है।अभियुक्त रतन मंडल उर्फ हड्डा मंडल उर्फ मनोज मंडल मौके से फरार हो गया। जिसे गिरफ्तारी करने के लिए छापामारी की जा रही है।

## भारत गैस एजेंसी के ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कदवा प्रखंड के कुम्हड़ी बाजार में महाबीर फोटो कॉपी सेंटर के निकट मेमर्स धर्मराज भारत गैस एजेन्सी ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन पूर्व प्रमुख पारस कुमार राय,कुम्हड़ी मुखिया सुलेखा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।कुम्हड़ी बाजार में पहली बार भारत गैस ग्राहक सेवा केन्द्र खुलने से लोगों में काफी खुशी देखी गई।वही भारत गैस ग्राहक सेवा केन्द्र के मुख्य अतिथि कुम्हड़ी पंचायत सरपंच जुली मिश्रा उपस्थित रही।मौके पर इस दौरान मुखिया सुलेखा देवी ने कहा कि कुम्हड़ी बाजार में भारत गैस ग्राहक सेवा केन्द्र खुलने से महम्मदपुर,कुम्हड़ी,सागरथ आदि पंचायतों के लोगों को काफी सुविधा होगी और भारत गैस का उपभोक्ता को जो सुविधा सरकारी तौर पर दी जा रही है वह सभी सुविधा मिलेगा यह बहुत ही खुशी की बात है।वही मौके पर महम्मदपुर सरपंच मनोरंजन मेहता,जदयू नेता मनोज भारती,जदयू नेता ज्ञानरंजन मेहता, समाजसेवी दयानंद मिश्रा,समाजसेवी मृत्युंजय वर्मा,प्रदीप यादव,बंटी यादव,महेंद्र शर्मा,ओम प्रकाश ठाकुर,मनोज कुमार भारती सहित दर्जनों की संख्या में गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

## सिकंदराबाद गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन से गिर कर युवक की मौत

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार आजमनगर स्टेशन रोड के बीच दौलताबाद रेल गेट के समीप सोमवार की अल सुबह सिकंदराबाद से आसाम को जाने वाली12513सिकंदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन आजमनगर थाना क्षेत्र के दौलताबाद हॉल्ट के समीप से गुजर रही थी।दौलताबाद के समीप शौचालय जाने क्रम में जितेन गोसाई पिता हलधर गोंसाई घर मोहा खूंटी थाना बोर पथार अनुमंडल बोका जान जिला कवीलांग आसाम निवासी की मौत हो गयी।तभी उसके परिजनों की चीख सुन ट्रेन में सफर कर रहे सहयात्रियों ने ट्रेन को वैक्यूम कर आजमनगर रेलवे स्टेशन पर रोक दिया ट्रेन घंटों आजमनगर रेलवे स्टेशन रोड पर खड़ी रही।इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानियों का सभी सामना करना पड़ा।वहीं गोसाई के परिजन आजमनगर स्टेशन से घटना स्थल दौलताबाद पहुँचे जहां जितेन गोसाई को मृत देख बेसुध हो गयी तब रेलवे व स्थानीय ग्रामीणों की तरफ से सूचना स्थानीय आजमनगर पुलिस सहित जीआरपी बारसोई को दी गयी।सूचना पर पहुँची आजमनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया इस दौरान उनके परिजन भी साथ गए हैं।साथ सफर कर रहे मृतक यात्री गोसाई के परिजनों ने बताया कि मृतक जितेंन गोसाई सिकंदराबाद से आसाम जाने को सफर पर था।जहां सोमवार की अल सुबह गिरने से उनकी मौत हो गयी।जितेन गोसाई पिता हलधर गोंसाई घर मोहाखूंटी थाना बोरपथार अनुमंडल बोकाजान जिला कवीलांग आसाम निवासी की मौत हो गयी।जो आसाम जाने के लिए निकला था।स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।आजमनगर थाना अध्यक्ष मानुतोष कुमार ने कहा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया है।*

## मनरेगा भवन के प्रांगण में द्वितीय ग्राम सभा का हुआ आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। सोमवार को डंडखोरा प्रखंड के महेशपुर पंचायत अंतर्गत मनरेगा भवन टिकैली के प्रांगण में द्वितीय ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

ग्राम सभा का आयोजन महेशपुर पंचायत के मुखिया नीलम देवी की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत के अंतर्गत विकास हेतु लिए गए योजनाओं का अनुमोदन करना था। जिसमें कि पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया ,

इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अरुण मिस्त्री उर्फ राजू मिस्त्री ने बैठक में आए सभी जनप्रतिनिधि एवं आम जनों को संबोधित किया एवं पंचायत में होने वाले विकास कार्यों से रूबरू करवाया इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ने कम अनाज देने वाले डीलरों पर निशाना साधा।

इस मौके पर पंचायत के कई डीलर भी मौजूद थे वही बैठक में कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि गायब दिखे पदाधिकारियों का उपस्थिति नहीं होने के कारण कई अहम मुद्दों पर चर्चा नहीं किया गया वही



आज के इस ग्राम सभा में पंचायत सचिव उपेंद्र कुमार मंडल , महेशपुर पंचायत के मुखिया नीलम देवी, उप मुखिया राधा देवी, उप मुखिया प्रतिनिधि अनिल मंडल, मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार मिस्त्री उर्फ राजू मिस्त्री, महेशपुर सरपंच प्रतिनिधि कमल यादव, समेत वार्ड सदस्य अवधेश राय , नूतन देवी, सुमित्रा देवी ,पिंकी कुमारी, शंकर शाह, देवीलाल हेंब्रम, निरंजन कुमार मंडल, मनोज ठाकुर, समेत कई वार्ड सदस्य मौजूद रहे।

वही द्वितीय ग्राम सभा में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने अपने बातों को रखा।

# जिस बिहार में पुलिस स्पीकर की नहीं सुन रहे हैं तो सोचिए आम लोगों की कितनी सुनी जाती होगी: पप्पू यादव

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बीते दिनों महाराष्ट्र के पुणे में कटिहार जिले बारसोई के दो कदवा के एक और आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के दो मजदूरों की मौत मॉल निर्माण के स्लैब गिरने से हुई थी।वहीं दूसरी ओर बलिया बेलौन थाना क्षेत्र में पंसस पति की हत्या गोली मार तो सालमारी ओपी क्षेत्र के दिघलिया निवासी सेहरुल की गला दबा हत्या कर दी गयी थी।सभी के पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर जाप सुप्रीमों सह पूर्व सांसद राजेश रंजन(पप्पू)यादव ने हर संभव मदद का भरोसा दिया साथ हीं तत्काल उनको सामर्थ्यनुसार आर्थिक मदद भी कर गए।क्षेत्र भ्रमण के बाद जाप सुप्रीमों सह पूर्व सांसद राजेश रंजन(पप्पू)यादव ने आयोजित प्रेस वार्ता में पीएम से लेकर सीएम और स्पीकर तक पर तंज कर गए।

***मौजूदा सरकार में पुलिस बे-लगाम:-***

उन्होंने कहा जिस सुशासनिक बिहार सरकार की बे-लगाम पुलिस स्पीकर की नहीं सुनती इसलिए स्पीकर ने जिस जिले की पुलिस पर सवाल खड़े किए हैं।वहां वर्तमान में जिले में एसपी और थानों में दारोगा की पोस्टिंग होती है।तो वहां स्पीकर की नहीं सुनी जा रही जब कि वो बीजेपी से हैं।लेकिन मुख्यमंत्री बीजेपी से नहीं हैं।तो सोचिए उन जिलों में जब स्पीकर की नहीं सुनी जा रही तो आम आवाम की कितनी सुनी जाती होगी।तो स्पीकर का



चिल्लाना वाजिब है।जिले से लेकर थानों तक में दागदार पदाधिकारियों की पोस्टिंग की जाती है।बीजेपी नेता संजय जायसवाल भी यही कहते हैं।कि पुलिस उनकी भी नहीं सुनती है।

**काहे नहीं सुनती है।**

***गठबंधन की सरकार है फिर भी:-***

जब कि गठबंध की सरकार है।स्पीकर भी बीजेपी के हैं।जायसवाल भी बीजेपी पार्टी के फिर भी पुलिस नहीं सुनती है।तो आम आवाम का क्या होता होगा अंदाजा लगा सकते हैं।जमीन और शराब माफियाओं को साथ लेकर चलती है।जमीन दलाली में बीजेपी के नेता सबसे ऊपरे पायदान तो दूसरे पायदान पर आरजेडी तीसरे पर जदयू के नेता हैं।80से85प्रतिशत नेता शराब और बालू के धंधे में लिप्त हैं।

***पार्टियां धन पशुओं को दे रही एमएलसी का टिकट:-***

पार्टियां एमएलसी का टिकट धन पशुओं धन कुबेर को दे रही है।वही पीएम पर तंज कसते हुए कह गए हर-हर मोदी घर-घर मौत हिजाब प्रकरण पर कहा पार्टी स्त्री के मौलिक अधिकार का हनन कर रही है।जब कि हिजाब के अलग अलग धर्मों में अलग अलग मान्यता है।इस्लामिक महिलाएं हिजाब तो सनातन धर्मावलम्बी महिलाएं घूंघट के रूप तो अन्य धर्मों में अलग अलग रूप महिलाएं पर्दा करती है।

***नीतीश जी किसी भी पाले बैठ सकते हैं:-***

नालंदा की घटना को ही देख लिया जाए स्पीकर बीजेपी का गवर्नर बीजेपी का पुलिस नहीं सुनती तो आ जाइए चुनाव करा लीजिए सबको अपनी औकात समझ में आ जाएगी नीतीश कुमार परिस्थिति को देखकर कुर्सी पाने की लोलुपता में किसी के भी पाले में जा बैठ सकते हैं।चाहे वह आरजेडी ही क्यों ना हो।राज्य सभा एमपी ने कहा अडानी अंबानी को भगवान मान लेना चाहिए इससे भी कोई दुर्भाग्यपूर्ण बात होगी क्या?

***अगर पप्पू यादव मुख्यमंत्री बनते हैं तो क्या करेंगे:-***

पत्रकारों के पूछे जाने पर अगर आप मुख्यमंत्री बनते हैं।तो पहला काम बिहार के लिए क्या करेंगे हंसते हुए जवाब दे गए स्वास्थ्य शिक्षा और पीस पर प्रमुखता से काम होगा।हमारे पास बहुत सारी योजनाएं हैं।6माह के अंदर बिहार के किसी घरों में लोग ताला लगा कर नहीं जाएंगे।सरकार में इच्छाशक्ति की कमी रही है।15साल आरजेडी और अब15 साल जदयू दोनों ने अपनी-अपनी समयावधि पूरी की फिर भी आप बेरोजगारी पर सवाल खड़े करते हैं।तो और कितना वक्त चाहिए।विकास का मुद्दा नहीं रह गया तो फिर क्यों किसी को बदनाम करते हैं15साल में नीतीश ने क्या किया बिहार की जनता देख रही है।थानों में आपके स्पीकर की नहीं सुनी जाती है।आपके एमएलसी की नहीं सुनी जाती है।कहां है आप का गठबंधन धर्म में फंसे हुए अभी भी वक्त है।बेहतर की तलाश पर निकलिये पप्पू यादव ने मदरलैंड वॉइस संवाददाता तुषार शांडिल्य से बात की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्य की मौत



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के केदार पेट्रोल पंप के सामने की है। जहां रोड हादसे में 3 की मौत हो गई है, बताया जा रहा है कि एक मोटरसाइकिल पर तीन सवार हो कर जा रहे थे और तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने तीनो को कुचल दिया है जिससे घटनास्थल पर ही तीनों की मौत हो गई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के केदार पेट्रोल पंप के सामने की है।जहां हाइवा ट्रक ने तीनों को कुचल दिया है जिससे बताया जा रहा है कि हाईवा ट्रक बेतिया से मोतिहारी की तरफ जा रहा था और मोटरसाइकिल सवार तीनों को कुचल दिया जिसमें तीनों के मौत हो गई वही ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया है,पुलिस ने हाईवा ट्रक को जप्त कर थाने ले गई है।एक मृतक की पहचान दोनवार कला बरवा ओझा गाँव के अहमद आजाद मियां के रूप में की गई है,और उसके साथ मे एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है।पुलिस ने बताया कि तोनो एक ही परिवार के हो सकते है,अलाकि घटना की सूचना पुलिस ने परिजनों को दे दी है।वही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पुलिस ने शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। भितहां थाना की पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर रूपही टांड मे छापेमारी के क्रम में एक शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार भितहां थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी ने बताया की 105 अदद बन्टी बबली देशी शराब मात्रा 21 लीटर के साथ श्रीराम साह पिता भोज साह ग्राम रूपही टांड थाना भितहा जिला प0चम्पारण को गिरफ्तारी हुई है शराब कारोबारी के खिलाफ बिहार मद्निषेद उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पुलिस ने शराब के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार




मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। पश्चिम चम्पारण के नरकटियागंज से है जहां साठी पुलिस ने 5 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में करवाई करते हुए राय बरवा धांगड़ टोली से 5 लीटर चुलाई शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान राय बरवा निवासी मोती महतो के रूप में की गई है।जिसे बिहार मधनिषेध उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या दर्ज कर न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है।

### बिहार व पश्चिम बंगाल के बीच फाइनल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्राणपुर प्रखंड के प्राणपुर मैदान के प्रांगण में आज फाइनल क्रिकेट मैच खेला गया टिकौली और रतवा के बीच टिकोली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, मैच 20 ओवर का था टिकुली टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर की समाप्ति पर उन्होंने 136 रन बनाया औल विकेट के नुकसान पर,वही जवाब में रतवा की टीम ने 18 ओवर 5 विकेट के नुकसान पर 137 रन बनते हुए अपना जीत हासिल किया।वही बताते चलें कि मैन ऑफ द मैच लड्डू को दिया गया एवं मैन ऑफ द सीरीज बप्पी को दिया गया और प्राणपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार झा के द्वारा जीते हुए पश्चिम बंगाल की टीम को संतोष ब्रांड सरसों तेल की तरफ से रू20000 रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और हारे हुए बिहार के टिकेली टीम को प्राणपुर क्रिकेट टूनार्मेंट कमेटी की ओर से रू15000 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह, प्रमोद सिंह, सरपंच असगर अली, मोहम्मद मुस्तफा,जिला पार्षद सैदुन निशि रजीउल करीम सहित कमेटी के सदस्य गण भी मौजूद थे।

### बैंकिंग ठगी से बचने के लिए जागरूकता रथ हुआ रवाना



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय पूर्णिया के अंतर्गत कटिहार जिले में सोमवार को आरबीआई द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत किया गया। जागरूकता सत्ता 14 से 18 फरवरी तक जारी रहेगा। इसी के निमित्त विकास भवन परिसर से एक जागरूकता रथ जिले के लिए निकाला गया। जिसे हरी झंडी दिखाकर डीडीसी अरुण कुमार ठाकुर के द्वारा रवाना किया गया। इस मौके पर एलडीएम एमके मधुकर, एसडीसी बैंकिंग संजय सिंह, एआरएम अजीत झा, शाखा प्रबंधक रौतारा सनत कुमार झा, एफआई नोडल मुकेश कुमार सिंह और शाखा प्रबंधक मनिहारी गौरव कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते हुए लोगों को डिजिटल बैंकिंग के लाभों एवं बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करेगी।

## कहाँ हैं डीडीसी साहब आप के कटिहार जिले में बगैर सूचना पट लगाए हो रहा मनरेगा से तालाब जीर्णोद्धार कार्य मानकों की अनदेखी कार्य में बरती जा रही अनियमितता

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के महेशपुर पंचायत अंतर्गत मनरेगा से तालाब निर्माण में अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है।जानकारी के मुताबिक महेशपुर पंचायत के मेढ़ा-खोकी पोखरण का जीर्णोद्धार कार्य वर्तमान वित्तीय वर्ष में8लाख 28हजार रुपए से किया जा रहा है।जिसमें पंचायत की मुखिया द्वारा मानकों को हासिये पर रख तालाब जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है।पोखर जीर्णोद्धार कार्य में तालाब के अंदरूनी हिस्से से मिट्टी काट करना है।ऐसा विभागीय जानकार भी बता रहे हैं।वहीं उक्त तालाब जीर्णोद्धार कार्य में तालाब के अंदरूनी हिस्से से नहीं बल्कि तालाब के बाहरी हिस्से से सटे गुजर रही पुराने धार किनारे से मिट्टी काट मेढ़ा-खोकी पोखर के चारो तरफ मिट्टी डाल सिर्फ टीला बना कर उसे छिलाई कर जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा जो तमाम सरकारी नियमों को ठेंगा दिखा हीं नहीं रहा बल्कि मुखिया तमाम नियमों को हाशिए पर रख पुराने तालाब को ड्रेसिंग कर नया दिखाने की जुगत में हैं।तालाब के बाहरी हिस्से से सटे गुजर रही धार किनारे से मिट्टी मजदूरों के माध्यम से कटाई कर पुराने तालाब के चारों ओर टीला निर्माण किया जा रहा है।जहां सरकार के लाखों रुपये के वारे न्यारे की आशंका जताई जा रही है।यहां सूचना पट भी नहीं लगाया गया है।जब कि निर्माण कार्य से पूर्व सूचना पट लगाने का सरकारी प्रावधान है।उक्त तालाब जीर्णोद्धार कार्य में पहली मजदूरी की सूची में77मजदूरों को एमआईएस पर प्रदर्शित की गई है।जब कि सोमवार को जीर्णोद्धार कार्य में77के विरुद्ध काफी कम मजदूर नजर आया।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जांच की मांग की है।

*पंचायत रोजगार सेवक ने कहा निर्माण स्थल का जायजा लेने के बाद हीं कुछ कह पाना संभव होगा*

तो दूसरी ओर पंचायत के पीटीए राजेश कुमार ने कहा उक्त तालाब जीर्णोद्धारकार्यरुपये8लाख28हजार की लागत से किया जा रहा है।तालाब जीर्णोद्धार कार्य में तालाब के अंदरूनी हिस्से से मिट्टी काट करनी है।तभी सरकार के जल संचय संरक्षण का सपना पूरा होगा।*

इस बाबत पंचायत की मुखिया इशरत जहां के प्रतिनिधि के मोबाइल नंबर8757882278पर फोन किया गया उन्होंने ने नहीं उठाया कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा रहा है।

## ट्रैक्टर के बैलेंस बिगड़ने से एक व्यक्ति घायल,बेतिया रेफर



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। मैनाटांड़ इनरवा थाना क्षेत्र के इनरवा गांव में ट्रैक्टर की ठोकर लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, डॉक्टर ने किया रेफर। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर ड्राइवर पुलिस यादव की ठोकर मारने से इनरवा निवासी मोजमील मियां गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में ग्रामीणों ने इलाज के लिए मैनाटांड़ सीएचसी लाए। सीएचसी डॉक्टर अमरेंद्र कुमार साह ने बताया कि घायल व्यक्ति की गंभीर स्थिति होने के कारण उसे बेतिया रेफर कर दिया गया। इधर बता दे कि ग्रामीणों का कहना है कि ड्राइवर नशे के हालत में इनरवा बाजार से नगरदेही जा रहा था।

इस बीच इनरवा गांव नया मस्जिद के पास ठोकर मार दिया। ट्रैक्टर मालिक की अभी तक पहचान नहीं हुई है। मौके पर इनरवा थाना पहुंच छानबीन कर रही है। पुलिस ने जेसीबी लेकर ट्रैक्टर अपने कब्जे में लाने पहुंची तो ग्रामीणों ने रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रैक्टर अभी नहीं जाएगा। इनरवा पुलिस बैरंग वापस आ गई।

## पुलवामा में शहीद हुए जवानों की याद में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर बनाया रिकॉर्ड

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ काफिले पर आत्मघाती हमला में शहीद हुए जवानों की याद में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 169यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शहरी क्षेत्र स्थित सीताराम गार्डन में आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के विधायक निशा सिंह, कर्नल अजय कुमार, भाजपा के एमएलसी उम्मीदवार अशोक अग्रवाल मौजूद थे।

विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक पवन पोद्दार ने बताया कि पुलवामा जिले में शहीद गए जवानों को आज के दिन रक्तदान शिविर का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता प्रत्येक दिन जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराते हैं। पवन पोद्दार ने कहा कि आज का मेगा शिविर का उद्देश्य यही है कि ब्लड बैंक में ब्लड की कमी को पूरा किया जा सके। पूर्व एमएलसी अशोक अग्रवाल ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा रक्तदान का जो यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी को वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से शरीर में खून की कमी नहीं होती बल्कि बढ़ता है और दूसरे के लिए जीवनदायिनी भी बनता है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री रितेश दुबे, जिला प्रचारक आलोक जी, जिला संयोजक अनीस सिंह, सेवा प्रमुख विष्णु शांडिल, जिला सह संयोजक राणा सोनी , सुरक्षा प्रमुख सोनू सिंह ,संपर्क प्रमुख सन्नी, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज राय, विकास कुमार सिंह, रंजन,सोनू पोद्दार,आनंद तिवारी,मोनू गुप्ता,विकास गुप्ता, राजपाल,देवशंकर झा,अभिषेक भारती, रोकी पोद्दार,निगम चौधरी, राहुल सिंह,सुजीत पासवान,जितेंद्र गुप्ता,राहुल पांडेय,प्रीतम सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पैक्स अध्यक्ष की मनमानी के खिलाफ आक्रोशित किसानों ने गोदाम में किया तालाबंदी

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। पैक्स अध्यक्ष की मनमानी के खिलाफ आक्रोशित किसानों ने सोमवार को खोदावंदपुर पैक्स गोदाम में ताला लगा दिया.पैक्स अध्यक्ष बाबू प्रसाद महतो के इस रवैये से आक्रोशित किसानों ने बताया कि उनलोगों का धान एक सोची समझी साजिश के तहत पैक्स द्वारा नहीं खरीदा जा रहा है.धान बेचने को लेकर वेलोग महिनों से पैक्स का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन पैक्स अध्यक्ष व प्रबंधक सीरियल से धान खरीद करने की बात कहकर उनलोगों को लौटा देते हैं. और उनके द्वारा कहा जाता है कि जिस किसान का ऑनलाइन फॉर्म जैसे जमा हुआ, उसी सीरियल के अनुसार धान खरीद की जा रही है.जब आपलोगों का नम्बर आएगा, तब धान खरीदा जायेगा. जबकि बिहार सरकार द्वारा 15 फरवरी तक ही किसानों से धान खरीद करने का समय निर्धारित किया गया है. पैक्स अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए किसानों ने कहा कि सिर्फ अपने चहेते किसानों से धान खरीद करते हैं.आश्चर्य की बात यह है कि कुछ ऐसे चहेते किसान हैं, जिनसे धान खरीद नहीं किया. धान किसान के दरवाजे पर ही रखा हुआ है, जबकि उसके खाते में राशि भेज दी गयी है.पैक्स अध्यक्ष व प्रबंधक के द्वारा अब पैक्स में धान खरीद का लक्ष्य ही काट लिए जाने की बात बतायी जा रही है.उनके पास अब न सीसी में राशि और न ही धान खरीद करने का लक्ष्य बचा हुआ है.ऐसे में आपलोगों से कैसे धान खरीदेंगे.किसानों ने धान खरीद कार्य में पैक्स प्रबंधन द्वारा की गयी अनियमितता एवं उनके क्रियाकलापों की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग जिला पदाधिकारी से की है.

**कहते हैं पैक्स अध्यक्ष-**

मौके पर मौजूद पैक्स अध्यक्ष बाबू प्रसाद महतो ने बताया कि मेरे पैक्स में निर्धारित धान खरीद का लक्ष्य काट लिया गया है.तीन दिन पहले लक्ष्य बढाने के लिए पत्राचार किया गया था, धान खरीद का लक्ष्य बढ़ते ही शेष बचे किसानों से धान खरीद कर लिया जायेगा।

## परिवारवाद पर बोले तेजस्वी मुख्यमंत्री जी के बयान में दोहरापन झलकता है

### नीतीश कैबिनेट में 8 मंत्री ऐसे हैं जो किसी के पुत्र और रिश्तेदार हैं

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। समाजवाद के बहाने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा था कि कुछ लोग पत्नी-बेटा पर ज्यादा ध्यान देते हैं और पार्टी के अंदर जो लोग हैं उन्हें प्रतिष्ठा नहीं देते। ऐसे में इसे कैसे समाजवाद कहा जाए। नीतीश कुमार ने परिवारवाद को गलत बताया। वही नीतीश कुमार के इस बयान पर नेता प्रतिपक्ष ने हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के बयान में दोहरापन झलकता है। नीतीश कैबिनेट में 8 मंत्री ऐसे हैं जो किसी के पुत्र और रिश्तेदार हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी परिवारवाद को गलत बताया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि परिवारवाद ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री के इस बयान पर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग लोकतंत्र में विश्वास रखते है और लोकतंत्र में जीतते हैं। लोकतंत्र में बिना चुनाव के जाया नहीं जा सकता। राजतंत्र तो है नहीं कि ऐसा हो। हम जनता के द्वारा चुनकर आते है।अगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह गलत लगता है खतरनाक लगता है तो उन्हें इन मंत्रियों को बर्खास्त कर देना चाहिए। तेजस्वी ने कहा कि ये तो दोहरापन वाली बात ही है। नीतीश कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। तेजस्वी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के डीएनए पर ही सवाल उठाया था। जेडीयू का मतलब भी जनता को बताया था। जेडीयू का मतलब पीएम मोदी ने जनता का दमन उत्पीड़न बोला था।

पीएम मोदी के दिए गये इस बयान पर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी राय बता देंते। तेजस्वी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी किसकों क्या कहते है अब हम कुछ कहना नहीं चाहते लेकिन पूरा बयान देखने के बाद तो यही समझ में आ रहा है कि दोहरापन वाली बात है। तेजस्वी ने यह भी कहा कि यह लोकतंत्र है..लालू जी प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री बना देंगे तो बन जाएंगे क्या?

## सोमवार को विद्यालय में सिर्फ 1 सहायक शिक्षिका थी उपस्थित

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के शीतलमनी पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चांदपुर धोकरिया विद्यालय संचालन में अनियमितता को लेकर काफी चचाओं में है। आपको बता दें पूर्व के दिनों से उक्त विद्यालय अपने काले कारनामों पर सुर्खियां बटोर रही है।इन दिनों कई अखबारों के लिए यह विद्यालय चर्चा का विषय बना हुआ है।लगातार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद भी भ्रष्टाचारी शिक्षकगण दबंगई से बाज नहीं आ रहे हैं।पिछले करीब 2 वर्ष से कोरोना महामारी के मद्देनजर सरकार के गाइडलाइन के आलोक में निजी व सरकारी विद्यालयों को बंद कर दी गई थी।जिससे शिक्षा का स्तर बद से बदतर हो चुकी है। लेकिन अब जब विद्यालय विभाग के आदेशानुसार पुनः खोल दी गई है। तो शिक्षकगण सरकार के आदेश को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से स्कूल संचालन करते नजर आ रहे हैं।इस काले खेल में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ-साथ वरीय पदाधिकारी भी मुकदर्शक बने बैठे हैं। लगातार शिक्षकों की अनुपस्थिति बच्चों के भविष्य को अंधकार की ओर अग्रसर हो रहा है।वहीं लगातार ग्रामीणों के विरोध के बावजूद भी शिक्षा विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगती। वहीं इस पूरे प्रकरण में प्रखंड प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी मुमताज अहमद के संज्ञान में है।बावजूद इसके अहमद हरकत में नहीं।जब कि पूर्व में उक्त विद्यालय के खिलाफ स्पष्टीकरण पूछे जाने के बाद भी प्रधानाध्यापिका के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## उपायुक्त के निदेर्शानुसार स्वच्छ भारत और जल जीवन मिशन को लेकर बैठक का आयोजन

### लंबित कार्यो को जल्द पूर्ण करने का निर्देश

» मदरलैण्ड संवाददाता



देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निदेर्शानुसार स्वच्छ भारत और जलजीवन मिशन के क्रियान्वयन को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल मधुपुर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी के घर नल कनेक्शन लक्ष्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता नवीन भगत ने सभी अभियंता और समन्वयकों को नल कनेक्शन की सूची उपलब्ध कराने का लक्ष्य देते हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 तक सभी घरों में नल से जल देने का लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत लाभुकों के नाम को आधार के जरिये एंट्री की जा रही है।

इसके अलावे बैठक में सोख्ता निर्माण और ठोस तरल कचड़ा प्रबंधन पर कार्य करने को कहा गया। इसके साथ शौचालय निर्माण में लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र को 20 फरवरी तक शतप्रतिशत जमा करने का निर्देश दिया गया। जिस ग्राम पंचायत में उपयोगिता जमा नहीं होगी उनके खिलाफ सर्टिफिकेट मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में जिला समन्वयक पंकज भूषण, जिला परामर्शी रीना टोप्पो, सहायक अभियंता सुमित कुमार सहित सभी कनीय अभियंता, प्रखण्ड समन्वयक, सोशल मोबलिजर उपस्थित थे।

## प्रतिभागी अपनी तैयारी के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें: डीएम

### जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण के तत्वाधान में एक नई पहल कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

» मदरलैण्ड संवाददाता



मोतिहारी। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में सोमवार को शहर के गांधी मैदान में जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण के तत्वधान में ₹प्रयास ₹ के तहत ₹एक नई पहल ₹कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।शहर में खुले स्थानों पर प्रतियोगिता की तैयारी करने वाले सभी प्रतिभागियों को उचित मार्गदर्शन देने के लिए एक ओपन प्लेटफार्म मुहैया कराने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा एक नई पहल कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।इस कार्यक्रम में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया।उनकी समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मोतिहारी शहर में गांधी मैदान एवं एमएस कॉलेज खेल मैदान में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु प्रतिभागी को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।शौचालय,पानी की समुचित व्यवस्था की जाएगी। बरसात के दिनों में एवं गर्मी से बचाव हेतु एमएस कॉलेज में सुबह-शाम तैयारी हेतु एक हॉल मुहैया कराई जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रतिभागी अपनी तैयारी के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें।अंतरात्मा से पढ़ाई करें,पूरे जोश के साथ तैयारी करें, सफलता उन्हें अवश्य मिलेगी।वहीं अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर सौरभ सुमन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभागी अपनी गलतियां सुधारें,सिलेबस पर ध्यान दें।पीटी में प्रैक्टिस करते रहें , मेंस की तैयारी हेतु पढ़ाई एवं लिखाई का समय का पालन करना सुनिश्चित करें।टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से न्यूजपेपर का लाभ लें।उन्होंने कहा कि मेंस की तैयारी के लिए प्रतिभागियों को टेस्ट सीरीज मुहैया कराया जाएगा।रिपीटेशन पर विशेष ध्यान दें।कम समय में ध्यान लगा कर पढ़ें।कन्फ्यूजन में ना रहे।आपस में चर्चा करने से निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रतिभागी डिजिटल प्लेटफॉर्म का मदद अवश्य लें।मेहनत करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी।वहीं जिला स्थापना पदाधिकारी सुधीर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सभी प्रतिभागी अपना ग्रुप तैयार करें ,उनको जो भी समस्या होगी उन्हें सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रतिभागी अपने आवश्यकता से अवगत कराएं उन्हें पूरा किया जाएगा।इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजय कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गुप्तेश्वर कुमार, रोबिन,अर्पित के साथ-साथ सैकड़ों प्रतिभागी उपस्थित थे।

# आठ साल बाद 100 डॉलर सीमा छूने वाला है कच्चा तेल, इससे गिरेगी विकास दर, बढ़ेगी महंगाई




नई दिल्ली, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 100 डॉलर पहुंचने वाला है। 2014 के बाद यह पहली बार है, जब कच्चा तेल इस स्तर पर पहुंचने वाला है। दुनियाभर में महामारी से जुड़ी पाबंदियां हटने के बाद कारोबारी गतिविधियों में तेजी से कच्चे तेल की मांग लगातार बढ़ रही है। इससे कच्चे तेल में और तेजी की आशंका जताई जा रही है। कच्चे तेल में तेजी में न सिर्फ दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर को झटका लगेगा, बल्कि महंगाई भी बेतहाशा बढ़ेगी। इसका सीधा असर आम लोगों के जीवन पर पड़ेगा। यह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के साथ दुनियाभर के केंद्रीय बैंको के लिए भी चिंताजनक है, क्योंकि बैंक अब भी अर्थव्यवस्था को महामारी के दबाव से उबारने की कोशिश कर रहे हैं। जी-20 के वित्त प्रमुख इस साल पहली बार इस सप्ताह बैठक करने जा रहे हैं। इसमें महंगाई सबसे प्रमुख चिंता का विषय है।

कच्चे तेल की कीमतों का असर अर्थव्यवस्थाओं पर पहले से ज्यादा होने वाला है। कंपनियों और उपभोक्ताओं दोनों के बिल में बढ़ोतरी होगी। खाने के साथ परिवहन और तमाम चीजों की कीमतें बढ़ जाएंगी। ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स के शॉक मॉडल के अनुसार, इस महीने के अंत तक कच्चे तेल के 100 डॉलर पहुंचने से अमेरिका और यूरोप में महंगाई लगभग आधा फीसदी बढ़ जाएगी। जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी का कहना है कि 150 डॉलर प्रति बैरल तक की तेजी वैश्विक ग्रोथ को लगभग रोक देगी। महंगाई को 7 फीसदी से अधिक तक पहुंचा देगी।

कच्चा तेल पिछले साल से अब तक 30 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ चुका है। 2021 की शुरूआत में वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास थी, जो इस महीने के अंत तक 100 डॉलर प्रति बैरल पहुंच जाएगी। आमतौर पर कच्चे तेल में 10 डॉलर की तेजी से अर्थव्यवस्था की विकास दर में 0.133 फीसदी की गिरावट आती है। इस महीने के अंत तक कच्चे तेल में 30 डॉलर प्रति बैरल तक की बढ़ोतरी से वृद्धि दर में करीब एक फीसदी की गिरावट आएगी। इसका चौतरफा असर देखने को मिलेगा।

तेल, कोयला और प्राकृतिक गैस वैश्विक अर्थव्यवस्था को 80 फीसदी से अधिक ऊर्जा प्रदान करते हैं। कंसल्टेंसी गावेकल रिसर्च लिमिटेड के अनुसार, इनमें से एक की लागत अब एक साल पहले की तुलना में 50 फीसदी से अधिक है। ऊर्जा की कमी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में चल रहे दबाव को भी बढ़ा दिया है, जिससे लागत बढ़ गई है। गोल्डमैन सॉक्स ग्रुप इंक का अनुमान है कि 50 फीसदी की वृद्धि से प्रमुख महंगाई औसतन 60 आधार अंक बढ़ जाएगी, जिसमें उभरती अर्थव्यवस्थाएं सबसे अधिक प्रभावित होंगी।

## बैंकिंग उद्योग की सर्वोत्तम सुविधाएं डाक घर में उपलब्ध होगी



मुंबई, एजेंसी। डाक विभाग के सचिव विनीत पांडेय ने कहा है कि बजट आवंटन से डाक विभाग के वित्तीय समावेशन संबंधी लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी और खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहकों के लिए बैंकिंग की सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू किया जा सकेगा। बजट घोषणाओं के अनुसार, 2022 में सभी 1.5 लाख डाकघरों को कोर बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जाएगा, इससे वित्तीय समावेशन, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम के द्वारा खातों तक पहुंच संभव होगी। इस कदम से डाकघर खातों और बैंक खातों के बीच धन का ऑनलाइन हस्तांतरण भी होगा। इससे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और वरिष्ठ नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी।

डाक विभाग के लिए सकल बजटीय समर्थन वित्त वर्ष 2021-22 में 35,173.27 करोड़ रुपये (बजट अनुमान) के मुकाबले 2022-23 के लिए 36,395.89 करोड़ रुपये तय किया गया है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए शुद्ध बजटीय आवंटन 20,820 करोड़ रुपये है, जो 2021-22 में 16,528.22 करोड़ रुपये (बजट अनुमान) था। पांडेय ने कहा, 'हमारे ज्यादातर लाभार्थी या हमारे ग्राहक दूसरी और तीसरी श्रेणी के क्षेत्रों से हैं। इनमें विशेष रूप से महिलाएं, किसान, कारीगर, वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। अब इन्हें वे सभी लाभ मिलने वाले हैं, जिन्हें उद्योग में सर्वोत्तम माना जाता है। बैंकिंग उद्योग की सर्वोत्तम सुविधाएं अब डाकघर के ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध होंगी।'

पांडेय ने कहा कि डाकघर से अब पारंपरिक भूमिका के मुकाबले कहीं अधिक अपेक्षाएं हैं और डाक विभाग अपने डिजिटल और विशाल भौतिक नेटवर्क का पूरी तरह फायदा उठा रहा है। उन्होंने कहा, बजट का लक्ष्य भी यहीं है। यह हमें इन उद्देश्यों को आगे बढ़ने के लिए एक आधार देता है और अब इसमें सभी प्रकार की सेवाओं को शामिल करना संभव है। जब आप वित्तीय समावेशन की बात करते हैं, तो डाकघर बचत एजेंसी के अलावा यह बीमा हो सकता है, प्रत्यक्ष हस्तांतरण जैसी अन्य चीजें भी हो सकती हैं।' उन्होंने कहा कि डाक विभाग विभिन्न प्रकार की वित्तीय सेवाओं के लिए खुद को तैयार कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीआईसी से 1,284 करोड़ जुटाएगी एशिया हेल्थकेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। स्वास्थ्य सेवाओं के डिलिवरी मंच एशिया हेल्थकेयर होल्डिंग्स (एएचएच) ने सिंगापुर के सॉवरेन संपदा कोष जीआईसी से करीब 17 करोड़ डॉलर (1,284 करोड़ रुपए) जुटाने के लिए करार किया है। विशाल बाली की अगुवाई में एएचएच की स्थापना टीपीजी ग्रोथ ने 2016 में की थीं। एएचएच के पास एशिया के सबसे बड़े एकल विशेषज्ञता स्वास्थ्य सेवा डिलिवरी मंच का स्वामित्व है। टीपीजी के साथ जीआईसी की भागीदारी से एएचएच अपने नेटवर्क का विस्तार कर पाएगी। एशिया हेल्थकेयर के कार्यकारी चेयरमैन विशाल बाली ने कहा कि एएचएच में हम भारत और व्यापक दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए काम कर रहे हैं।

### शुरूआती कारोबार में रुपया टूटा

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गिरा है। शुरूआती कारोबार में रुपया 20 पैसे नीचे आया है। घरेलू शेयर बाजारों की कमजोर शुरूआत और कच्चे तेल के दाम चढ़ने से भी रुपये पर विपरीत प्रभाव हुआ है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 75.53 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में इसमें और गिरावट आई और यह 20 पैसे के नुकसान से 75.56 प्रति डॉलर पर आ गया। इससे पहले रुपया 21 पैसे के नुकसान से सात सप्ताह के सबसे निचले स्तर 75.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। वहीं अमेरिकी मुद्रा का रुख दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी के नुकसान के साथ ही 96.05 पर फिसल गया।

### एशियाई और अमेरिकी बाजार गिरे

टोक्यो, एजेंसी। एशियाई और अमेरिकी बाजार में गिरावट आई है। बाजार में यह गिरावट रूस-यूक्रेन संकट से दुनिया भर के बाजारों में पड़े प्रभाव के कारण आई है। यूक्रेन पर रुसी हमले की आशंका से एशियाई बाजारों में सोमवार को गिरावट का माहौल रहा। एसजीएक्स निफ्टी 1.23 अंक गिरा है। वहीं जापान का निक्केई करीब 2.62 फीसदी नीचे आकर 26,970.34 के करीब है। वहीं, स्ट्रेट टाइम्स में 0.05 फीसदी की कमजोरी आई है। ताइवान का बाजार 1.71 फीसदी नीचे आककर 17,998.23 के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि हैंगसेंग 1.12 फीसदी की कमजोरी के साथ ही 17,998.23 के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं, कोस्पी में 1.53 फीसदी गिरावट आई है। शंघाई कम्पोजिट 0.48 फीसदी की गिरावट के साथ ही 3,446.29 के स्तर पर बना हुआ है। इससे पहले अमेरिकी बाजार भारी गिरावट पर बंद हुए। डॉओ में 503, एसएंडपी में 1.9 फीसदी की गिरावट रही जबकि नेसडेके भी 294 अंक नीचे आकर 14000 के नीचे बंद हुआ। यूक्रेन पर रूसी हमले की आशंका से बाजारों में नकारात्मक माहौल बना हुआ है। दूसरी ओर कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं।

### 2030 तक 1,000 अरब डॉलर के वस्तुओं के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने आक्रामक रुख अपनाना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत को 2030 तक 1,000 अरब डॉलर के वस्तुओं के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने को बहुआयामी रुख अपनाना होगा है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की रिपोर्ट में इसका सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट में बड़े बाजारों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को अंतिम रूप देने, निर्यात उत्पादों पर शुल्क और छूट योजना (आरओडीटीईपी) के विस्तार, वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने और घरेलू विनिर्माण मुद्दों को हल करने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट कहती है कि इन कदमों से इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। सीआईआई के अध्यक्ष टी वी नरेंद्रन ने कहा, समग्र और आक्रामक रुख के जरिये 2030 तक 1,000 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल होगा है।' सीआईआई की रिपोर्ट वस्तुओं के निर्यात के 1,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करना: एक रूपरेखा' में उन उत्पादों और बाजारों का ब्यौरा दिया गया है, इनके द्वारा भारत इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ सकता है। सीआईआई ने कहा कि फिलहाल भारत के लिए वैश्विक मूल्य श्रृंखला से एकीकरण जरूरी है, जिससे उसके महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित किया जा सके।

### म्यूचुअल फंड कंपनियों ने एक लाख करोड़ रुपये जुटाए

मुंबई, एजेंसी। म्यूचुअल फंड कंपनियों ने 2021 में 140 नई कोष पेशकश (एनएफओ) के द्वारा लगभग एक लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। शेयर बाजार में तेजी के चलते खुदरा निवेशकों की बाजार में दिलचस्पी में जोरदार बढ़ोतरी से कामयाबी मिली। बाजार जानकार ने कहा कि हालांकि शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) इस साल एनएफओ को सीमित कर सकती हैं। एक अन्य जानकार का मानना है कि 2022 में एनएफओ में कमी होगी और 2023 में जब दरें बढ़ने लगेंगी, तो इनकी संख्या बहुत कम हो जाएगी। आंकड़ों के अनुसार, 2021 में 140 एनएफओ (क्लोज्ड एंड फंड और ईटीएफ सहित) आए। इन पेशकश के जरिये 99,704 करोड़ रुपये जुटाने में सफलता मिली। इससे पहले 2020 में 81 एनएफओ के जरिये कुल 53,703 करोड़ रुपये जुटाए जा सके थे।

## इस साल के मध्य में 7 सीटों वाली एसयूवी 'जीप मेरिडियन' लांच करेगी जीप इंडिया



नई दिल्ली, एजेंसी। स्टेलंटिस समूह की इकाई जीप इंडिया इस साल के मध्य में देश में अपनी सात सीटों वाली एसयूवी 'जीप मेरिडियन' उतारने जा रही है। कंपनी ने सोमवार को जारी अपने बयान में बताया कि 'मेड इन इंडिया' जीप मेरिडियन उसकी देश में पहली सात सीटों वाली एसयूवी पेशकश होगी। स्टेलंटिस इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक रोलैंड बाउचर ने कहा वैश्विक स्तर पर जीप ब्रांड की पहचान अपनी क्षमता वाली एसयूवी के जरिए है। हम जीप मेरिडियन के जरिए भारत में भी इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस वाहन को विशेषरूप से भारतीय ग्राहकों की जरूरत के हिसाब से तैयार किया गया है। जीप इंडिया के प्रमुख निपुण जे महाजन ने कहा कि कंपनी ने एसयूवी का कश्मीर से कन्याकुमारी तक की यात्रा पर हर तरह के इलाके में परीक्षण किया है। इसके प्रदर्शन का परीक्षण करने के लिए 5,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई। उन्होंने कहा कि इस वाहन का परीक्षण निर्माण गुणवत्ता के विभिन्न मानकों पर किया गया है। कंपनी ने कहा कि इस वाहन को 2022 के मध्य में उतारा जाएगा। उसी के आसपास इसकी कीमत के बारे में बताया जाएगा।

## 5जी सेवाओं के लिए कवायद तेज, जल्द खत्म होगा इंतजार

नई दिल्ली, एजेंसी। दूर संचार के क्षेत्र में नई क्रांति लाने वाली 5जी मोबाइल सेवाओं का यूजर्स को बेसब्री से इंतजार है। इस मामले में चल रही कवायद से उम्मीद है कि जल्द ही उपभोक्ताओं को 5जी मोबाइल मिलने लगेंगी। दूरसंचार मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इसी साल मई तक 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी हो सकती है बशर्ते भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) इससे संबंधित सिफारिश मार्च तक सौंप दे। ट्राई को 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी प्रक्रिया के संबंध में नियमों पर अपनी सिफारिश देनी है।

दूरसंचार सचिव के राजारमन ने कहा कि ट्राई ने संकेत दिया है कि वे इन्हें (सिफारिशें) मार्च तक भेज देंगे। उसके बाद इस बारे में निर्णय लेने में एक महीना लग जाएगा। सरकार ने पूर्व में स्पेक्ट्रम नीलामी पर ट्राई से सिफारिशें प्राप्त होने के बाद निविदाओं का चरण शुरू करने के लिए 60 से 120 दिन का समय लिया है। राजारमन ने कहा कि दूरसंचार विभाग को ट्राई की सिफारिशें प्राप्त होने के दिन से नीलामी शुरू करने में दो महीने लगेंगे। विभाग के अनुसार, 5जी से डेटा 4जी सेवा की तुलना में 10 गुना तेज रफ्तार से डाउनलोड हो सकेगा। प्रक्रिया के अनुसार, विभाग स्पेक्ट्रम के मूल्य, इसे आवंटित करने की पद्धति, इसके ब्लॉक के आकार, भुगतान के तौर-तरीकों पर ट्राई से सिफारिशें मांगता है। ट्राई उद्योग जगत और अन्य हितधारकों से परामर्श करता है और दूरसंचार विभाग को सिफारिशें भेजता है।

मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार, दूरसंचार विभाग में निर्णय लेने वाली शीर्ष इकाई ह्यडिजिटल संचार आयोगह्व (पूर्ववर्ती दूरसंचार आयोग) है, जो ट्राई की सिफारिशों पर फैसले लेता है। फिर इसे अंतिम मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल में भेजा जाता है। राजारमन ने कहा कि दूरसंचार विभाग ने आगामी नीलामी के लिए नीलामीकर्ता के रूप में एमएसटीसी को चुना है। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस महीने की शुरूआत में यह जानकारी दी थी। उन्हें ट्राई ने सूचित किया था कि वह 5जी नीलामी के लिए मार्च तक अपनी सिफारिशें जमा करेगा। इसके बाद दूरसंचार विभाग जल्द से जल्द नीलामी कराने के लिए अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर रहा है।

## छोटे निवेशकों पर मेहरबान होगी एलआईसी, संरक्षित किया 35 फीसदी कोटा

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में जुटी एलआईसी छोटे निवेशकों पर बड़ी मेहरबान दिख रही है। कंपनी ने रविवार को बाजार नियामक सेबी के पास जमा कराए ड्राफ्ट पेपर में कहा है कि उसके कुल इक्विटी शेयरों में 35 फीसदी हिस्सा खुदरा निवेशकों के लिए रिजर्व रखा है। एलआईसी ने अपने ड्राफ्ट पेपर में कहा है कि आईपीओ के जरिये करीब 31.62 करोड़ इक्विटी शेयर बाजार में उतारे जाएंगे। इसमें से 35 फीसदी यानी करीब 11 करोड़ इक्विटी शेयर खुदरा निवेशकों के लिए रिजर्व रखे जाएंगे। कंपनी ने यह रणनीति उन आंकड़ों को देखते हुए बनाई है, जिसमें पिछले डेढ़ साल से खुदरा निवेशकों ने आईपीओ में पैसे लगाने को लेकर बड़ी भूमिका निभाई है।




बाजार एक्सपर्ट का कहना है कि बेहद कम समय में करीब 1 करोड़ डीमैट खाते खोले गए हैं। ये दिखाता है कि निवेशक एलआईसी के आईपीओ को लेकर कितने उत्साहित हैं। अगर इन निवेशकों में से 10 फीसदी ने भी आईपीओ के लिए बोली लगाई और शेयर अलॉट हुए तो सरकार को भी सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) के जरिये बंपर कमाई होगी। एलआईसी ने कुल ऑफर साइज का करीब 50 फीसदी शेयर क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व किया है। इसके अलावा 15 फीसदी हिस्सा नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स को मिलेगा। इतना ही नहीं क्यूआईबी का भी 60 फीसदी हिस्सा एंकर इन्वेस्टर्स को देने की तैयारी है, जो कंपनी के आईपीओ का आधार बनेगी। इसमें से करीब 33 फीसदी हिस्सा घरेलू म्यूचुअल फंड कंपनियों को दिया जाएगा।

सेबी में जमा प्रॉस्पेक्ट्स के मुताबिक, इश्यू का मैक्सिमम 10 फीसदी हिस्सा पॉलिसी होल्डर्स के लिए रिजर्व होगा। किसी भी सूरत में यह हिस्सा 10 फीसदी से ज्यादा नहीं हो सकता है। अगर आपकी एलआईसी पॉलिसी लैप्स हो चुकी है तो भी आप रिजर्व कोटे में बोली लगा सकते हैं। एलआईसी के कर्मचारियों के लिए 5 फीसदी हिस्सा रिजर्व होगा। हालांकि, डिस्काउंट का खुलासा बाजार में इश्यू खुलने के बाद ही होगा।

## निवेशकों की प्रतीक्षा खत्म होगी, शीघ्र आएगा एलआईसी का आईपीओ

### सेबी के पास जमा कराए अहम दस्तावेज




नई दिल्ली, एजेंसी। देश के शेयर बाजार में सबसे बड़ी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) के मेगा आईपीओ को लेकर निवेशकों काफी उत्साहित है और इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस आईपीओ के मौजूदा वित्त वर्ष के अंत से पहले मार्च में लॉन्च होने की उम्मीद है। इस बीच, कंपनी ने देश के मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी सेबी के पास आईपीओ के लिए शुरूआती दस्तावेज जमा कराए हैं।

इस आईपीओ के जरिए सरकार एलआईसी की 5 फीसदी हिस्सेदारी की पेशकश कर रही है। डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट यानी दीपम के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने ट्वीट किया, ह्यएलआईसी के आईपीओ के लिए डीआरएचपी आज सेबी के पास दाखिल कर दी गई है। इसके तहत 31.6 करोड़ शेयरों की पेशकश की जाएगी, जो 5 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है।ह्व ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस यानी डीआरएचपी के मुताबिक, इंटरनेशनल फर्म मिलिमन एडवाइजर्स ने 30 सितंबर 2021 तक एलआईसी का एम्बेडेड मूल्य लगभग 5.4 लाख करोड़ रुपये आंका है।

सूत्रों के मुताबिक, डीआरएचपी के अनुसार यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल यानी ओएफएस पर बेस्ड होगा। इस आईपीओ के तहत कंपनी सरकार की 5 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी बेचने जा रही है। सरकार इस आईपीओ के जरिए निवेशकों को कुल 632 करोड़ इक्विटी शेयरों में से 31.6 करोड़ इक्विटी शेयर बेचेगी। मार्केट एक्सपर्ट कहते हैं कि एलआईसी का आईपीओ भारत के लिए सऊदी अरामको का आईपीओ साबित हो सकता है। सऊदी अरामको दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनियों में से एक है। इसकी 2940 करोड़ डॉलर (2.19 लाख करोड़ रुपये) की लिस्टिंग दुनिया में सबसे बड़ी लिस्टिंग है।

आप एलआईसी के पॉलिसीहोल्डर्स हैं और आईपीओ में शेयर खरीदना चाहते हैं, तो अपने पैन कार्ड को पॉलिसी से जोड़ना होगा। कंपनी ने अपने पॉलिसी होल्डर्स से ऐसा करने के लिए कहा है। बिना इसके आईपीओ में आवेदन करना नामुमकिन होगा। एलआईसी ने कहा है कि आईपीओ में हिस्सा लेने के लिए पॉलिसीहोल्डर्स को देखना होगा कि एलआईसी के रिकॉर्ड में उनके पैन कार्ड का विवरण दर्ज है या नहीं।

## एपीडा के द्वारा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात 23.7 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि एपीडा के माध्यम से कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में 23.7 अरब डॉलर के लक्ष्य से अधिक होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) भारत से निर्यात के विकास के लिए सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे कई कदम उठा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि एपीडा निर्यात को बढ़ावा देने और किसानों के लिए बाजार संपर्क सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ काम कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि एपीडा किसानों के लिए भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण और काश्तकारी की औपचारिकता सुनिश्चित करने पर जोर दे रहा है, इससे निर्यात को बढ़ावा मिलता है। उसने कहा कि अब तक, 417 पंजीकृत जीआई (भौगोलिक संकेत) उत्पाद हैं और उनमें से 150 उत्पाद कृषि और खाद्य क्षेत्र से हैं।

एपीडा के अध्यक्ष एम अंगमुथु ने प्राधिकरण के 36वें स्थापना दिवस के अवसर पर कहा, ह्यजिंसों के वैश्विक व्यापार में कई चुनौतियों के बावजूद, भारत का कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात पिछले दशक में स्थिर गति से बढ़ा है।ह्व एपीडा के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात 2020-21 के दौरान बढ़कर 20.67 अरब डॉलर (1,53,049 करोड़ रुपए) हो गया, जो 2010-11 में 9.1 अरब डॉलर (42,437 करोड़ रुपए) था।

## ब्लैकस्टोन ने संपत्ति प्रबंधन कंपनी एएसके में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी




मुंबई, एजेंसी। वैश्विक निजी इक्विटी कंपनी ब्लैकस्टोन ने संपदा प्रबंधन कंपनी एएसके इंवेस्टमेंट मैनेजर्स में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। एएसके एक तीन दशक पुरानी संपत्ति और संपदा प्रबंधन कंपनी है। इसके प्रबंधन के तहत 10.6 अरब डॉलर से अधिक की संपत्तियां हैं। एक बयान के अनुसार अमेरिका के निजी इक्विटी कोष ने एडवेंट इंटरनेशनल और अन्य विक्रेताओं से एएसके की बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी है। इस सौदे के बाद कंपनी घरेलू के बाद विदेशी बाजारों में भी विस्तार कर सकेगी।

हालांकि, सौदे के वित्तीय पक्ष का खुलासा नहीं किया गया है। एएसके देश की पहली पोर्टफोलियो प्रबंधकों में है। इसका एशिया, पश्चिम एशिया, अफ्रीका और यूरोप में परिचालन है। ब्लैकस्टोन ने भारत में विविध क्षेत्रों में निवेश किया है। भारत में उसका निवेश करीब 60 अरब डॉलर है। यह देश के वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र में सबसे बड़े निवेशकों में से है। अगस्त, 2021 में आई मीडिया की खबरों में कहा गया था कि ब्लैकस्टोन का इरादा एएसके में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी एक अरब डॉलर में खरीदने का है। एडवेंट के पास कंपनी की करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## क्या बढ़ जाएगी आपके पीएफ पर ब्याज दर ! जल्द फैसला लेगी मोदी सरकार




नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दरें अगले महीने तय होगी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के निर्णय लेने वाले निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की बैठक अगले माह मार्च में होने वाली है। इसमें चालू वित्त वर्ष के लिए ब्याज दरों पर फैसला होगा। केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी जानकारी दी है। यादव ने कहा, ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की बैठक मार्च में गुवाहाटी में होगी, इसमें 2021-22 के लिए ब्याज दरें तय करने का प्रस्ताव सूचीबद्ध है। यह पूछने पर कि क्या ईपीएफओ 2021-22 के लिए भी 2020-21 की तरह 8.5 प्रतिशत की ब्याज दर को कायम रखेगा, यादव ने कहा कि यह फैसला अगले वित्त वर्ष के लिए आमदनी के अनुमान के आधार पर किया जाएगा। केंद्रीय श्रम मंत्री यादव सीबीटी के प्रमुख हैं।

गौरतलब है कि मार्च, 2021 में सीबीटी ने 2020-21 के लिए ईपीएफ जमा के लिए 8.5 प्रतिशत की ब्याज दर निर्धारित की थी। वित्त मंत्री ने अक्टूबर, 2021 में इस अनुमोदित किया था। उसके बाद ईपीएफओ ने अपने फील्ड कार्यालयों को अंशधारकों के खातों में 2020-21 के लिए 8.5 प्रतिशत का ब्याज डालने का निर्देश दिया था। सीबीटी द्वारा ब्याज दर पर फैसला लेने के बाद इस वित्त मंत्रालय की अनुमति के लिए भेजा जाता है। मार्च, 2020 में ईपीएफओ ने भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को घटाकर 2019-20 के लिए 8.5 प्रतिशत के सात साल के निचले स्तर पर ला दिया था। 2018-19 में ईपीएफओ पर 8.65 प्रतिशत का ब्याज दिया गया था। ईपीएफओ ने 2016-17 और 2017-18 में भी 8.65 प्रतिशत का ब्याज दिया था। वहीं, 2015-16 में ब्याज दर 8.8 प्रतिशत थी। इसके अलावा साल 2013-14 में 8.75 प्रतिशत और 2014-15 में भी 8.75 प्रतिशत का ही ब्याज दिया गया था। हालांकि, 2012-13 में ब्याज दर 8.5 प्रतिशत थी और 2011-12 में यह 8.25 प्रतिशत थी।

# आईपीएल नीलामी के बाद बनी सभी दस टीमें इस प्रकार हैं

मुम्बई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए हुई मेगा निलामी के बाद सभी टीमों की जो सूची सामने आई है। इसमें देखा गया है कि फार्म में चल रहे विदेशी खिलाड़ियों को महंगी कीमत में खरीदा गया है। इंग्लैंड के बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन , रोमारियो शेफर्ड इसके उदाहरण हैं। वहीं देशी खिलाड़ियों की बात करें तो युवा खिलाड़ियों पर बड़ी धनराशि खर्च की जबकि पुराने अनुभवी खिलाड़ियों को नहीं खरीदा है। आईपीएल में इस बार आठ की जगह दस टीमें हैं। सभी खिलाड़ियों को टीमें खरीदने के लिए 90 करोड़ का पर्स दिया गया था।

सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स ने खिलाड़ियों को खरीदने के लिए भारी रकम लगायी है। नई टीमें गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजाइंट्स ने भी कई अच्छे खिलाड़ियों को शामिल किया है।

चेन्नई सुपर किंग्स टीम

रीटेन खिलाड़ीः महेन्द्र सिंह धोनी (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, मोईन अली, रवींद्र जडेजा।

21 खिलाड़ी खरीदेः अंबाती रायडू, रॉबिन उथप्पा, डेवोन कॉनवे, ड्वेन ब्रावो, क्रिस जॉर्डन, शिवम दुबे, दीपक चाहर, सिमरजीत सिंह, ड्वेन प्रिटोरियस, मिचेल सैंटनर, एडम मिल्ने, राजवर्धन हंगरगेकर, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्षणा, मुकेश चौधरी, शुभांशु सेनापति, केएम आसिफ, तुषार देशपांडे, सी. हरि निशांत, एन. जगदीशन, के. भगत वर्मा।

पंजाब किंग्स

रीटेन खिलाड़ीः मयंक अग्रवाल, अर्शदीप सिंह

23 खिलाड़ी खरीदेः शिखर धवन, कागिसो रबाडा, जॉनी बेयरस्टो, राहुल चाहर, हरप्रीत बरार, शाहरुख खान, जितेश शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, ईशान पोरेल, लियाम लिविंगस्टोन, ओडियन स्मिथ, संदीप शर्मा, राज बावा, ऋषि धवन, नाथन एलिस, अथर्व तांडे, प्रेरक मांकड़, भानुका राजपक्शे, बेनी हॉवेल, वैभव अरोड़ा, रितिक चटर्जी, बलतेज ढांडा, अंश पटेल।

गुजरात टाइटंस

रीटेन खिलाड़ीः हार्दिक पंड्या, राशिद खान, शुभमन गिल

20 खिलाड़ी खरीदेः मोहम्मद शमी, डेविड मिलर, ऋद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, जेसन रॉय, लॉकी फर्ग्युसन, अभिनव सदारंगनी, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, आर साई किशोर, डॉमिनिक ड्रेक्स, विजय शंकर, जयंत यादव, दर्शन नालकंडे, यश दयाल, बी साई सुदर्शन, गुरकीरत सिंह, अल्जारी जोसेफ, वरुण आरोन, प्रदीप सांगवान।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

रीटेन खिलाड़ीः विराट कोहली, मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल

19 खिलाड़ी खरीदेः सुयश प्रभुदेसाई, अनुज रावत, शाहबाज अहमद, आकाश दीप, अनीश्वर गौतम, जेसन बेहरनड्रॉफ, जोश हेजलवुड, दिनेश कार्तिक, हर्षल पटेल, फाफ



डुप्लेसी, क्षमा मिलिंद, वानिंदु हसरंगा, महिलाल लोमरोर, शरफेन रदरफोर्ड, फिन एलेन, कर्ण शर्मा, डेविड विली, लुवनिथ सिसोदिया, सिद्धार्थ कॉल।

दिल्ली कैपिटल्स

रीटेन खिलाड़ी-पृथ्वी शॉ, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और एनरिक नॉर्किया

19 खिलाड़ी खरीदे- डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, सरफराज खान, केएस भरत, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, कमलेश नागरकोटी, मुस्तफिजुर रहमान, अश्विन हेब्बार, मनदीप सिंह, खलील अहमद, चेतन सकारिया, ललित यादव, रिपल पटेल, यश धुल, रोवमैन पॉवेल, प्रवीण दुबे, लुंगी एनगिडी, टिम सिफर्ट।

कोलकाता नाइट राइडर्स

रीटेन खिलाड़ी- वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती.

20 खिलाड़ी खरीदे- श्रेयस अय्यर, नीतीश राणा, अनुकूल राय, अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह, रासिख सलाम, पैट कमिंस, शिवम मावी, शेल्डन जैक्शन, बाबा इंद्रजीत, अभिजीत तोमर, चमिका करुणारत्ने, प्रथम सिंह, अशोक शर्मा, रमेश कुमार, टिम साउदी, एलेक्स हेल्स, सैम बिलिंग्स, उमेश यादव, मोहम्मद नबी।

लखनऊ सुपरजाइंट्सः

चुने गए खिलाड़ीझ केएल राहुल, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई,

क्विंटन डिकॉक, मनीष पांडे, दीपक हुडा, क्रुणाल पंड्या, जेसन होल्डर, आवेश खान, मार्क वुड, अंकित राजपूत, कृष्णप्पा गौतम, दुष्मंता चमीरा, शाहबाज नदीम, मनन वोहरा, मोहसिन खान, आयुष बधोनी, काइली मेयर्स, करण शर्मा, एविन लुईस।

मुंबई इंडियंसः

रीटेन खिलाड़ी-रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, कायरन पोलार्ड, जसप्रीत बुमराह,

ईशान किशन, डेवाल्ड ब्रेविस, एम अश्विन, बासिल थंपी, फैबियन एलन, आर्यन जुयाल, अर्जुन तेंदुलकर, हृतिक शौकीन, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिंह, अनमोलप्रीत सिंह, अरशद खान, राइली मेडरिथ, टिम डेविड, टायमल मिल्स, डेनियल सेम्स, जोफ्रा आर्चर, संजय यादव, एन तिलक वर्मा, मयंक मार्कंडे, जयदेव उनादकट.

राजस्थान रॉयल्सः

रीटेन खिलाड़ी-संजू सैमसन, जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल,

देवदत्त पडिक्कल, शिमरोन हेटमायर, रियान पराग, आर अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, केसी करियप्पा, नवदीप सैनी, ओबेड मेकॉय, अनुनय सिंह, कुलदीप सेन, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, तेजस बारोका, कुलदीप यादव, शुभमन गढ़वाल, नाथन कूल्टर नाइल, रासी वेन डर डुसेन, डेरिल मिचेल.

सनराइजर्स हैदराबादः

रीटेन खिलाड़ी-केन विलियमसन, अब्दुल समद, उमरान मलिक.

अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, निकोलस पूरन, प्रियम गर्ग, वॉशिंगटन सुंदर, भुवनेश्वर कुमार, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, कार्तिक त्यागी, टी नटराजन, फजल फारुखी, विष्णु विनोद, सौरभ दूबे, शशांक सिंह, आर. समर्थ, सीन एबॉट, रोमारियो शेफर्ड, मार्को यानसेन, एडेन मार्करम।

**संक्षिप्त समाचार**

## श्रीसंत हुए निराश , अब रणजी में वापसी का प्रयास करेंगे

बेंगलुरु, एजेंसी। पूर्व क्रिकेटर एस श्रीसंत को आईपीएल के 15 वें सत्र के लिए किसी भी टीम ने नहीं खरीदा है। यह लगातार दूसरा साल है जब किसी टीम ने उन्हें नहीं खरीदा है। पिछले साल भी किसी टीम ने श्रीसंत पर बोली नहीं लगायी थी। अब श्रीसंत ने सोशल मीडिया पर केरल की रणजी ट्रॉफी ड्रेस में अपने तस्वीर साझा की है। उन्हें रणजी ट्रॉफी के लिए अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों में जगह मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि साल 2013 में आईपीएल में कथित स्पॉट फिक्सिंग मामले में फंसने के बाद से ही श्रीसंत का क्रिकेट करियर एक प्रकार से समाप्त हो गया है। उन पर पहले आजीवन प्रतिबंध लगाया गया था, जिसे घटाकर बाद में 7 साल का कर दिया गया था। अब श्रीसंत को फर्स्ट क्लास क्रिकेट में केरल ने अपनी रणजी ट्रॉफी की 24 सदस्यीय टीम में जगह दी है। इस प्रकार श्रीसंत 9 साल के इंतजार के बाद घरेलू क्रिकेट के इस सबसे बड़े टूनार्मेंट में वापसी कर सकते हैं। इससे पहले उन्होंने 2013 में पिछला फर्स्ट क्लास मैच खेला था। ईरानी कप में शेष भारत के लिए वह मुंबई के खिलाफ मैदान पर उतरे थे। वहीं रणजी ट्रॉफी में बाएं हाथ के बल्लेबाज सचिन बेबी इस सीजन केरल की अगुआई करेंगे. विकेटकीपर बल्लेबाज विष्णु विनोद को केरल टीम की उपकप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। श्रीसंत ने आईपीएल में 44 मैच खेले हैं, जिनमें उनके नाम 44 विकेट हैं। वह इस टी20 टूनार्मेंट में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), कोच्चि टस्कर्स केरल और राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी की ओर से खेल चुके हैं। वह आईपीएल में 2008 से 2013 तक खेले।

## पसंदीदा टीम ने खरीदा तो हैंगरगेकर को आई पिता की याद

मुम्बई, एजेंसी। अंडर-19 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के ऑलराउंडर राजवर्धन हैंगरगेकर को आईपीएल 2022 मेगा में जैसे ही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 1.5 करोड़ रुपए में खरीदा तो उसे अपने पिता की याद आ गयी। हैंगरगेकर के पिता की पसंदीदा टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) थी पर कोरोना संक्रमण के कारण दो साल पहले उनकी मौत हो गयी थी। राजवर्धन ने कहा, मेरे पिता सीएसके को काफी पसंद करते थे और इस टीम को फॉलो करते थे। अगर, वह आज होते तो बेहद खुश होते, वह जहां,कहीं भी होंगे, निश्चित ही हम सभी से अधिक खुश होंगे। इस गेंदबाज ने कहा कि फिलहाल मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं इस अवसर पर उन्हें ही याद कर रहा हूं। गौरतलब है कि हैंगरगेकर 30 लाख के आधार मूल्य के साथ नीलामी में उतरे थे और महेन्द्र सिंह धोनी की सीएसके ने इस गेंदबाज पर भरोसा व्यक्त करते हुए उसे 1.5 करोड़ रुपये यानी 5 गुना कीमत पर खरीदा। राजवर्धन के अलावा भी अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाले कई और खिलाड़ियों पर नीलामी में पैसों की बरसात हुई है।

## इस कारण हर्षल को आरसीबी ने नहीं किया था रिटेन

बेंगलुरु, एजेंसी। उभरते हुए ऑलराउंडर हर्षल पटेल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए हुई नीलामी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने 10.75 करोड़ रुपये की अच्छी खासी रकम देकर खरीदा है। अब हर्षल ने खुलासा किया है कि आरसीबी ने क्यों उन्हें रीटेन नहीं किया था। हर्षल के अनुसार दूसरे दिन की नीलामी से पहले आरसीबी की ओर से कहा गया कि अगर वे मझे रीटेन करते तो छह करोड़ ही दे पाते क्योंकि चौथे खिलाड़ी होने के कारण हमारे पर्स से 9 करोड़ कट जाते। वहीं हम ऐसा नहीं करना चाहते और चाहते हैं कि आप यह पैसे कमा लें। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने साल 2010 में भी हर्षल को खरीदा था। हर्षल को बैंगलोर ने 2012 में चुना था। वह 2017 तक आईपीएल के साथ रहे और इसके बाद 2018 में वह दिल्ली की टीम के साथ जुड़ गए थे। बैंगलोर के साथ दोबारा जुड़ने की बात पर उन्होंने कहा, ह्यजब उन्होंने मुझे दिल्ली से दोबारा ट्रेड किया तो उन्होंने मुझे वह मौका और जिम्मेदारी दी जिसे पूरा करने की मैं उम्मीद नहीं कर रहा था। उन्होंने मेरा साथ दी। मुझमें कुछ देखा और यह सब बहुत मायने रखता है। कीमत बेशक काफी ज्यादा है और इसके साथ ही जिस तरह से उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया वह मेरे लिए काफी मायने रखता है।' नीलामी के दौरान हर्षल पर तेजी से बोली लगनी शुरू हो गयी। पहले पहले आरसीबी ने उसपर बोली लगायी , इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स भी इसमें उतर गयी हालांकि बाद में सुपरकिंग्स हट गयी। अंत में हर्षल को 10.75 करोड़ रुपये मिले।

हर्षल का पिछले आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन रहा था।



बीजिंग में नेशनल स्लाइडिंग सेंटर में अमेरिका की कैली हैम्पशायर स्वर्ण जीतने के बाद उत्साहित नजर आयीं।

## केवल 9 मैच खेलने वाले लिविंगस्टोन को 11.50 करोड़ रुपये मिलने से सभी हैरान

मुम्बई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए हुई आईपीएल की मेगा नीलामी में इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन को बड़ी रकम मिलने पर सबको हैरानी हुई है। इस खिलाड़ी की कीमत पिछले साल तक 75 लाख रुपये ही थी पर इस बार नीलामी में लिविंगस्टोन के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद ने बड़ी बोली लगाई अंत में 11.50 करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स ने उन्हें अपने साथ जोड़ा जबकि इस खिलाड़ी ने आईपीएल में केवल 9 ही मैच खेले हैं और उसमें सिर्फ 112 रन ही बनाए। पहले साल लिविंगस्टोन को 75 लाख रुपये में



राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था और उन्होंने 5 पारियों में सिर्फ 42 रन ही बनाए थे।

वहीं को अभी तक समझ नहीं आ रहा है कि इस खिलाड़ी को इतनी रकम कैसे मिली है। 4 साल टीम से बाहर रहने और आईपीएल में फ्लॉप रहने के बाद भी फ्रेंचाइजियों को इस क्रिकेटर में ऐसी क्या खूबी नजर आयी कि उनपर करोड़ों की रकम लगा दी। पिछले एक साल में ही लिविंगस्टोन की कीमत 75 लाख से 11.50 करोड़ रुपये तक पहुंचने का बड़ा कारण उनकी इंग्लैंड की टी20 टीम में वापसी को माना जा रहा है। उन्होंने 2017 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। इसके बाद वो टीम से बाहर हो गए थे। पिछले साल नेशनल टीम में वापसी करते हुए उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 43 गेंदों में 103 रन बना दिए थे। एक कारण यह भी था कि लिविंगस्टोन किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने की क्षमता रखते हैं।

## पीएसएल में हारी आजम की टीम

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेल रही कप्तान बाबर आजम की टीम को लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है। आजम की कराची किंग्स लगातार छठे मैच में हारी है। टीम की इस हार का कारण खराब बल्लेबाजी रही है। आजम ने पेशावर जालमी के खिलाफ खेले गए आखिरी मैच में अर्धशतक लगाया पर इसके बाद भी वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। पीएसएल के 6 मैचों में आजम ने 50 की औसत से 253 रन बनाये हैं पर उनकी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पेशावरी जाल्मी ने 20 ओवरों में 193 रन बनाए थे। ओपनिंग क्रम पर जजई के साथ मोहम्मद हैरिस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 97 रन बनाए। जजई ने 42 गेंदों पर छह चौके और 1 छक्के की मदद से 52 तो हैरिस ने 27 गेंदों में तीन चौके और 4 छक्कों की मदद से 49 रन बनाए। शोएब मलिक ने 31, कटिंग 26 और रदरफोर्ड ने 11 बनाकर



अपनी टीम का स्कोर 193 रन तक पहुंचाया।

इसके बाद 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कराची किंग्स की शुरूआत अच्छी रही। बाबर आजम के साथ शार्जील और जो क्लार्क ने आक्रामक बल्लेबाजी की। आजम का 59 रन पर विकेट गिरने के बाद कराची का मध्यक्रम लड़खड़ा गया ओर कराची टीम केवल 138 रनों पर ही सिमट गयी।

## रैना को आईपीएल नीलामी में नहीं खरीदे जाने से प्रशंसक निराश

बेंगलुरु, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के लिए हुई मेगा नीलामी में बल्लेबाज सुरेश रैना को नहीं खरीदे जाने से उनके प्रशंसकों में निराशा है। रैना आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अधिकतर समय महेन्द्र सिंह धोनी की टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) में रहे हैं पर इस बार सीएसके ने तक उनपर बोली नहीं लगायी। इससे पहले सीएसके ने उन्हें रीटेन नहीं किया था। आईपीएल खिलाड़ियों की नीलामी में रैना ने अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा था पर 10 फ्रेंचाइजी टीमों में से किसी ने भी उनमें रुचि नहीं दिखाई। आईपीएल नीलामी में नहीं बिकने के बाद अब प्रशंसकों को लग रहा है कि रैना का क्रिकेट करियर करीब समाप्त हो गया है। कोई फ्रेंचाइजी चाहे तो नीलामी के बाद भी इस बल्लेबाज को शामिल कर सकती है पर इसके संभावनाएं नहीं हैं।

रैना और धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को एक ही दिन अलविदा कहा था। साल 15 अगस्त 2020 को पहले



धोनी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, इसके कुछ समय बाद ही रैना ने भी सोशल मीडिया के जरिए संन्यास की घोषणा की थी। रैना ने अब तक 205 आईपीएल मैचों में 136.73 के स्ट्राइकरेट से कुल 5528 रन बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने 1 शतक और 39 अर्धशतक लगाए हैं।

## नींद खुली तो करोड़पति बना यह युवा क्रिकेटर

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साल 2022 सत्र के लिए हुई मेगा नीलामी में उत्तर प्रदेश के एक अनजान से युवा तेज गेंदबाज यश दयाल को नई टीम गुजरात टाइटंस ने 3.20 करोड़ रुपए में खरीदा है हालांक इस क्रिकेटर को इसकी उम्मीद नहीं थी। यश का आधार मूल्य केवल 20 लाख रुपये था और ऐसे में उन्हें 16 गुना ज्यादा कीमत मिली है। यह तेज गेंदबाज अभी रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए उत्तर प्रदेश की टीम के साथ गुरुग्राम में क्वारंटीन का समय बिता रहा है। यश दयाल होटल के कमरे में आईपीएल नीलामी देख रहे थे पर उनका नाम नहीं आ रहा था तो वो टीवी बंद करके और अपना मोबाइल फोन भी साइलेंट करके सो गए थे पर एक घंटे बाद जब उनकी नींद खुली तो उनका फोन दोस्तों और परिवारवालों के मिस्ड कॉल और मैसेज से भरा पड़ा था। उनके फोन में पिता चंद्रपाल दयाल के 20 मिस्ड कॉल थे। उन्होंने



सबसे पहले पिता को फोन किया, तब पता चला कि उन्हें आईपीएल में चुन लिया गया है और गुजरात टाइटन्स टीम ने उन्हें बेस प्राइस से 16 गुना ज्यादा कीमत देकर 3.2 करोड़ रुपए में खरीदा है।

वहीं पिता इस बार से परेशान थे कि वह फोन क्यों नहीं उठा रहा है। पिता के अनुसा र मैंने जब उसको नीलामी के बारे में बताया तो उसे लगा कि मैं उसे ऐसे ही कह रहा हूं। टीम का कोई भी खिलाड़ी भी उसके कमरे में नहीं गया. क्योंकि कोरोना प्रोटोकॉल के कारण खिलाड़ियों को टीम होटल में इधर-उधर जाने की इजाजत नहीं थी। यश ने पिछले साल विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। 7 मैच में इस गेंदबाज ने 3.77 की इकोनॉमी रेट से 14 विकेट लिए थे। यश दोनों तरफ गेंद को स्विंग कराते हैं। इस खूबी का उन्हें लाभ मिला है। श को तेज गेंदबाजी करना पसंद है। वह गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा सकता है. उसके पास बेहतरीन बाउंसर हैं और वो जब चाहें यॉर्कर भी फेंक सकता है !ह्व यश के पिता चंद्रपाल भी तेज गेंदबाज रहे हैं और 80 के दशक में विजी ट्रॉफी खेले थे उन्हें हालांकि, अपने पिता और परिवार से सहयोग नहीं मिला था।

## चेन्नई सुपर किंग्स में वापस आकर खुश हूं : चाहर

नई दिल्ली, एजेंसी। युवा तेज गेंदबाज दीपक चाहर को इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 14 करोड़ रुपए की बड़ी रकम लगाकर खरीदा है , जिससे वह उत्साहित हैं। सीएसके से मिली बड़ी रकम के बाद चाहर ने कहा कि जब नीलामी चल रही थी तब सभी उसे देख रहे थे। वहीं जब मेरी बोली 14 करोड़ रुपए के करीब पहुंची तो मैं सोचने लगा कि अब बोली इससे ज्यादा नहीं जानी चाहिए क्योंकि ऐसे में सीएके की टीम पीछे हट सकती थी और उन्हें किसी और टीम से खेलना पड़ता।

चाहर ने साथ ही कहा कि मैं पहले से ही सीएके



के लिए खेलना चाहता था और किसी और टीम के साथ खेलने की कल्पना भी नहीं कर सकता। एक समय मुझे लगा कि यह बहुत ज्यादा धन राशि है। सीएसके के खिलाड़ी होने के नाते मैं एक अच्छी टीम बनाना चाहता था जिससे हम और भी अच्छे खिलाड़ी खरीद पाएं। चाहर ने कहा कि मैं सीएसके में वापस आकर वास्तव में खुश हूं। मुझे नहीं लगता कि अब कोई अंतर होगा। जब मैं वापस जाऊंगा तो मुझे पिछले चार सालों में शायद पिछले छह सालों में वही चेहरे दिखाई देंगे क्योंकि इससे पहले मैंने पुणे की तरफ से भी खेला था और यही आधे खिलाड़ी उस टीम में थे।

## आर्चर को इस कारण मुम्बई ने बड़ी रकम देकर खरीदा

मुम्बई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 15 वें सत्र के लिए हुई नीलामी में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को चोटिल होने के बाद भी आठ करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर खरीदा है। इसको लेकर सभी हैरान हैं क्योंकि फिट नहीं होने के कारण आईपीएल में इस तेज गेंदबाज के खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। आर्चर पिछले काफी समय से चोट से जूझ रहे हैं, जिसके चलते क्रिकेट के मैदान से भी दूर है और उनके आईपीएल 2022 में खेलने की संभावना भी न के बराबर है। इसके बाद भी बेंगलुरु में हुई आईपीएल नीलामी में आर्चर के लिए फ्रेंचाइजियों ने आगे बढ़कर बोली लगायी।



आर्चर के लिए मुम्बई ने इतनी रकम इसलिए खर्च की क्योंकि उसे लगता है कि यह गेंदबाज फिट होते ही जसप्रीत बुमराह को एक बेहतरीन जोड़ीदार साबित होगा। मुंबई ने इस तेज गेंदबाज को नीलामी के दूसरे दिन खरीदा। मुंबई इंडियंस ने कहा कि हमने इन सब चीजों को ध्यान में रखा। पहले दिन के बाद जिस तरह से तेज गेंदबाजों को खरीदा गया था। ऐसे में आर्चर ही सूची में एकमात्र ह्यमार्कीह्ल तेज गेंदबाज बचे थे। इसलिये हमने उनके नाम पर पहले ही चर्चा कर ली थी. निश्चित रूप से जोफ्रा आर्चर इस साल उपलब्ध नहीं है पर फिट होने के बाद उनकी वापसी से टीम को बुमराह का अच्छा जोड़ीदार मिल जाएगा।

# दूसरों से दिखना है अलग तो ऐसे कैरी करें ज्वेलरी



फैशन और स्टाइल की दुनिया में हर वक्त कुछ नया देखने को मिलता है। कई बार पुराने स्टाइल को न्यू ट्रेंड्स में रीक्रिएट किया जाता है, तो कुछ लेटेस्ट ट्रेंड्स लोगों का दिल जीत लेते हैं। वहीं इन दिनों साधारण आउटफिट पर ट्रडिशनल ज्वेलरी का चलन बना हुआ है। शादियों के सीज़न में जहां साड़ी की मैचिंग ब्लाउज़ हों, स्कर्ट के साथ चोली या टॉप हो। सभी में डीप नेकलाइन पर फोकस किया जा रहा है, जिससे उसके साथ हैवी ट्रेडिशनल ज्वेलरी से लुक को कंप्लीट किया जा सके।

हाल ही में अभिनेत्री यामी गौतम ने गोल्ड ज्वेलरी को सिंपल कुर्ते पर फ्लॉन्ट किया था। वह फोटो काफी वायरल हुई थी। यामी का ओवरऑल लुक ट्रडिशनल था। तब से गोल्ड ज्वेलरी का ट्रेंड बन गया है। जरूरी नहीं कि गोल्ड ज्वेलरी के साथ आप पारंपरिक आउटफिट ही पहनें। साधारण सी ड्रेस पर भी आप गोल्ड ज्वेलरी के साथ प्ले कर सकती हैं।

> एक बार फिर से स्वीटहार्ट नेकलाइन की वापसी हुई है। अगर ब्राइडल ब्लाउज की बात हो तो यह नेकलाइन डिजाइन ट्रेंड कर रहा है। इस तरह के हार्ट शेप में बने नेक डिजाइंस पर गोल्ड, पर्ल वाले हैवी चोकर को पहना जा रहा है। कुंदन, बीड्स और स्वरास्की स्टोंस चोकर और नेकलेस भी फिर से लौटा है

### स्वीटहार्ट नेकलाइन

एक बार फिर से स्वीटहार्ट नेकलाइन की वापसी हुई है। अगर ब्राइडल ब्लाउज की बात हो तो यह नेकलाइन डिजाइन ट्रेंड कर रहा है। इस तरह के हार्ट शेप में बने नेक डिजाइंस पर गोल्ड, पर्ल वाले हैवी चोकर को पहना जा रहा है। कुंदन, बीड्स और स्वरास्की स्टोंस चोकर और नेकलेस भी फिर से लौटा है। डिज़ाइनर्स स्वीटहार्ट नेकलाइन की लेंथ 10 इंच तक डीप रख रहे हैं, जिसे ज्वेलरी से कवर किया जा रहा है।

### पोल्की ज्वेलरी

पोल्की ज्वेलरी सोने की फ्वॉइल का उपयोग करके बनाई जाती है, जिसे अनकट डायमंड से पेंट किया जाता है। यह रोशनी में आपकी खूबसूरती को और भी बढ़ाएगी। कुंदन ज्वेलरी की तुलना में यह अधिक महंगी होती है, क्योंकि इस तरह की ब्राइडल ज्वेलरी में ज्यादा सोने और हीरे होते हैं और यह पहनने पर भारी भी लगती है। इसे लहंगे, साड़ी, सूट या स्कर्ट के साथ जरूर पहनें।

### एंटीक सिल्वर ज्वेलरी

अगर आप डिफरेंट लुक चाहती हैं, तो एंटीक सिल्वर ज्वेलरी ले सकती हैं। कुंदन, पोल्की, गोल्ड या फिर अन्य ज्वेलरी की तुलना में यह यूनिक लुक देती है। वेडिंग सेरेमनी में खूबसूरत दिखने के लिए यह परफेक्ट पसंद है, आने वाले महीनों में इसका ट्रेंड बरकरार रहेगा। कुर्ते, शर्ट, साड़ी, गाउन, मैक्सी ड्रेस और लहंगे पर पहनें।

### डीप नेकलाइन पर ज्वेलरी

आजकल डिज़ाइनर्स डीप नेकलाइन पर हैवी ज्वेलरी से प्ले करते नजर आ रहे हैं। क्लीवेज छुपाने के लिए हेवी चोकर के साथ लॉन्ग नेकलेस का चलन जोरों से बढ़ता दिखा है। इस फेस्टिव सीज़न आप भी डीप नेक की ड्रेस पर ट्रडिशनल हेवी ज्वेलरी पहनना न भूलें। ●



# दुल्हन बनने वाली हैं तो इन बातों का रखें ध्यान

शादी की तैयारियों से लेकर फंक्शन्स तक दुल्हा दुल्हन को कई सारी चीजों से गुजरना पड़ता है। दुल्हन हमेशा अपने लुक्स को लेकर हमेशा टेंशन में रहती है कि आखिर उसके खास दिन पर उसका लुक कैसा होगा। लड़कियों को इस बात की चिंता भी मन ही मन सताती रहती है, कि ससुराल में उनका पहला दिन कैसा होगा। ऐसे में आप हम आपको बताने वाले है चार चीजों के बारे में जिनहें आपको अपने माइंड में हमेशा रखना चाहिए।

> इतनी सारी शॉपिंग में अक्सर हम छोटे सामानों को भूल जाते हैं। ऐसे में आप एक लिस्ट तैयार करें और फिर जो सामान खरीद लें उस पर टिक कर दें। इस तरह से शॉपिंग करना आपके लिए काफी आसान होगा

● अक्सर लड़कियां शादी से पहले इतनी ज्यादा टेंशन लेती है कि वह अपनी शादी के फंक्शन को एंजॉय ही नहीं करती है। हम समझते हैं कि शादी में टेंशन से दूर भागना मुश्किल होता है, लेकिन बेमतलब का तनाव लेना और चिंतित होना कुछ ऐसी चीज है, जिससे आपको बचना चाहिए। तनाव न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य पर बल्कि आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी भारी पड़ता है। आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं, साथ ही आपकी स्किन सुस्त हो सकती है और अपनी बनावट खो सकती है और आप अपने स्पेशल दिन पर बहुत ज्यादा डल दिख सकते हैं।

● आपको जो करना है उसे पहले ही कंपलीट करें। एंड के लिए चीजें छोड़ना आपके लिए मुश्किल भरा हो सकता है। अगर आप अपनी चीजों को बाद में करने के लिए छोड़ती रहेंगी तो एंड में ये आपके लिए चिंता का सबब बन जाएंगी। आप शादी से कुछ दिन पहले ही सभी चीजों को निपटाने की कोशिश करें।

● स्किन का ख्याल रखना आपके लिए किसी काम से कम नहीं है। अपने बिजी शेड्यूल के कारण लड़कियां स्किन पर बिल्कुल ध्यान नहीं देती। साथ ही बार-बार बाजार जाने के कारण आप खुद को हाईड्रेट भी नहीं रखती जिसकी वजह से शादी वाले दिन स्किन बेहद ही बेजान दिखाई देती है।

● इतनी सारी शॉपिंग में अक्सर हम छोटे सामानों को भूल जाते हैं। ऐसे में आप एक लिस्ट तैयार करें और फिर जो सामान खरीद लें उस पर टिक कर दें। इस तरह से शॉपिंग करना आपके लिए काफी आसान होगा ●

# आंखों में जलन और खुजली से पाएं राहत

लगातार बढ़ता प्रदूषण न सिर्फ हमारे फेफड़ों, दिल, दिमाग और त्वचा को प्रभावित करता है बल्कि इससे आंखों पर भी असर पड़ता है। स्मॉग से कई लोग आंखों में जलन, पानी और खुजली की शिकायत कर रहे हैं। ऐसे इसलिए क्योंकि प्रदूषण के छोटे-छोटे कण आंखों को भी इरिटेट करते हैं। साथ ही टेक्नोलॉजी ने जहां हमारी ज़िंदगी आसान बनाई है, वहीं इसके होने वाले नुकसान भी कई हैं।

सबसे बड़ा तो इसकी लत है, जिससे पीछा छुड़ाना बेहद मुश्किल है। जरूरत से ज्यादा लैप्टॉप, मोबाइल, टीवी का उपयोग आपकी आंखों को प्रभावित करता है। इससे आखों में जलन, खुजली, दर्द, थकावट और सिर की शिकायत होने लगती है।

आजकल वर्क फ्रॉम होम की वजह से हम सभी का काम बढ़ गया है।

लगातार स्क्रीन पर देखने से ड्राई आइज़ की समस्या बेहद आम हो गई है। जिस तरह हमारे शरीर को आराम की जरूरत होती है, उसी तरह आंखों को भी आराम की जरूरत होती है।

### क्या है ड्राई आइज़?

आंखों का सूखापन या ड्राई आई डिज़ीज़ (DED) तेज़ी से बढ़ रही आंखों की समस्या है। डीईडी तब होता है जब मीबोमियन और लैक्रिमल ग्रंथियां पर्याप्त तेल और पानी के तरल पदार्थ उत्पन्न करने में विफल हो जाती हैं, या दूसरे शब्दों में कहें तो जब आप अपनी आंखों को चिकनाई और पोषण देने के लिए पर्याप्त गुणवत्ता वाले आंसू नहीं पैदा करती हैं। उचित मात्रा में आंखों में आंसु पैदा नहीं होने के चलते आंखों में नमी कम हो जाती है, जिसके चलते आंखों से संबंधी कई तरह की समसम्याओं का सामना करना पड़ात है। ड्राई आई डिज़ीज़ आंखों की एक बहुत ही कष्टकारक समस्या है।

### डीईडी पर वायु प्रदूषण के प्रभाव

नेत्र विशेषज्ञों की मानें, तो आंखों में एलर्जी और इससे संबंधित अन्य समस्याओं का प्रमुख कारण हवा में धूल और धुआं की मात्रा अधिक होना है। बढ़ते प्रदूषण के कारण आंखों में सूखापन और नेत्र संबंधी एलर्जी की घटनाएं बढ़ रही हैं। हम सभी जानते हैं कि हमारी आंखें हमारे स्वास्थ्य का द्वार होती हैं और हम जो कुछ भी अनुभव करते हैं उसका लगभग 80% हमारी दृष्टि के माध्यम से होता है। चूंकि यह एक संवेदनशील अंग है जिसमें पर्यावरण का संपर्क अन्य अंगों की तुलना आसानी से हो जाता है। वहीं दूसरी ओर, हवा में पैदा होने वाले दूषित पदार्थ आंखों में गंभीर जलन से लेकर लगातार बेचैनी तक पैदा करते हैं।

### आंखों में सूखेपन के क्या कारण हैं



शार्प साईट आई हॉस्पिटल्स में सीनियर कंसल्टेंट, डॉ. सौम्या शर्मा, का कहना है कि आहार में पोषक तत्वों की कमी और ख़राब लाइफस्टाइल के साथ ही ऐसे कई कारण हैं जिसकी वजह से आंखों में सूखेपन की समस्या हो जाती है। जैसे, अत्यधिक कंप्यूटर का उपयोग, कॉन्टैक्ट लेंस का उपयोग, धूम्रपान करना, स्वास्थ्य जटिलताएं और एलर्जी सहित ऐसे कई कारण हैं, जो आपकी आंखों को ड्राई कर सकते हैं।

### आंखों के सूखेपन का उपचार

शार्प साईट आई हॉस्पिटल्स में सीनियर कंसल्टेंट, डॉ. हेम शाही का कहना है कि डीईडी एक पुरानी और आम बीमारी है। इसका इलाज में लक्षणों को नियंत्रित किया जाता है। कंप्यूटर, मोबाइल, टैब, टीवी के ज्यादा उपयोग से होने वाली ड्राई आइज़, के लिए ड्राई आई थेरेपी का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें आर्टिफिशियल आंसू या अन्य चिकनाई वाली आई ड्रॉप के नियमित उपयोग से आराम मिल सकता है। इसके अलावा डाइट्री सप्लीमेंट्स जैसे ठंडे पानी वाली मछली जैसे सैल्मन, सार्डिन, हेरिंग, कॉड, और ओमेगा -3 फैटी एसिड में उच्च अलसी के तेल जैसे डाइट्री सप्लीमेंट्स भी डीईडी में मददगार साबित हो सकती हैं। आंखों में संक्रमण या एलर्जी होने पर, आंखों की ठंडी सिकाई, अच्छा धूप का चश्मा, लुब्रिकेटिंग आई ड्रॉप का उपयोग किया जा सकता है। अगर आप कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं, तो इन्हें तब तक न पहनें जब तक आंखें पूरी तरह से ठीक न हो जाएं। इसके अलावा, ज़रूरी विटामिन और मिनरल्स से भरपूर डाइट लेना, स्वस्थ रहना, धूम्रपान छोड़ना, हाथों की सफाई बनाए रखना और अपने परिवार के इतिहास का अध्ययन करना ज़रूरी है, क्योंकि कुछ आंखों के विकार आनुवंशिक होते हैं, इससे आपको जल्दी सावधानी बरतने में मदद मिलेगी। नियमित रूप से आंखों के डॉक्टर से संपर्क करें। ●

## आज की रेसिपी

# झोल मोमोज



आपने आज तक मोमोज की कई वैरायटी का स्वाद चखा होगा लेकिन क्या आपने कभी नेपाली फूड डिश झोल मोमोज़ ट्राई किया है। जी हां, यह एक फेमस नेपाली स्ट्रीट फूड डिश है। झोल मोमोज़ एक सूप बेस डिश है जिसमें मेन इन्ग्रेडिएंट्स चिकन, टमाटर, प्याज और मसाले होते हैं। तो इस सर्दी ठंड को दूर भगाने और स्वाद का मजा दोगुना करने के लिए ट्राई करें टेस्टी झोल मोमोज़ रेसिपी।

**सामग्री**

- कीमा किया हुआ चिकन
- मैदा – 1/2 कप
- टमाटर प्यूरी – 1/2 कप
- लहसुन – 1 टेबल स्पून
- काली मिर्च – 1 टी स्पून
- हल्दी – 1 टी स्पून
- लाल मिर्च – 1 टी स्पून
- तेल – 1 टेबल स्पून
- नमक – 1 टी स्पून
- अदरक – 1 टेबल स्पून

**विधि**

- झोल मोमोज बनाने के लिए सबसे पहले कीमा किया हुआ चिकन में लहसुन और मसाला डालकर अच्छी तरह मैश कर लें। जब सारी चीजें अच्छी तरह से मिक्स हो जाए तो इन्हें अलग रख दें। अब मोमोज बनाने के लिए मैदा में नमक और थोड़ा सा तेल डालकर आटा गूंथ लें। ध्यान रखें मोमोज बनाने के लिए आटा नरम ही रखें।
- अब आटे की लोइयां बनाकर रोटी की तरह पतली गोलाकार बेलकर इसमें बीच में तैयार की हुई फिलिंग को भर दें। इस तरह एक-एक करके सारे मोमोज बना लें। अब इन तैयार मोमोज को भाप में पकाएं। इसके लिए आप मोमोज बनाने के पॉट का इस्तेमाल कर सकते हैं। अब मोमोज के लिए झोल बनाने की शुरुआत करें।
- झोल के लिए सबसे पहले टमाटर की प्यूरी को पकाएं। जब वह पकने लगे तो उसमें अदरक, लाल मिर्च, हल्दी, काली मिर्च डालकर अच्छी तरह चमचे से मिला लें। झोल के गाढ़ा होने पर इसमें पानी डालकर एक बार फिर अच्छी तरह से उबाल आने दें। अब तैयार झोल को एक बड़े बाउल में निकालकर ऊपर से मोमोज डाल दें। आपका टेस्टी मोमोज झोल सर्व करने के लिए तैयार है।

# बीमारियों का बेहतरीन इलाज है सिंघाड़ा

सर्दी का मौसम खाने-पीने के लिहाज़ से बेहद बढ़ियां होता है। इस मौसम में बेशुमार फल और सब्जियां पाई जाती है। सर्दी के मौसम में पाया जाने वाला सिंघाड़ा एक ऐसा फल है, जो सेहत के लिए बेहद उपयोगी है। विटामिन-ए, सी, मैंगनीज, थायमाइन, कर्बोहाईड्रेट, टैनिन, सिट्रिक एसिड, रीबोफ्लेविन, एमिलोज, फास्फोराइलेज, एमिलोपैक्तीं, बीटा-एमिलेज, प्रोटीन, फैट निकोटेनिक एसिड जैसे पोषक तत्वों से भरपूर सिंघाड़ा सर्दी में सेहत को ठीक रखता है। एंटी-ऑक्सिडेंट गुणों से भरपूर सिंघाड़ा सर्दी में होने वाली गले की खराश और टॉन्सिल का बेहतरीन इलाज है। यह सर्दी में होने वाली कई बीमारियों को दूर करता है। रात को नींद नहीं आती तो सिंघाड़ा का सेवन कीजिए।

### अस्थमा के मरीजों के लिए बेहद उपयोगी है

अस्थमा के मरीजों के लिए सिंघाड़ा बेहद फायदेमंद है। इसे खाने से सांस से संबंधित समस्याओं का उपचार होता है।



### ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है

सिंघाड़ा का सेवन करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है। हाई ब्लड प्रेशर कई परेशानियों का कारण बन सकता है।

सिंघाड़ा हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करके दिल को सेहतमंद रखता है।

### दर्द का बेहतरीन उपचार है

बॉडी के जिस हिस्से में दर्द हो वहां पर सिंघाड़े का पेस्ट लगाने से दर्द से आराम मिलता है। सिंघाड़ा स्किन को हाइड्रेट रखता है, इसे खाने से फटी एड़ियों में भी राहत मिलती है।

### हड्डियों को मजबूत करता है

सिंघाड़े में भरपूर मात्रा में कैल्शियम मौजूद होता है, जो हड्डियों के लिए बेहद उपयोगी है। सिंघाड़े खाने से शरीर में कैल्शियम की मात्रा बढ़ जाती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार है।

### वजन को कंट्रोल रखता है

सिंघाड़ा का सेवन करने से वजन कंट्रोल रहता है। इसमें मौजूद लो कैलोरी और प्रचुर मात्रा में फाइबर वजन कम करने के लिए बेहतरीन कॉम्बिनेशन है।

### प्रेग्नेंसी में बेहद असरदार है

प्रेग्नेंसी के दौरान सिघाड़े का सेवन करने से महिला और उसके बच्चे की सेहत अच्छी रहती है। ●

# इन चीजों का सेवन कर पाएं लंबी उम्र

बदलते लाइफस्टाइल और खान-पान ने ना सिर्फ हमारी सेहत को खराब कर दिया है बल्कि हमारी उम्र भी छोटी कर दी है। लम्बी उम्र जीना चाहते हैं तो उसके लिए सिर्फ बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद काफी नहीं है, बल्कि आपकी डाइट उसमें बेहद उपयोगी है। कई रिसर्च में यह बात सामने आई है कि लोगों की घटती उम्र के लिए उनका लाइफस्टाइल और डाइट जिम्मेदार है। हेल्दी डाइट में ज्यादातर सब्ज़ियां, फल और साबुत अनाज, हेल्दी फैट और हेल्दी प्रोटीन खाने चाहिए। इसके साथ ही मीठी चीजों से दूरी बनाएं। आइए जानते हैं ऐसी कौन सी चीजें हैं जो आपको लंबे समय तक जिंदा रखने में मदद करती हैं।

### अनार का करें सेवन

लंबी उम्र जीना चाहते हैं, तो अनार को अपनी डाइट में शामिल करें। अनार में विटामिन A, C, E और आयरन जैसे मिनरल्स पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए उपयोगी हैं। अनार में एंटी-वायरल और एंटी-ट्यूमर तत्व भी मौजूद होते हैं। अनार में मौजूद माइटोकांड्रिया मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग करता है।

### शहद का सेवन करें

शहद में लम्बी उम्र का राज छुपा है। शहद खाने से शरीर के टॉक्सिन्स बाहर निकल जाते हैं, साथ ही इम्यूनिटी भी इम्प्रूव होती है। शहद में ऐसे कई पोषक तत्व मौजूद हैं, जो कैंसर और दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करता हैं।

### कच्चा केला जरूर खाएं

कच्चा केला सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। कच्चे केले में एक प्रकार का प्रीबायोटिक होता है, जो पेट में मौजूद हेल्दी बैक्टीरिया के लिए खाना उपलब्ध कराता है।

### फर्मेंटेड फूड्स को करें डाइट में शामिल

फर्मेंटेड फूड में प्रोबायोटिक्स, एंटीऑक्सीडेंट और एंटीमाक्रोबियल प्रॉपर्टीज होती हैं, जो लम्बी उम्र के लिए जरूरी है। ●

# फटते और सूखते हैं लिप्स? तो आज से ही फॉलो करें ये टिप्स



सर्दियों का मौसम शुरू होते ही स्किन तो ड्राई होना शुरू हो ही जाती है, लेकिन होठों के फटने और सूखने की समस्या ज्यादा गंभीर हो जाती है। कई लोगों को ये समस्या इतनी ज्यादा हो जाती है कि उनके होठों से खून बहने लगता है। ऐसा इसलिए होता है कि लोग होठों की डेड स्किन को जबरदस्ती निकालते हैं। ऐसे में कितना भी लिप बाम क्यों न लगा लिया जाए, होठ सॉफ्ट होते ही नहीं हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने वाले हैं जिसकी मदद से आप फटे होठों से छुटकारा पा सकते हैं।

### डेड स्किन करें रिमूव

होठों को हेल्दी और सॉफ्ट बनाने के लिए आपको डेड स्किन को हटाने की जरूरत है। इसके लिए आपको न तो इन्हें आपको अपने दातों से चबाना है और न ही अपने हाथ से हटाना है। इसे रिमूव करने के लिए ऐपको दो चम्मच बेकिंग सोडा में एक चम्मच पानी मिलाना है। इसे अच्छे से मिलाकर एक पेस्ट तैयार करें। फिर इसे होठों पर लगाकर उंगलियों की मदद से रब करें। फिर पानी से होठों को धोएं और टिशू से साफ करें। फिर होठों पर ऑलिव ऑयल लगाएं। ऐसा करने से होठों से डेड स्किन हट जाएगी।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

● कई लोगों में होठों को बार-बार हाथ लगाने की आदत होती है। ऐसा करने से होठों के फटने की समस्या और ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में आप ऐसा न करें। इसके अलावा होठों पर बार-बार हाथ लगाने से सूजन और खुजली भी हो सकती है।

● कई लोग होठों पर जीभ फेरते हैं, ऐसा करने से लिप्स और भी ज्यादा फटने लगते हैं। अगर आपकी ऐसी आदत है तो ऐसा करना बंद कर दें।

● ठंड के मौसम में लोग पानी पीना कम कर देते हैं। होठ फटने और सूखने का ये भी एक कारण हो सकता है। होठों की स्किन पर पानी और नमी की कमी हो जाती है। ●

# छरहरी काया के साथ ही दिमागी सुकून भी देती है डांस थेरेपी

पूरी दुनिया में हर समुदाय के लोग सदियों से नाच-गाकर अपनी खुशी जाहिर करते आ रहे हैं। पारंपरिक रूप से नाचने को हर्ष- उल्लास की अभिव्यक्ति का सबसे सरल और सशक्त माध्यम माना जाता था, लेकिन अब डांस का उपयोग प्रतिभा के रूप में ही नहीं बल्कि मानसिक रोगों के उपचार के लिए भी किया जा रहा है।

इस बारे में एक रिसर्च की गई। जिसमें शामिल अमेरिका की कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों का कहना है कि आजकल यह थेरेपी शरणार्थियों का तनाव और अवसाद दूर करने में भी मददगार साबित हो रही है। रिसर्च के मुताबिक डांस के दौरान व्यक्ति खुश रहता है, जिससे उनके ब्रेन से डोपामिन हॉर्मोन का सिक्रीशन तेजी से होता है, जो खुशी का एहसास दिलाकर चिंता, उदासी, तनाव और दर्द को दूर करता है।

> डिप्रेशन और एंग्जाइटी के मरीजों पर नृत्य का सकारात्मक प्रभाव नजर आ रहा है। इससे संबंधित क्लिनिकल रिसर्च के बाद यह रोचक तथ्य भी सामने आया कि डांस से जुड़ी शारीरिक गतिविधियां ऑटिज्म जैसी मानसिक दुर्बलता से पीड़ित बच्चों और डिमेंशिया जैसे मनोरोगों से जूझ रहे बुजुर्गों को भी काफी राहत देती हैं। अगर दवाओं के साथ इस थेरेपी का भी उपयोग किया जाए तो लोगों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होता है

### ऑटिज्म और डिमेंशिया में भी फायदेमंद

डिप्रेशन और एंग्जाइटी के मरीजों पर नृत्य का सकारात्मक प्रभाव नजर आ रहा है। इससे संबंधित क्लिनिकल रिसर्च के बाद यह रोचक तथ्य भी सामने आया कि डांस से जुड़ी शारीरिक गतिविधियां ऑटिज्म जैसी मानसिक दुर्बलता से पीड़ित बच्चों और डिमेंशिया जैसे मनोरोगों से जूझ रहे बुजुर्गों को भी काफी राहत देती हैं। अगर दवाओं के साथ इस थेरेपी का भी उपयोग किया जाए तो लोगों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होता है। कैलोरी बर्न करने के लिए तो डांस को कारगर माना ही जाता था लेकिन अब दिमागी सुकून और शांति के लिए भी यह प्रभावी माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

### एक्सपर्ट की राय

केवल डांस ही नहीं बल्कि हर कला तनाव दूर करने में मददगार होती है। डांस और म्यूजिक के साथ व्यक्ति हर तरह की चिंता से दूर हो जाता है। संगीत के साथ ब्रेन पॉजिटिव ढंग से रिएक्ट करता है। ●

